रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | श्रावण शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 19 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 197, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




**येन बद्धो बलिराजा दानवेंद्रो महाबल:।**
**तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे माचल माचल:॥**

जिस रक्षासूत्र से महान दानी राजा बलि को बांधा गया था, उसी रक्षासूत्र से मैं तुझे बांधता/बांधती हूं। हे रक्षे (रक्षासूत्र)! तू अपने संकल्प से कभी भी विचलित न होना।

*रक्षाबंधन भाई-बहन के अनंत प्यार का लौकिक उत्सव है। लेकिन, पौराणिक कथाओं के अनुसार, राखी या रक्षासूत्र केवल बहन ही भाई को नहीं बांधती हैं। यह कोई भी व्यक्ति हो सकता है। भारतीय संस्कृति में रक्षासूत्र विजयश्री के लिए बांधा जाता है, जैसे देवासुर संग्राम में इंद्राणी ने इंद्र की कलाई पर रेशम का धागा बांधा था। किसी भी व्यक्ति को कोई भी महिला रक्षासूत्र बांध सकती है, जैसे महालक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांध अपने पति महाविष्णु को बली को दिए वचन से मुक्त करा लिया था। यह भी कहा जाता है कि राजपूत जब युद्ध में जाते थे, तब विजय प्राप्त करने के लिए महिलाएं उनके हाथ में रेशम का धागा बांधती थीं। एक कहानी के अनुसार, मेवाड़ की रानी कर्मावती ने बादशाह हुमायूं को राखी भेज बहादुरशाह के आक्रमण से अपने राज्य को बचाया था।*



## बुलंदशहर में भीषण सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 29 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस और मैक्स गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद की कंपनी में कार्यरत लोग रक्षाबंधन पर्व पर घर जा रहे थे। इसी दौरान वे हादसे के शिकार हो गए। एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि बुलंदशहर और सलेमपुर रोड पर रविवार को दिन में करीब 10:30 बजे सड़क हादसा हुआ।

## रक्षाबंधन का चंद्रमा होगा सुपर ब्लूमून

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए रक्षाबंधन का पर्व खास होने जा रहा है। आज की शाम को आसमान में सावन पूर्णिमा का चंद्रमा सुपरमून के रूप मे दिखने जा रहा है। यह आम पूर्णिमा के चंद्रमा से ज्यादा बड़ा और अधिक चमकदार होगा। यह साल 2024 का पहला सुपरब्लूमून होगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने रविवार को बताया कि पृथ्वी के चारों ओर अंडाकार पथ में परिक्रमा करता पूर्णिमा का चंद्रमा पास के बिंदु पर होता है, तो चंद्रमा बड़ा और चमकदार दिखता है। इसे सुपरमून कहते हैं। सोमवार को चंद्रमा 3 लाख 61 हजार 969 किलोमीटर की दूरी पर रहते हुए पृथ्वी से नजदीक होगा।

### आज | कल




### हेमंत ने रक्षाबंधन पर राज्य की बहनों को दी बड़ी सौगात

# पाकुड़ से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ

- *81 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में भेजी गई सम्मान राशि*
- *सभी पात्र महिलाओं के बैंक खाते में हर वर्ष 12 हजार रुपये भेजे जाएंगे*




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन विशेष कर राज्य की बहन-बेटियों के लिए शुभ और ऐतिहासिक दिन है। राज्य की आधी आबादी को उनकी सरकार इस रक्षाबंधन त्यौहार के पावन अवसर पर 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की सौगात दे रही है। इस योजना के तहत अब 21 वर्ष से 50 वर्ष की उम्र तक की पात्र महिलाओं को राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक माह के 15 तारीख तक एक हजार रुपये सम्मान राशि उनके बैंक खाते में भेजेगी। सभी पात्र महिलाओं के बैंक खाते में हरेक वर्ष 12 हजार रुपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो उनकी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ गांव-गुरबा के लोग बखूबी ले रहे हैं, लेकिन राज्य की नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक विशेष योजना की जरूरत थी, जिसे 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के रूप में आज पाकुड़ जिला की इस धरती से आपसभी लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को गायबथान महेशपुर, पाकुड़ में **शेष पेज 11 पर**

### गांव-गांव, घर-घर पहुंचाई गई राज्य सरकार की योजनाएं

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के उत्थान और सर्वांगीण विकास लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का काम किया है। राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर दिखाया है। सीएम ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम चलाकर झारखंड के एक-एक गांव, एक-एक घर तक उनकी सरकार अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं की पोटली लेकर पहुंची है। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा है। राज्य सरकार ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए हमेशा जन कल्याण के लिए संकल्पित भाव से काम किया है। राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीति निर्धारण के साथ-साथ राज्यहित में अनेक अहम फैसले लिए हैं जिससे झारखंड को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में शुमार किया जा सके।

### कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया, 20 को होगी सुनवाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में स्वत: संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच 20 अगस्त (मंगलवार) को सुनवाई करेगी। ज्ञात हो कि इस मामले को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। तमाम अस्पतालों के डॉक्टरों ने इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी कहा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके अलावा घटना के कारणों की भी जांच हो और डॉक्टरों की सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव रहस्यमय परिस्थितियों में मिला था। वह अस्पताल में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा थी और चेस्ट मेडिसिन विभाग में हाउस स्टाफ के रूप में भी काम कर रही थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने आपातकालीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर उनका शव देखा था। इस मामले में सीबीआई जांच कर रही है। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित होगी



डॉक्टरों के विरोध को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय द्वारा एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। यह आश्वासन फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों के साथ मुलाकात के बाद आया।

## ये लोग घर फोड़ने और पार्टी तोड़ने का काम करते हैं : हेमंत

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री झामुमो नेता चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कयासों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'ये लोग गुजरात, असम, महाराष्ट्र से लोगों को लाकर आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के बीच जहर बोने का काम, एक दूसरे से लड़ाने का काम करते हैं। समाज तो छोड़िए, ये लोग घर फोड़ने और पार्टी तोड़ने का काम करते हैं। आए दिन कभी इस विधायक को खरीद लेंगे, कभी उस विधायक को खरीद लेंगे। और, पैसा ऐसी चीज है कि नेता लोगों को भी इधर-उधर जाने में देर नहीं लगती है। खैर कोई बात नहीं, हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार 2019 से लगातार जनता के बीच खड़ी है। सूत्रों के अनुसार, चंपाई सोरेन के साथ जिन छह झामुमो विधायकों के बागी होने की संभावना जताई जा रही है, उनमें दशरथ गगराई, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, लोबिन हेम्ब्रम और समीर मोहंती शामिल हैं।

# सीएम रहते हुए मेरा बहुत अपमान हुआ मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं : चंपाई

### पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर बयां किया अपना दर्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सियासी अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया हैं। उन्होंने कहा है कि आज समाचार देखने के बाद आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। चंपाई ने कहा कि पिछले चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में, मैं पहली बार, भीतर से टूट गया। समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं? दो दिन तक चुपचाप बैठ कर आत्ममंथन करता रहा। पूरे घटनाक्रम में अपनी गलती तलाशता रहा। सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था, लेकिन आत्मसम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता? अपनों द्वारा दिए गए दर्द को कहां जाहिर करता? चंपाई ने कहा कि अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर रहा या नहीं लेकिन हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा। उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। चंपाई ने कहा कि 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना। अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तीन जुलाई तक मैंने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ राज्य के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान हमने जनहित में कई फैसले लिए और हमेशा की तरह हर किसी के लिए सदैव उपलब्ध रहा। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों एवं समाज के हर तबके तथा राज्य के हर व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए हमने जो **शेष पेज 11 पर**

## झामुमो के संस्थापक सदस्य रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई



**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के दिल्ली में होने के साथ भाजपा में उनके शामिल होने के कयासों और रविवार को सोशल मीडिया पर उन्होंने जो दर्द बयां किया है, उससे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में उनकी स्थिति के बारे में मन में प्रश्न उठना स्वाभाविक है। तो, यहां यह जान लेना जरूरी है कि चंपाई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। चंपाई सोरेन का जन्म 11 नवंबर 1956 को झारखंड के सरायकेला खरसांवा जिले के गम्हरिया प्रखंड में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई की है। झारखंड राज्य गठन के आंदोलन में वे शिबू सोरेन के निकट सहयोगी रहे हैं। झारखंड विधानसभा में वे सरायकेला सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे इस सीट से सात बार विधायक रहे हैं। चंपाई सोरेन के पिता का नाम सेमल सोरेन था, जो किसान थे। वर्ष 2020 में 101 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। चंपाई सोरेन छह भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर हैं। उनकी मां का नाम माधो सोरेन था, जो गृहिणी थीं। चंपाई सोरेन **शेष पेज 11 पर**

## चंपाई की पोस्ट से झामुमो सकते में

- चंपाई की दिल्ली यात्रा से झामुमो में टूट की चर्चा
- **भाजपा में शामिल होने पर पत्ते नहीं खोले**



**सुनील बादल**

**रांची।** झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले सभी दलों की तरफ से चुनावी दाव पेंच चले जा रहे हैं। इधर, राज्य की राजनीति में इस बात की काफी चर्चा है कि क्या झामुमो के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बीजेपी का दामन थाम लेंगे? कोलकाता होते हुए अचानक दिल्ली पहुंचे चंपाई सोरेन ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, पर सोशल मीडिया पोस्ट से अपने अपमान की बात आम जनता के सामने रखकर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। उल्लेखनीय है कि कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन ने झामुमो की स्थापना के समय से गुरुजी शिबू सोरेन का साथ दिया है और पार्टी के सभी नेता उन्हें गुरुजी के बाद सबसे प्रतिष्ठित नेता मानते हैं। हेमंत सोरेन की पांच महीने की जेल यात्रा के समय उनकी पत्नी कल्पना सोरेन हमेशा उन्हें चाचाजी ही कहा करती थीं और अब भी झामुमो अपनी प्रतिक्रिया संभल कर दे रहा है। पर, अपने घर और एक्स हैंडल से झामुमो का झंडा हटाकर चंपाई ने बड़ा संकेत दे दिया है।

बताया जा रहा है कि चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नाराज चल रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोट्र्स में तो यह भी खबर है कि वे झारखंड में सक्रिय असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा के संपर्क में हैं और जल्द ही गृह मंत्री अमित शाह से उनकी मुलाकात होने की चर्चा बताई जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की खबर का झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने खारिज किया है और इसे भाजपा की अफवाह और साजिश बताया है। वहां से भाजपा के उम्मीदवार रहे कुणाल षाड़ंगी भी भाजपा छोड़ चुके हैं और अभी देवी शंकर दत्ता (काबू दा) जो पूर्व में कांग्रेस में थे, भाजपा से टिकट की आस लगाए हैं।

**बीजेपी की तरफ से चंपाई की होती रही है तारीफ :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर पूर्व भाजपा रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि चंपाई सोरेन एक अच्छे मुख्यमंत्री के तौर पर झारखंड की सेवा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे एक ईमानदार और जननेता हैं। विधायक दल के नेता अमर बाउरी सहित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पूर्व में उनकी प्रशंसा कर चुके हैं। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का एक बयान भी चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने गुजरात, महाराष्ट्र से आकर पैसे के **शेष पेज 11 पर**

### इंडिया

# भारत में पारंपरिक राखी, रेप और राजनीति





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**ध**र्म के रूप में अघोषित संविधान का पालन करने वाले भारत में भी बलात्कार नया नहीं है कीचक बध, दु:शासन जैसे उदाहरणों से स्पष्ट है कि समाज महिला के सम्मान से कभी समझौता नहीं करता था और स्वयंवर से लेकर गंधर्व विवाह जैसे विवाह के अवसर बताते हैं कि महिलाओं को समानता ही नहीं विशिष्ट स्थान प्राप्त था। आज भी किसी महिला का अपमान भीड़ बर्दाश्त नहीं कर पाती और कमजोर से कमजोर आदमी भी अपनी महिलाओं के सम्मान से आसानी से समझौता नहीं कर पाता। झारखंड में भी कड़ी धूप में या जंगल खदानों में कठोर परिश्रम करने वाली आदिवासी या दलित महिलाएं भी देह व्यापार जैसे कामों को घृणित मानती हैं और मरते दम तक बलात्कार का विरोध करती हैं। पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार लगभग 94 प्रतिशत बलात्कार के मामलों में पड़ोसी, मित्र सहपाठी से लेकर रिश्तेदार शामिल होते हैं। 2017 से 2022 के बीच हिरासत में रेप के 270 से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए । इन रेप केस के अपराधियों में पुलिस कर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य, जेलों, रिमांड होम, हिरासत के स्थानों और अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। निभार्या मामले के व्यापक होने पर पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी भी आई। 2022 में ऐसे 24 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में 26, 2020 में 29, 2019 में 47, 2018 में 60 और 2017 में 89 मामले दर्ज किए गए। पुलिस की हिरासत या अस्पताल के अंदर सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन शोषण के लिए करते हैं। पुलिस अधिकारियों पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली पीड़िताओं की तरह डरी हुई अन्य महिलाओं से कनिष्ठ पुलिस अधिकारी, यहां तक कि महिला कांस्टेबल भी जिस तरह बात करते हैं, उससे पता चलता है कि उनके मन में उन लोगों के लिए कोई सहानुभूति नहीं है। समाज भी पीड़िता के चरित्र पर सवाल उठाता रहा है। 2012 में निर्भया गैंगरेप के नाम से जाने जाने वाले दिल्ली के बलात्कार और हत्या के मामले के बाद केंद्र सरकार ने कानूनी प्रक्रिया में बड़े बदलाव किए थे मानसिकता नहीं बदली है।एनसीआरबी) के मुताबिक उस हमले के समय भारत में साल भर में बलात्कार के करीब 25,000 मामले रिपोर्ट किए जा रहे थे जबकि बाद में हर साल 30,000 से ज्यादा मामले दर्ज कराए जा रहे हैं। 2016 में तो बलात्कारों का सालाना आंकड़ा 39,000 तक पहुंच गया था। बावजूद इसके कि सरकार ने सजा और कड़ी कर दी है। अब बलात्कार के लिए न्यूनतम सजा 10 साल जेल है। अधिकतम सजा है आजीवन कारावास और अगर पीड़ित 12 साल से कम उम्र की हो तो मौत की सजा का प्रावधान है।फास्ट-ट्रैक अदालतें बनाई गई हैं और ऐसे अपराधों के लिए 16 साल से ऊपर के मुल्जिमों पर भी वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का प्रावधान भी लाया गया है। रेप के मामलों में एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2018 से 2022 के बीच बलात्कार के मामलों में दोष साबित होने की दर 27 से 28 प्रतिशत थी।दूसरे कारण में भारत की दोहरी छानबीन प्रक्रिया है जिसे पुलिस के बाद अदालत दुहराती है और केस का नंबर आने में वर्षों लग जाते हैं जबकि पिता को लड़की की शादी करनी होती है और परिवार की दूसरी बच्चियों की शादी टूटने का डर रहता है। पुलिस के साथ समाज भी मामले को रफा दफा करने का दबाव डालता है। दुर्गा जी पूजा के लिए मशहूर बंगाल में गरीब महिलाओं की स्थिति बदतर है और कोलकाता सहित अनेक शहरों में वेश्यावृति ने उद्योग का रूप ले लिया है। राखी बंधवाने वाले अनेक भाई भी आज राजनीतिक कारणों से कोलकाता कांड पर चुप्पी साधे हुए हैं देश में कुछ ऐसे नेता हैं जिन्हें महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बोलना पसंद तो है लेकिन अपनी अपनी सियासत के सांचे में फिट बैठे तो। कुछ पश्चिम बंगाल पर जो बोलेंगे वो यूपी पर चुप रहेंगे, जो यूपी में सवाल उठाएंगे, वो बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल, दिल्ली पर चुप्पी साध लेंगे। ऐसे में महिला मुख्यमंत्री हो या पुलिस कप्तान अस्पताल और घरों के अंदर बलात्कार कैसे रुकेंगे? डॉक्टर एयरपोर्ट की तरह सुरक्षा मांग रहे हैं पर अस्पताल के अंदर हत्या और बलात्कार के आरोपी को बचा कौन और क्यों रहा है?



# रूस में 7.0 तीव्रता के भूकंप के बाद फटा ज्वालामुखी

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के पूर्वी तट पर आए 7.0 तीव्रता वाले भूकंप के बाद कामचटका क्षेत्र में स्थित शिवलुच ज्वालामुखी फट गया है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस ने रूसी विज्ञान अकादमी की सुदूर पूर्वी शाखा के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान का हवाला देते हुए बताया कि भूकंप की तीव्रता तेज होने के कारण ज्वालामुखी फटा है और इससे राख और लावा निकल रहा है। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के हवाले से कहा गया है, शिवलुच ज्वालामुखी में विस्फोट शुरू हो गया है, समुद्र तल से 8 किलोमीटर ऊपर तक ज्वालामुखी से निकली राख दिखाई दे रही है। दरअसल, शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) कामचटका के पूर्वी तट से दूर एक समुद्री क्षेत्र में 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 50 किलोमीटर की गहराई पर आया। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने शुरूआत में सुनामी का खतरा जारी किया था, लेकिन बाद में कहा कि यह खतरा टल गया है। हालांकि, रूसी आपात मंत्रालय ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। भूकंप के बाद प्रशांत महासागर में कामचटका के पास 3.9 से 5.0 की तीव्रता वाले कई झटके महसूस किए गए। मंत्रालय के हवाले से टीएएसएस ने बताया कि इनमें से ज्यादातर झटके जमीन पर महसूस नहीं किए गए।

## एक नजर

### मांडर में इस्लाहे मुआशरा कार्यक्रम का आयोजन

**मांडर।** प्रखण्ड में रविवार को इस्लाहे मुआशरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करना है। हमे फिजूलखर्ची से बचना है। दीन के रास्ते पर चलकर हम बुराइयों से बच सकते हैं। यह प्रोग्राम मजलिस ओलमा झारखंड के तरफ से किया गया था। इस प्रोग्राम का मकसद समाज में जितने भी किस्म के गलत रिवाज है जैसे शराब , जुआ, नशा , जहेज ,शादी विवाह में फिजुल खर्ची इन सब चीजों से दूर रहने की बात की गई। मांडर प्रखण्ड अंजुमन कमिटी के सदर नूरुल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि मांडर में इस तरह के आयोजन करके लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मौके पर सरताज अंसारी, मौलाना साबीर कासमी, अदनान अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### किसानों ने की नहर की सफाई

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन लोटा किता नहर की सफई आम ग्रामीण किसानों के द्वारा श्रमदान से की गई। जिसमें विकाश महतो, शत्यावन महतो, लंबू महतो, रवि लाल महत मास्टर, सुभाष महतो, गौर महत, मंटू महतो, ओना महतो, बुधु महतो, सुभाष पाण्डेय, उपेंद्र महतो, सुनील महतो, मंगल महतो, भृगु राम महतो मास्टर, अजीत महतो, मनकू महतो,अरबीन महतो, राजेन महतो, दीगम महतो, तुलसी महतो, सुभाष महतो जीतू महतो, युगल किशोर महतो, राम प्रसाद महतो, संदीप महतो, राजेन महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, खगेन मुंडा एवम लोटा, मोदीडीह, गढ़ापार, केंदवाडीह, हेरलाबेड़ा, सुरगुंजाडीह इत्यादि गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

### वज्रपात से पांच बकरियों की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पंचायत बंता हजाम दक्षिणी के हजाम गांव में लगभग 10:30 बजे वज्रपात हुई। इससे बुद्धदेव पातर मुंडा की पांच बकरियों की मौत हो गयी। बकरियों की मौत से पुरे परिवार में मातम छा गया। पीड़ित किसान ने मुखिया गंगानारायण सिंह मुंडा को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मुखिया पीड़ित किसान से मिले और घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया। मुखिया ने अंचल अधिकारी से बात किये एवं पीड़ित किसान को मुआवजा देने की बात कही।

### वॉलीबॉल कोचिंग सेंटर व राजकमल के बीच फाइनल मुकाबला आज

**रांची/ धनबाद।** इंडिपेंडेंस कप अंडर-14 वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में वॉलीबॉल कोचिंग सेंटर एवं राजकमल धनबाद के बीच मुकाबला होगा। शनिवार को खेले गए लीग मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय धनबाद को कड़े संघर्ष में हराकर राजकमल नॉकआउट स्टेज में पहुंचा। वहीं स्पोर्ट्स वॉलीबॉल क्लब को हराकर वॉलीबॉल कोचिंग सेंटर नॉकआउट स्टेज में पहुंचा। प्वाइंट के आधार पर चार टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

रक्षाबंधन को लेकर राखी व मिठाइयों की खूब हुई खरीदारी

# बाजारों में देखी गई खूब चहल-पहल




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो और लापुंग प्रखंड में भाई बहनों के प्यार का पर्व रक्षाबंधन की व्यापक तैयारियां की गई हैं। बेड़ो शहरी क्षेत्र में राखी की दुकान एवं मिठाई की दुकानों में भारी भीड़ उमड़ी। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई में राखी बांधने के लिए राखी की खरीदारी की। बेड़ो के बाजार टांड़, महावीर चौक, गुमला रोड और लोहरदगा रोड सहित साईं मंदिर रोड के राखी के स्टॉल पर भारी संख्या में बहनों ने रंग बिरंगी राखियों सहित चांदी की भी राखी की खरीददारी की। मिठाई की दुकानों खासकर प्रसिद्ध प्रतिष्ठान डोमन स्वीट्स में मिठाई की खरीददारी करने के लिए भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्वर्ण अलंकार ज्वेलर्स के मालिक मोहन सोनी ने बताया कि महिलाओं ने अपने भाईयों की कलाई में बांधने के लिए बड़ी संख्या में चांदी की राखी की खरीदारी भी की हैं। वहीं बेड़ो के महावीर चौक में भी दिन भर रक्षाबंधन और सावन पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर भीड़ देखी गई। तुको में भी दुकानों में रक्षाबंधन के मौके पर खूब खरीदारी की गई। वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को गिफ्ट देने के लिए खूब खरीदारी की। वहीं लापुंग प्रखंड के लापुंग, ककरिया, लालगंज, दोलैचा, महुगांव, दानेकेरा, कातिंगकेला, बोकरन्दा सहित विभिन्न गांवों में रक्षाबंधन और सावन पूर्णिमा को लेकर रविवार को काफी चहल-पहल देखी गई। यहां भी बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में बांधने के लिए राखी की खूब खरीदारी की। दुकानदारों में भी भारी उत्साह और उल्लास देखा गया। राखी पर्व को लेकर चारों ओर खुशी का माहौल देखा जा रहा है। अपनी बहनों के लिए भाईयों ने रक्षा बंधन को लेकर काफी तैयारी लगे हुए हैं। भाई का कहना है कि अपनी बहन के लिए पूरी जिंदगी रक्षा और उसकी खुशी के लिए रहूंगा। इधर बहनों का कहना है कि हमारे भाईयों की जिंदगी लंबी हो ताकि हम सभी रक्ष कर सकें।

# गणेश पूजा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष बने रमण सिंह बंटी, सचिव राजू व छोटू



**खलारी।** श्रीश्री गणेश पूजा महोत्सव नवयुवक संघ पहाड़ी मंदिर खलारी की बैठक रमणसिंह बंटी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पूजा के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में मुख्य संरक्षक राजनसिंह राजा, संरक्षक संतोष सिंह, अध्यक्ष रमण सिंह बंटी, उपाध्यक्ष विनोद साहु, महावीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मोनु महतो, विशाल सिंह, सचिव राजूप्रसाद सोनी, छोटु सिंह, कोषाध्यक्ष अर्जुन एक्का, अमन यादव, उपकोषाध्यक्ष गुडडु गुप्ता, मीडिया प्रभारी अर्जुन एक्का, कार्यकर्ताओं में शंकर महतो, बीजु रजक, विशाल सिंह, मोनु महतो, अमन यादव, अजीतकुमार सिंह, गणेश लोहरा, मनीष लोहरा, विकास केशरी, प्रेम केशरी, रमेश गिरि, सुजलकुमार सिंह, सोनु लोहरा को बनाया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष का विरोध

**सिल्ली।** सिल्ली मंडल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा एक बैठक का आयोजन सिल्ली स्थित द विलेज रिजॉर्ट सुलुमजुड़ी में किया गया। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। इस बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नवनिर्वाचित सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष अंबुज रजक का विरोध किया जायेगा। बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं के द्वारा अध्यक्ष पद पर उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया गया। वही सिल्ली मंडल के उपाध्यक्ष सुधीर साहु ने कहा कि प्रस्ताव को लेकर हम लोग एक आवेदन केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री सह सांसद संजय सेठ, प्रदेश प्रभारी बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को दिया जाएगा और उनसे अध्यक्ष अंबुज रजक को हटाने को लेकर मांग रखा जाएगा। सिल्ली मंडल के अध्यक्ष स्वर्गीय विनोद साहू थे उनका देहांत हो जाने के बाद से उक्त पद खाली पड़ा हुआ था। जिसको लेकर कार्यकताओं के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मंडल पदाधिकारी जिसमें शिवलाल महतो, भोलानाथ बेदिया, शैलेंद्र बाड़ाईक ये तीनों का नाम जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो को दिया गया था परंतु तीनों पदाधिकारियों के नाम को छोड़कर किसी अन्य नए सदस्य जो जे एम एम एवं खतियानी पार्टी छोड़कर आए हैं उनको बना दिया गया है जिसको लेकर हम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध जताया जा रहा है।

### खेल जीवन को सही दिशा और संजीवनी प्रदान करता है: डॉ परमेश्वर भगत



**लापुंग।** आज पूर्व डीडीसी डॉ. परमेश्वर भगत ने लापुंग के होनहार बालकों और बालिकाओं के बीच फुटबॉल और जर्सी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। डॉ. भगत ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल उनके जीवन को दिशा और संजीवनी प्रदान कर सकता है। इस पहल से स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ेगा। उपस्थित जनसमूह ने डॉ. भगत की इस सामाजिक जिम्मेदारी और खेल के प्रति उनके समर्थन की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी खेल और शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की पहल जारी रहेगी। इस प्रयास ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और खेल के प्रति नए उत्साह को जन्म दिया।

### भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों की सूची जारी की

**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज महतो ने जिला पदाधिकारियों की नई सूची जारी की। इसमें खिजरी से प्रभु दयाल बड़ाईक, खलारी से प्रीतम साहू, अनगड़ा से मनोज कुमार चौधरी, रातू से सुधाकर चौबे, कांके से लक्ष्मण साहू, पिठोरिया से मुन्नी मुंडा को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौपा गया। वही मेसरा से नरेंद्र कुमार, कांके से अनिल महतो टाइगर को जिला महामंत्री, ठाकुरगांव से रामकुमार दुबे, मेसरा से संजीत सिंह, नगरी से चूड़ामणि महतो, टाटीसिल्वे से माधुरी देवी को जिला मंत्री, खलारी से लालेश्वर महतो को जिला कोषाध्यक्ष, रातू से संजीव तिवारी को जिला कार्यालय मंत्री, मेसरा से कामेश्वर महतो को जिला सह कार्यालय मंत्री, अनगड़ा से रामसाय मुंडा को जिला मीडिया प्रभारी, बुंडू से सुभम चेल को जिला आईटी सेल संयोजक और ओरमांझी से शशि मेहता को जिला सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारी ने कहा कि हम लोग अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे।

मनभावन मौसम के बीच शब्दकार की साहित्यिक गोष्ठी

# हमें स्वयं से सवाल करना चाहिए कि हम कविता से क्या समझते हैं : माया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विगत दिवस शब्दकार साहित्यिक समूह ने रांची के मोरहाबादी मैदान अवस्थित रेड क्रॉस सोसायटी के प्रांगण में काव्य गोष्ठी आयोजित की। जिसमें शहर के जाने-माने कवि, कहानीकार एवं अनेकानेक साहित्य रस मर्मज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत रेणु बाला धार के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। शब्दकार की नई अध्यक्ष रश्मि शर्मा की प्रथम अध्यक्षता में हुई। इस काव्य गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि डॉ माया प्रसाद ने इस गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित कवियों एवं उनकी रचनाओं पर बात करते हुए कहा कि हमे स्वयं से सवाल करने चाहिए कि हम कविता से क्या समझते हैं कविता गद्य नहीं है । कविता लिखने से पहले पढ़ना अत्यन्त जरूरी है, भाषा को संवारने की जरूरत है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश देवकुलीश ने आलोक धन्वा की कविता इतनी तो रेलें चलतीं हैं भारत में/तुम कभी भी आ सकती हो का उदाहरण देते हुए बताया कि कविता की रचना करते समय सरल शब्दों से कैसे बड़ी बात कही जा सकती है। निवर्तमान अध्यक्ष वीणा श्रीवास्तव ने शब्दकार की नई अध्यक्ष रश्मि शर्मा को बधाई देते हुए कविता के गढ़न पर अपन महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संस्था की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने भी इस विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे एवं शब्दकार के आगामी कार्यक्रमों में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा सामने रखी। संस्था की नई उपाध्यक्ष संगीता कुजारा टॉक ने अपने सुमधुर स्वर में कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था की सचिव नंदा पांडे ने भी अपनी रचना पढ़ी। संस्था के कोषाध्यक्ष राजीव थेपड़ा ने भी इस विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संस्था के अन्य अत्यंत महत्वपूर्ण सदस्यों में रीता गुप्ता, सत्या शर्मा, जयमाला, अंशुमिता ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग किया। शहर एवं देश की जानी-मानी कवियत्री डॉक्टर सुरेंद्र कौर नीलम ने मेरे गीत महकने लगते हैं, जब नाम तेरा लिखती हूँ। सुमधुर गीत से गोष्ठी को सुवासित कर दिया। तथा सुषमा सिन्हा ने कुछ तो था जिसका डर था, जिससे बदल लिया अपना अपना रास्ता, अनामिका प्रिया ने बहुत ही सारगर्भित कविता खिड़की से बाहर की दुनिया रंगीन नजर आती है का पाठ किया ।

### दोबदी अमावस्या महोत्सव दो व तीन सितंबर को

**रांची।** श्री राणी सती मंदिर में 2 और 3 सितंबर को श्रद्धा और आस्था के साथ दोबदी अमावस्या महोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन सोमवार भादोबदी अमावस्या को सुबह 7 बजे गणेश पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत होगी। 8 बजे श्री राणी सती दादी के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्जवल्लित की जाएगी। उसके बाद 651 सुहागिनों द्वारा पारंपरिक राजस्थानी परिधान पहन मंगला पाठ किया जाएगा। उसके बाद 1 बजे से श्री हरि सत्संग मंडल समिति के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। भजन मंडली द्वारा 5 बजे से 8.30 बजे तक भजनों की सरिता का प्रवाह होगा। चुनड़ी उत्सव 7 बजे से 8 बजे तक और चतुर्दशी जागरण रात 9 बजे से रात एक बजे तक श्री राणी सती मंडल के सदस्यों द्वारा चतुर्दशी जागरण किया जाएगा। इस आशय की जानकारी श्री राणी सती मंदिर कमेटी के चंद्रकांत झुनझुनवाला ने दी। श्री राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वावधान में मनाए जा रहे दो दिवसीय भादोबदी अमावस्या के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 5 बजे दादी की मंगला आरती होगी। दादी के मंड का आकर्षक मनमोहक श्रृंगार कर पूजा अचर्ना की जाएगी।

### रोहिणी के अधिकांश कामगारों ने किया सामूहिक विश्राम

**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी परियोजना के कामगार सभी कामगारों को संडे ड्यूटी दिए जाने की मांग को लेकर अडिग हैं। विगत करीब एक महीने से इस मांग को लेकर रोहिणी के कामगार रविवार को सामूहिक अवकाश पर चले जा रहे हैं। पिछले दो रविवार व बीते 15 अगस्त पीएचडी को सामूहिक विश्राम किए हैं। इसी आंदोलन के तहत इस रविवार भी अधिकांश कामगारो ने सामूहिक अवकाश किया। हालांकि माइनिंग विभाग व ईएंडएम के कुछ कर्मियों ने हाजरी बनाया। लेकिन अधिकांश कामगारो के सामूहिक विश्राम के कारण काम प्रभावित रहा। सन्डे ड्यूटी नहीं मिलने पर परियोजना के कामगार हाजरी घर के पास गए। अधिकांश कामगार ने हाजरी नहीं बनाई और अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। लेकिन माइनिंग के कुछ कर्मियों व कुछ ईएंडएम कामगारो ने हाजरी बनाया। अधिकांश कामगारो के विश्राम पर चले जाने से परियोजना का काम पूरी तरह प्रभावित रहा।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा हर माह के तीसरे रविवार को डी-क्लब (निशुल्क जाँच शिविर) का आयोजन करता है। इसी क्रम में रविवार को ऑक्सीजन पार्क मोहराबादी में प्रातः 6 बजे डी-क्लब (निःशुल्क जाँच शिविर) का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से मधुमेह, रक्तचाप एवं वजन की जांच आमजनों को निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा की ओर से सदा ही सामाज मे स्वास्थ के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाने का प्रयास किया जाता रहा है। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगकर्ता हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर थे, जिनके द्वारा इस कार्यक्रम में लगने वाले संसाधन एवं मैडिकल टीम उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम के संयोजक अखिल टिकमानी तथा राहुल मित्तल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष आशीष अग्रवाल के साथ विशाल महलका, नीरज अग्रवाल, रौनक झुंझुनवाला एवं संजय मुरारका उपस्थित थे। युक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

अखंड हरि कीर्तन के साथ दो दिवसीय सावन पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

# महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच किया गया भंडारा का आयोजन



*अखंड हरि कीर्तन का आज होगा समापन, हवन पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण के बाद किया जाएगा विसर्जन*

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में सावन माह के अंतिम सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महादानी सेवा सत्संग समिति के तत्वावधान में 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन सह भव्य भंडारा का आयोजन रविवार को किया गया। अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ पुजारी नित्यानंद पाठक व बासुकीनाथ गिरी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच गौरी गणेश पूजन पंचदेवता नवग्रह देवता क्षेत्रपाल दस दिक्पाल वास्तु पूजन सर्वतो भद्र मंडल पूजन सत्यनारायण पूजन व 24 घंटा का दीप प्रज्ज्वलन कर 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। अखंड हरिकीर्तन में महादानी के पुजारी मेघनाथ गिरी ने बताया कि रात्रि 8:00 बजे भगवान भोलेनाथ शिव शंकर का भव्य श्रृंगार कर महाआरती के बाद भोग भंडारा का वितरण किया गया। भंडारा में खीर पूड़ी बुंदिया के रूप में श्रद्धालु महाभोग का प्रसाद ग्रहण किए। उन्होंने बताया कि अखंड हरिकीर्तन का समापन सोमवार को 11:00 बजे हवन पूणार्हुति प्रसाद वितरण के बाद विसर्जन किया जाएगा। अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने में अध्यक्ष हरखनाथ महतो, देवनाथ सिंह, जगदीश प्रसाद, सुरेंद्र सिंह ईश्वर बड़ाईक, महावीर सिंह, लिबू बड़ाइक, बादल खत्री, सीताराम महतो, बजरंग गोप, महादेव भगत, नागेश्वर पंडा, विकास गोप कुलदीप गोप समेत कई लोगों ने अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

### एससी, एसटी व ओबीसी एकता मंच ने 21 के भारत बंद का किया समर्थन



**खलारी।** रविवार देर शाम डा भीमराव अंबेडकर पार्क में एससी एसटी ओबीसी एकता मंच की बैठक की गई। अध्यक्षता बहुरा मुंडा ने किया। बैठक में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट व भारत सरकार द्वारा एससी एसटी के संवैधानिक आरक्षण पर वर्गीकरण तथा क्रीमिलेयर में बांटकर आरक्षण समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को लेकर सामाजिक संगठनों द्वारा आगामी 21 अगस्त को आहूत भारत बंद का मंच भी समर्थन करता है। बंदी के दिन मंच के कार्यकर्ता भी खलारी में बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। बंदी में सभी कोयला खदान में उत्पादन एव डिस्पैच, ट्रांसपोर्टिंग, स्कूल, कालेज, दुकान बंद रहेगी। संचालन रंथू उरांव ने किया। बैठक में देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, जंगबहादुर राम, अनिल पासवान, रवीन्द्र बैठा, इंदिरा देवी, हरेंद्रकुमार राम, रामेश्वर भोगता, नित्यानाद कुमार, सूरज कुमार, कैलाश तुरी, रामपरीखा राम, सुरेंद्र राम, रीना देवी, नगीना देवी, अनिलकुमार पासवान, रामू, बिरजू लोहार, बिरेंद्र भोगता, विजय सिंह, बालेश्वर उरांव, उमेश लोहरा, दिलीपकुमार पासवान, अशोक पासवान, सलामत अंसारी, दीपककुमार चौहान, अनूपकुमार रजक, दीपक टाना भगत, जगदीश गंझू, सत्येंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।


अखंड कीर्तन के साथ प्रथम दो दिवसीय श्रावण मेला का हुआ शुभारंभ

# घघारी धाम सावन पूर्णिमा मेला में उमड़ेगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में सावन पूर्णिमा पर पहली बार दो दिवसीय श्रावणी मेला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित होने वाले पहली बार आयोजित सावन मेला में घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने श्रद्धालुओं सहित दुकानदारों एवं खेल तमाशा झुला वालों को सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी प्रत्येक वर्ष श्रावणी मेला का आयोजन सावन पूर्णिमा के दिन किया जाएगा। रविवार को कीर्तन प्रभारी नारायण सिंह एवं मनबोध सिंह के द्वारा 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन के साथ ही दो दिवसीय श्रावणी मेला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सचिव संजय कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, पूर्व अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक गंगाधर साहू, विधायक प्रतिनिधि सह संरक्षक देवेंद्र वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, समाजसेवी दशरथ तिर्की, नपिंद्र सिंह, विक्रम शेखर सिंह, संतोष कुमार महतो, चिंटू तिवारी, विजय महतो, श्यामलाल सिंह, सुनील उरांव, हीरालाल सिंह,पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 2 गुंदरा उरांव, सूरज वर्मा, विनोद भगत, सागर दास गोस्वामी, रूपेश पाठक, सोमा उरांव, हरिमोहन गोप, मनी देवी, सीताराम पाठक, राजेश पाठक,किस्तो बाबा, तुलसी बाबा जी के साथ सैकड़ों भक्त मौके पर मौजूद थे। उधर सोमवार को आयोजित होने वाले सावन पूर्णिमा मेला को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है।

# जन्मदिवस पर भक्तिमय माहौल में भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची।** 164 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में 1100 श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डॉक्टर श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में भंडारे का वितरण किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद झारसुगड़ा (उडीसा) निवासी अपने सुपुत्र राजवीर बोंदीया के जन्मदिवस के सुअवसर उनके माता - पिता विशाल वर्षा बोंदीया उनके परिवार एवं श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों के सौजन्य से की गयी। भंडारे में पुडी,दाल मखानी चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं मिठाई में केसरीया खीर, आलु चिप्स की पैकेट सभी आये हुए श्रद्धालुओ को विधिवत उद्धाटन कर वितरण शुरू किया गया। संस्था के पुरणमल सर्राफ, निर्मल जालान, मनीष सोनी, उर्मिला पाडिया, चिरंजीलाल खण्डेलवाल और संस्था के सदस्यों ने भक्तिभाव से राज श्यामा जी की बहुत भक्ति भाव से भोग लगाकर आरती करकर भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्धाटन कर वितरण शुरू किया गया।

# सिल्ली को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने को लेकर कवायद शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। सल्ली**
विधायक के पहल पर सिल्ली के लोवापीड़ी, रामडेरा, धोवाटिकरा, खपचाबेड़ा के जंगल एवं पहाड़ों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे लेकर बन विभाग अधिकारियों ने कवायद शुरू कर दी है। कार्य योजना मुर्त रुप देने को लेकर रविवार को विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, प्रभारी वनपाल जय प्रकाश साहू एवं विभाग के अभियंताओं ने क्षेत्र के पहाड़ों पर पैदल भ्रमण किया तथा सभी पहाड़ों को जोड़ने के लिए रास्ते बनाए जाने को लेकर नापी भी किया। जयपाल सिंह ने कहा कि विधायक के पहल पर सिल्ली के इस हरी-भरी वादियों को जल्द ही मनोरम बनाया जायेगा। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। जंगलों एवं पहाड़ों मे रास्ते बनाए जाएंगे तथा वर्षा के पानी की ठहराव के लिए बांध तथा चेक डैम निर्माण किया जाएगा। वहीं पुंदाग अंबेडकर पार्क को कला भवन होते हुए हिरण पार्क के पहाड़ों तक जोड़ा जाएगा। इससे जंगल क्षेत्र की सुंदरता और भव्य लगने लगेगा। पहाड़ों पर रास्ते बन जाने से स्थानीय लोग हरी भरी वादियों में मोर्निंग वाक आनंद ले पाएंगे। इन पहाड़ों के रास्ते पर लोगों के बैठने के लिए कई जगहों पर कुर्सी भी बनाए जाएंगे। वहीं हिरण पार्क के समीप स्थित पहाड़ी पर क्षतिग्रस्त लोगहट का भी मरम्मत कार्य किया जाएगा।

### ओडिशा और चाईबासा पुलिस की एसडीपीओ स्तर की अंतरराज्यीय बैठक

# साइबर अपराध और नक्सलियों पर संयुक्त कार्रवाई की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़बिल में आयोजित अंतरराज्यीय बैठक में अपराध नियंत्रण में परस्पर सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई।
जिसमें हाल ही में जमानत पर छूटे नक्सली और मिलिशिया के संबंध में जानकारी साझा करना। अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई । आर्थिक अपराधियों और असामाजिक लोगों के संबंध में जानकारी साझा करना। सीमावर्ती क्षेत्र में साम्प्रदायिक मुद्दों पर समन्वय एवं जानकारी साझा करना ।वारंटियों की सूची की जानकारी साझा करना ।वांछित व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए सीमावर्ती पुलिस स्टेशनों द्वारा सक्रिय कदम उठाना । अपराधियों की सूची के साथ सीमावर्ती गांवों की जानकारी साझा करना ।उपद्रवियों की जानकारी साझा करना। सीमावर्ती मार्गों की जानकारी साझा करना ।अंतरराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना। अवैध शराब/गांजा/अफीम/कोरेक्स सिरप के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु कदम उठाना ।महुआ/ अवैध शराब की तैयारी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराज्यीय नदी किनारे गश्त करना ।अवैध रूप से हथियार तैयार करना और हथियार बेचने वालों पर अंकुश लगाना ।अंतरराज्यीय संगठित अपराध पर अंकुश लगाना।

## डीजीपी डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की करेंगे समीक्षा



रांची। डीजीपी अनुराग गुप्ता 20 अगस्त को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। इस दौरान यदि किसी पुलिस अफसर या पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी तो उसपर कार्रवाई भी हो सकती है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के पहल पर डायल 112 को क्यूआर कोड डेवलप किया गया है। इस क्यूआर कोड की कॉपी ऑटो, बस और एटीएम सहित शहर के विभिन्न स्थानों में लगा दिया गया है।अगर आप किसी संकट में हैं, तो आप क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस की हेल्प ले सकते हैं। डायल 112 के क्यूआर कोड को डीजीपी अनुराग गुप्ता के प्रयास से डेवलप किया गया है। इसे पुलिस के टेक्निकल सेल ने डेवलप किया है। शहर के किसी भी जगह पर यदि कोई आदमी मुसीबत में फंसा हो, तो वह क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस को अपनी परेशानी बताकर मदद मांग सकता है। इसके लिए सबसे पहले क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। मोबाइल से स्कैन करते ही मोबाइल में एक फॉर्म दिया जायेगा, जिसमें मात्र चार पाइंट भरने होंगे। इसके बाद तुरंत 112 से कनेक्ट हो जायेगा। वहां से सीधे आपसे संपर्क किया जायेगा और आपके नजदीक मौजूद पीसीआर या क्यूआरटी आप तक पहुंच जायेगी। यह तो उसके लिए आसान है, जिसके पास स्मार्ट फोन है। यदि किसी के पास स्मार्ट फोन नहीं है और वो आपसे मदद मांगता है तो आप उसकी भी मदद कर सकेंगे।

## कोल इंडिया यूपीएससी पात्र उम्मीदवारों को वित्तीय मदद देगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया मिशन कर्मयोगी के हिस्से के रूप में रांची और धनबाद के यूपीएससी के पात्र उम्मीदवारों को एक लाख की वित्तीय मदद देगा। कोल इंडिया द्वारा लांच किए गए निर्माण पोर्टल के माध्यम से इस मदद के लिए आवेदन किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह पहल मिशन कर्मयोगी के साथ संरक्षित है। कोल इंडिया द्वारा सीएसआर के हिस्से के रूप में संचालित होगी। उम्मीदवारों का चयन पोर्टल से पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा और लाभार्थी तक सीधा लाभ पहुंचेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि कोल इंडिया द्वारा यह आर्थिक मदद अपने परिचालन जिलों के उन मेधावी युवाओं को दी जाएगी जिन्होंने 2024 में यूपीएससी परीक्षा के प्रारंभिक दौर को उत्तीर्ण कर लिया है। यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को ही वित्तीय मदद प्रदान की जाएगी जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 800000 से कम है और वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला या तीसरे लिंग से संबंधित है।
इन उम्मीदवारों को कंपनी के 39 परिचालन जिलों में से किसी एक का स्थाई निवासी होना जरूरी है। इनमें झारखंड के धनबाद और रांची के अलावा पश्चिम बंगाल के कोलकाता, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और महाराष्ट्र के नागपुर का होना चाहिए। पात्र उम्मीदवार इस योजना का लाभ उठाने और अपने आवेदन जमा करने के लिए निर्माण पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं।
केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी आवेदन प्रक्रिया डिजिटल प्रारूप में समर्पित पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य कोयला असर वाले क्षेत्र के वंचित छात्रों की शैक्षणिक और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। कोल इंडिया दुनिया में सबसे बड़ी कोयला उत्पादक का खिताब रखती है और भारत में उत्पादित कोयले का 80% हिस्सा इसी कंपनी के आदिवासी बहुल इलाकों का है। कंपनी और इसकी अनुषंगी कंपनिया देश के आठ राज्यों में चल रही है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की तृतीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

# एक स्थाई आधुनिक प्याऊ का होगा निर्माण, चला पौधरोपण कार्यक्रम

- मारवाड़ी सम्मेलन शीघ्र ही जगन्नाथ मंदिर के समीप वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्यक्रम चलाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की तृतीय बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही जगन्नाथ मंदिर के समीप वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्यक्रम चलाया जाएगा। बैठक मे महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा की सम्मेलन द्वारा शहर में स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में एक स्थाई आधुनिक प्याऊ लगाने की योजना है?। इसके लिए एक आवेदन रांची नगर निगम को दिया गया है। वहीं मुख्य राजनीतिक सभी पार्टियों को पत्र लिखकर राजनीतिक संगठन में मारवाड़ी समाज को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया जाएगा। बैठक में रांची गौशाला के साथ विवाद के समाधान हेतु दो सदस्यीय कमेटी कमल कुमार केडिया एवं संजीव विजयवर्गीय को शामिल किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने मारवाड़ी सम्मेलन के वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा कि विगत ढाई वर्षों से दो अन्नपूर्णा सेवा सम्मेलन द्वारा सफलतापूर्वक चलाए जा रहा है। अगर उचित स्थान मिलने पर तीसरा अन्नपूर्णा सेवा प्रारंभ करने की योजना है। बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष पवन पोद्दार ने किया। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में ओम प्रकाश अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, पवन शर्मा, अरुण बुधिया, संजीव विजयवर्गीय, प्रेम मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, नरेंद्र गंगवाल, अनिल अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, महेंद्र जैन, विनोद जैन, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल पाड़िया, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# भारतीय युवक संघ के नए अध्यक्ष बने राहुल अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार के मंदिर परिसर में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री श्री दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। शारदीय नवरात्र इस वर्ष तीन अक्टूबर 2024 से आरंभ होगा। भारतीय युवक संघ सन 1958 से विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों के द्वारा समाज के समुचित विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इस दिशा में इस वर्ष भी अपनी सक्रिय भूमिका की ओर अग्रसर है। संस्था के वरिष्ठ एवं सभी कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति में (मंदिर प्रांगण) में आगामी दुर्गापूजा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।
नई चुनाव समिति का गठन हुआ, जिसमें राहुल अग्रवाल को अध्यक्ष का पदभार सौपा गया। साथ ही रमेश खेमका, विनोद छापड़िया, मदन बगड़िया, सुरेश भगत, अरविंद चौधरी एवं रवि रोहतगी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।
सचिव का पदभार निर्मल मोदी ने संभाला तथा सह-सचिव के पद में रमेश अग्रवाल, किशन मोदी, कमल जलान (बंकट), अमर पोद्दार एवं मुकेश जलान को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष का पदभार सत्येंद्र जलान (मंटू) को सौपा गया। साथ ही सह-कोषाध्यक्ष संजय चौधरी एवं ललित सोढ़ानी को बनाया गया।



प्रवक्ता के पद पर अमित प्रकाश बजाज को नियुक्त किया गया एवं सह-प्रवक्ता में दीपक गोयंका एवं सौरव चौधरी को चुना गया।
पदाधिकारीयों के चुनाव के बाद 44 सदस्यों की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया जिनमें प्रहलाद लोहिया, आनंद अग्रवाल, किशोरी पोद्दार, पवन जलान, प्रदीप पोद्दार, सुमित मोदी, विनोद टिंबरेवाल, रोहित छापड़िया, राजा भालोटिया, राजेश बुधिया, राकेश गोयल, राहुल गोयंका, प्रदीप जलान, प्रमोद केडिया, विकास अग्रवाल, राहुल शर्मा, आशीष डालमिया, अमित सोनी, आनंद मानिक, अमित मोदी, सुनील पोद्दार, रोहित गोयंका, प्रवीन जैन छाबरा, राजकुमार अग्रवाल, रवि आनंद, आकाश अग्रवाल, आदित्य लोहिया, कपिल शर्मा, कृष्ण अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, किरोड़ीमल खेतान, बीनू ठक्कर, कमल खेतावत, ऋषभ छापड़िया, अमित अग्रवाल, देवेश झा, शशिकांत सांवरिया, अंकुर डागा, आदित्य जलान, सिद्धांत तोदि, दीपक चौधरी, विवेक पोद्दार, आशीष चौधरी एवं ज्योति पोद्दार शामिल हुए। सभा में संस्था के संरक्षक शंभू अग्रवाल, निर्मल जलान, सुरेश चौधरी एवं अन्य गणमान्य सदस्यगण उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन हेतु पंडाल बनाने का कार्य, कला में उत्कृष्ट एवं अनुभवी कलाकार पश्चिम बंगाल के गौरांगो क्वुलि द्वारा किया जाएगा। सभा का संचालन संरक्षक शंभू अग्रवाल ने किया। अन्त में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर सभा को विराम दिया गया। यह जानकारी भारतीय युवक संघ का प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### सावन की अंतिम सोमवारी आज, भोलेनाथ को खीर का लगाएं भोग



**रांची।** सावन का महीना भोलेनाथ की भक्ति को समर्पित होता है। इस मौसम में सभी भगवान शंकर की भक्ति के रंग में रंग जाते हैं। कई शिवभक्त भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद पाने के लिए सोमवार को व्रत भी रखते हैं। हिंदुओं के लिए सावन का महीना बहुत ही पवित्र माना जाता है। भगवान शिव को समर्पित इस महीने में श्रद्धालु सोमवार को उपवास रखते हैं, तो खाली पेट नहीं रहना चाहिए। सावन के अंतिम सोमवार व्रत के लिए कुछ खास भोग लगाना चाहिए। सावन के अंतिम सोमवार को व्रत रखना चाहते हैं या रखते हैं, तो खान-पान का खास ख्याल रखना चाहिए। इस महीने भारी बारिश की वजह से उमस रहती है, जिससे डिहाइड्रेशन और खाली पेट रहने की वजह से कमजोरी भी हो सकती है। इसलिए कुछ ऐसे व्यंजनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें व्रत के दौरान भोग के रूप में भी बना सकते हैं और इन्हें खाने से सेहत को नुकसान भी नहीं होता। 19 अगस्त को सावन का अंतिम सोमवारी है और सावन की पूर्णिमा के साथ रक्षा बंधन भी है। पुजारियों के अनुसार इस दिन भगवान शिव के अलावा भगवान विष्णु अर्थात भगवान सत्य नारायण की भी पूजा होगी। इस दिन भोलेनाथ को खीर का भोग लगाना चाहिए।

### कोकर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने दीपक



**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को जतरा टांड कोकर में हुई। बैठक में कोकर दुर्गा पूजा समिति 2024 का गठन किया गया। इसमे सर्वसमत्ति से दीपक कुमार को अध्यक्ष चुना गया।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने रविवार को प्रातः 6.00 बजे से 8.00 बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगाया। मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रन एस पार्क के सामने डॉक्टर लाल पैथ के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत पांचवें शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, और हिमोग्लोबिन का निःशुल्क जांच कराया गया। इस शिविर से 28 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर के आयोजन को लेकर स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला संयोजिका आशा सर्राफ ने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, आशा संथालिया, आशा सराफ, कोमल झुनझुनवाला, किरण खेतान, चन्द्रकला उपस्थित थे।

### बीएयू की राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया वाद विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 16 एवं 17 अगस्त को अंतर महाविद्यालय वाद विवाद, एक्टेंपोर स्पीच तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में रांची कृषि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र अपूर्व राज ने तथा एक्टेंपोर स्पीच प्रतियोगिता में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के छात्र रौनक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा के छात्र जयदीप गुप्ता एवं मयंक सिंह संयुक्त रूप से प्रथम घोषित किए गए। फूलो झानो मुर्मू डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, दुमका के एसोसिएट दिन डॉ आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति में डॉ मनोज कुमार बर्णवाल, डॉ राजू प्रसाद, डॉ ज्योतिष कुमार केरकेट्टा, डॉ मिंटू जॉब, डॉ शिवम मिश्र तथा डॉ नीरज कुमार शामिल थे। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ बसंत कुमार झा ने विजेताओं को शुभकामना दी।

## जीडी गोयनका के छात्राओं ने सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जीडी गोयंका के छात्राओं ने रविवार को आर्मी कैंट नामकुम में रक्षाबंधन पर्व को एक महोत्सव के रूप में मनाया। छात्राओं ने रक्षा बंधन पर्व पर देश के जाबाज सैनिकों के माथे पर तिलक लगाकर उनके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और संभाषण के माध्यम से देश की सुरक्षा पर तैनात देश के वीर सैनिकों की भूमिका को अपने माध्यम से व्यक्त किया। साथ ही साथ इस रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान सैनिकों ने समस्त जीडी गोयंका के विद्यार्थियों का अभिनंदन कर उन्हें उपहार स्वरूप भी दिया तथा सैनिक जीवन में त्योहारों के महत्व को भी विधार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपनिदेशक अमन सिंह ने रक्षाबंधन को पारिवारिक सामाजिक मूल्यों की याद दिलाने वाला त्यौहार बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्तों की मिठास, सुरक्षा के भाव तथा जीवन में रिश्तों की अहमियत सीखाता है।

## विद्युत कर्मियों का डेली वेज बढ़ाए सरकार : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की बैठक में 21 अगस्त से राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड में घेराव कार्यक्रम के माध्यम से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की शुरूआत करेगी। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि एक को राज्य सरकार होमगार्ड व पारा टीचर मामले में कई महत्वपूर्ण निर्णय ली है। उसी के तर्ज पर हेमंत सोरेन सरकार विद्युत कर्मियों का भी मानदेय तय करे अन्यथा श्रमिक संघ चुपचाप नहीं बैठेगी। अजय राय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पिछले चुनाव में किए गए अपने वादे को पूरा करे। अन्यथा श्रमिक संघ ने निर्णय ले लिया है कि जब तक वादा पूरा नहीं होता तब तक झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड ट्रांसमिशन जोन के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव का कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके उपरांत झारखंड ऊर्जा विकास मुख्यालय धुर्वा के समक्ष घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 अगस्त को रांची सप्लाई एरिया बोर्ड एवं ट्रांसमिशन जोन से घेराव कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी और अतिशीघ्र ही राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड एवं ट्रांसमिशन जोन के घेराव का विवरण जारी किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ,अमित कश्यप ,विकास सिंह,उदय यादव, विजय सिंह,शिव कुमार साह ,राज कुमार ,संजय राणा,विक्की कुमार ,अशोक कुमार ,छोटेलाल कुमार ,गुंजेश कुमार ,मनोज कुमार ,गोधन लोहरा ,राजेंदरराम , प्रवीण कुजूर ,अशोक कुमार महतो, मुकेश यादव , रजनी कांत मेहता ,प्रकाश नायक ,संजीत कुमार महतो ,सूरज साव , जगरू हषपूर्ति ,अनिल तिग्गा ,अरविंद कुमार महली के अलावा सैकड़ो विद्युत कर्मियों ने बैठक में भाग लिया।

### इटकी में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**रांची।** इटकी थाना क्षेत्र के बघियाटोली गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। घटना रविवार की शाम लगभग पांच बजे की है। परिजनों ने बताया कि नौ वर्षीय निकेता कुमारी और 13 वर्षीय ज्योति कच्छप दिन के लगभग 12 बजे बकरी चराने के लिए नारीटिकरा की ओर गई थी, आशंका है कि पैर फिसलने के कारण निकेता गड्ढे में गिर गई और डूबने लगी। वहीं निकेता को बचाने में ज्योति कच्छप भी डूब गई। शाम साढ़े चार बजे तक दोनों बच्चियों के घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे तभी परिजनों को गड्ढे में दोनों बच्चियों का शव तैरता नजर आया।

## 200 हृदय रोग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन मंथन किया


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची। हृदय रोग विशेषज्ञों के संगठन द्वारा आयोजित कार्डियोजॉन 2024 में शामिल हृदय रोग विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं बेहतर इलाज के लिए नई तकनीक के बारे में जानकारी दी। कार्डियोजोन का आयोजन रविवार को ऑनलाइन किया गया। देश-विदेश के हृदय रोग विशेषज्ञों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। सम्मेलन के प्रथम व्याख्यान में कार्डियोजोन के संयोजक अध्यक्ष डॉ वीके जगनाणी ने इसीजी में पी वेव के महत्व और उपयोगिता बताते हुए एरिदमिया, एक्टॉपिक्स, जंक्शनल रिदम की पहचान से अवगत कराया। वडोदरा से डॉ प्रगनेश शाह ने आधुनिक समय में हृदय रोग से बचने के लिये नियमित व्यायाम, पौष्टिक गृह निर्मित भोजन, रक्तचाप और मधुमेह के नियन्त्रण पर प्रकाश डाला। हैदराबाद के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ भरत पुरोहित ने अनियन्त्रित रक्तचाप में रियल डीनरवेशन एवं स्ट्रोक में एलए ऑक्लूडर जैसे नूतन उपचार पर व्याख्यान दिया। कोयम्बटूर के डॉ मोहन ने हृदय रोग में नूतन उपचारः स्टेम सेल्स के उपयोग पर व्याख्यान देते हुए बताया कि हार्ट फेल्योर में यह कारगर सिद्ध हो रहा है। सूरत के डॉ विश्मय परमार ने हृदय रोग में विभिन्न रोगऔर उनके उपचार पर केस स्टडी के माध्यम से विचार रखे। दमन के डॉ सोलंकी ने रक्तचाप के नियन्त्रण में नूतन ओषधि पर व्याख्यान दिया। दिल्ली के डॉ एजिलन डोरायस्वामी ने एरिदमिया और उसके उपचार मुम्बई के गवर्नर स्पीच में डॉ मनोज गरेला ने ईसीजी दैट वार्न द क्लिनिशियन्स पर व्याख्यान दिया। भोपाल के डॉ माधव बंसल ने स्पाइडर वेब द्वारा एसेसमेंट ऑफ रिस्क फैक्टर्स फॉर कार्डियक डिजीज पर व्याख्यान दिया और पहले उसके पिक्टोरियल रिप्रजेंटेशन से उपचार के महत्व बताया। कुवैत से आईएससीसी के चेयरमैन डॉ राजेश राजन ने चेयरमैन एड्रेस में एसजीएलटीटू इन्हिबीटर्स के एण्टी एरिद्मिक इफेक्ट पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कोलकाता के डॉ कौशिक चाकी ने सामाजिक और आर्थिक स्थिती और हृदय रोग से उसके सम्बन्ध पर व्याख्यान दिया। मुजफ्फरपुर के डॉ निशान्त ने हृदय रोग के उपचार में पैलिएटिव केयर का महत्व बताया। रांची के डॉ एके सिंह ने डायस्टॉलिक डिसफंक्शन के इको से जांच कर हृदय रोग की शुरूआत में पहचान कर उचित समय पर उपचार को लाभदायक बताया।
दिल्ली से डॉ केपी सिंह ने हृदयाघात की पहचान, बचाव, उपचार और समय का महत्व बताया। इंग्लैंड के स्टार स्पीकर डॉ बिजी सोमन ने एण्डोकार्डाइटिस के नए उपचार और कार्डियक प्रोफाइलेक्सिस का महत्व बताया।

## चंपाई सोरेन जो भी फैसला लेंगे वह राज्य के हित में होगा : सरयू

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों से राजनीति गरमा गई है। इस बीच जमशेदपुर पूर्वी सीट से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि चंपाई सोरेन जो भी फैसला लेंगे, वह राज्य के हित में होगा। उन्होंने कहा कि अगर धुआं उठता है, तो आग लगी ही होगी। चंपाई सोरेन अनुभवी और समझदार नेता हैं। चंपाई सोरेन जो भी फैसला लेंगे, वह झारखंड के हित में होगा। वह कोई भी फैसला सोच-समझकर ही लेंगे। चंपाई सोरेन बहुत सीनियर नेता हैं। उनके किसी निर्णय पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। चंपाई सोरेन को 15 विधायकों के समर्थन पर उन्होंने कहा, इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। हम मीडिया और अखबारों की खबरों को ही मान रहे हैं। हालांकि, जब 15 विधायक चले जाएंगे, तो संभव है कि चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बन जाएं। शिबू सोरेन भी झारखंड के बड़े नेता रहे हैं। हेमंत सोरेन भी कोई खराब नेता नहीं हैं। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा को पाला-पोसा है और आगे बढ़ाया है। मेरे लिए किसी पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। बता दें कि भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच चंपाई सोरेन रविवार दोपहर अपने निजी स्टाफ के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि 'हम अभी जहां हैं, वहीं हैं।' दिल्ली आने का कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अपने निजी काम से आए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी बेटी यहां रहती है, मैं उससे मिलने आया हूं।'

भाई बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन एवं सावन पूर्णिमा सहित अंतिम सोमवारी की लापुंग और बेड़ो के सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
मांडर
विधानसभा क्षेत्र।

घघरी बाबा धाम में आज आयोजित प्रथम सावन पूर्णिमा मेला में आप सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत।
सावन पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

राजकमल गोप
अध्यक्ष
घघरी बाबा धाम
सेवक सिंह
कोषाध्यक्ष
संजय महतो
सचिव घघरी बाबा धाम प्रबंधन समिति घघरी लापुंग।

## एक नजर

### डॉ अरुण राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने

**रांची।** डॉ अरुण कुमार को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष,संतोष प्रसाद को दस्तकार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष और प्रणव कुमार बबलू को प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का महासचिव मनोनीत किया गया है इस संबंध में रविवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने निर्देश दिया कि अति शीघ्र अपने अपने प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूची उपलब्ध कराए ।साथ ही राजद के नेता लालू प्रसाद यादव के नीति और सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाए तथा संगठन को धारदार और मजबूत करने का काम करें।

### ऑटो चालक से मोबाइल छीनकर अपराधी फरार

**रांची।** चुटिया में रेलवे स्टेशन के पास स्कूटी सवार अपराधियों ने एक ऑटो चालक का मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। घटना आठ अगस्त की है। चालक बबलू प्रसाद ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हटिया चांदनी चौक के पास के रहने वाले चालक बबलू ने पुलिस को बताया कि वह आठ अगस्त को रांची रेलवे स्टेशन के बैठे थे। इसी दौरान दो युवक स्कूटी पर सवार होकर पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

### पंच परगना सुंडी संघ का सम्मेलन 25 को

**रांची।** पंच परगना सुंडी संघ की ओर से 25 अगस्त को सुंडी सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में पंचपरगना क्षेत्र के समाज के लोगों का सम्मान समारोह सह परिचय कार्यक्रम हुआ। इसमें झारखंड प्रदेश शौण्डिक समाज के पदधारी एवं सदस्य भी शामिल होंगे। संगठन की ओर से रविवार को जोन्हा में श्रीराम मंदिर में समाज के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं एकजुटता को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मधुसूदन साहू और संचालन संतोष साहू ने किया।

### झारखंड पुलिस के 20 दरोगा को इंस्पेक्टर रैंक में मिली प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड पुलिस के 20 दरोगा को इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा रविवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक जिन दरोगा को प्रणति दी गई है उनमें सुधीर प्रसाद साहू, शिव बिहारी तिवारी, शंभू प्रसाद सिंह, त्रिलोचन तामसोए, पृथ्वी सेन दास, विजय कुमार, अभिजीत गौतम, मुकेश चौधरी, गुलशन भेंगरा,सोनी प्रताप, अजीत कुमार भारती, प्रशांत कुमार, हरदियूस टोप्पो, दयानंद सोरेन, संजय जनक मूर्ति, संजय चंद्र उरांव, राजीव प्रकाश, मोहम्मद कददूस, बैजनाथ कुमार और पूनम कुजूर शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने बोआरीजोर से गोड्डावासियों को दिया 151 योजनाओं का तोहफा

# राज्य भर में खुशी का दिख रहा माहौल : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। हम आपकी भावनाओं से भली- भांति वाकिफ हैं। यही वजह है कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब और किसानों- मजदूरों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के राजाभीठा में विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम विपरीत पतिस्थितियों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल



पर उतर रही हैं, जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है।

**▸ अपने संसाधनों को बढ़ा रहे हैं, ताकि आपके लिए और नई –नई योजनाएं ला सकें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। पिछले साढ़े वर्षों में अनेकों ऐसी योजनाएं लेकर आए , जिससे जुड़कर यहां के लोग सशक्त बन रहे हैं। अब ऐसी ही कई और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को शुरू करने की कार्य योजना तैयार हो रही है। ये नई योजनाएं इस राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने संसाधनों को बढ़ा रहे हैं।

**▸ नारी शक्ति को समर्पित है झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलाएं काफी मेहनतकश हैं। वे घर- परिवार भी चलाती हैं और आमदनी के लिए काम भी करती हैं। ऐसे में हमारी सरकार राज्य की महिलाओं एवं बहन -बेटियों के लिए पहले से ही कई योजनाएं चला रही हैं। इसी क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना नाम से एक और ऐतिहासिक कड़ी आज से जुड़ रही है। इस योजना के तहत महिलाओं और बहन-बेटियों को हर वर्ष 12 हजार रुपए सम्मान राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य की बच्चियां पैसे के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपए दिया जा रहा है। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य की बहन- बेटियों को झारखंड मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर रक्षा बंधन की सौगात दी।

योजनाओं के उद्घाटन -शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी एवं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक प्रदीप यादव तथा विधायक कल्पना सोरेन समेत जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग के आदेश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में डीजीपी द्वारा आदेश दिये जाने के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित अधिसूचना रविवार को जारी कर दी. जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया हैं। उसमें 53 सब इंस्पेक्टर रैंक, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था गौरतलब है कि बीते दिनों झारखंड समेत चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां वह एक लंबे समय से तैनात है। इसलिए चुनावों से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले में बने रहने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अगर वह अपने गृह जिले में तैनात है या उसने उसने पिछले चार वर्षों के दौरान उक्त जिले में तीन वर्ष वर्ष पूरे किए हैं, तो उसे स्थानांतरित किया जाये।

## मंत्री संजय सेठ ने कृष्ण जन्मोत्सव मंच निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सान्निध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 26 तथा 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है। इसके लिए रविवार को मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य व झांकी प्रतियोगिता के लिए मंच तैयार होगा। इसे बनाने के पूर्व भूमि पूजन का कार्य रविवार को समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद अजय मारू के अलावा अध्यक्ष मुकेश काबरा द्वारा आचार्य की उपस्थिति में



**27 अगस्त को संध्या चार बजे दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

संपन्न कराया गया। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि प्रथम दिन 26 अगस्त को शाम चार बजे से धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा भाव नृत्य प्रस्तुति होगी। कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण के भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शन के साथ प्रस्तुति रखी जायेगी।

## सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाये जा रहे डायल 112 के क्यूआर कोड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर महिला सुरक्षा, एटीएम संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर त्वरित कार्रवाई के लिए डायल-112 का क्यूआर कोड बनाया गया है। इस क्रम में रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में क्यूआर कोड को सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाया गया। क्यूआर कोड ऑटो, ई-रिक्शा ,बसों पर चिपकाया जा रहा है क्यूआर कोड को जिले के सभी ऑटो, ई-रिक्शा और नगर निगम की सभी बसों पर चिपकाया जा रहा है। जिसे महिलाएं आसानी से स्कैन कर डायल-112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसी प्रकार एटीएम संबंधी धोखाधड़ी या साइबर अपराध की सूचना और शिकायत के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है, जिसे शहर के सभी एटीएम में चिपकाया जायेगा।

**इसे स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे लोग**

आमजन आसानी से आवश्यकता पड़ने पर इसे स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। क्यूआर कोड की व्यवस्था के माध्यम से डायल-112 को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। जिससे लोग आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनको त्वरित सहायता मिल सके।

## वर्ष 2025 में होने वाले परिसीमन में घटेगी आदिवासी सीटें : धान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर पुराना विधानसभा क्लब हॉल में रविवार को आदिवासी संगठनों की बैठक हुई। अध्यक्षता पूर्व कानून मंत्री देवकुमार धान ने की, जबकि संचालन बलकू उरांव ने किया। धान ने कहा कि वर्ष 2025 में फिर से परिसीमन होने वाला है, इसमें आदिवासियों की चार विधानसभा सीट और एक लोकसभा सीट घटेगी। झारखंड विधानसभा में आदिवासियों के लिए 28 विधानसभा सीट में 10 सीट घटकर मात्र 18 सीट हो जाएगी। बाहरी आबादी के प्रभाव के कारण आदिवासियों के लिए जितने भी प्रकार के आरक्षण हैं, जैसे नौकरी, शिक्षा, पंचायत, लोकसभा, विधानसभा साथ ही पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून, सीएनटी एक्ट भी प्रभावित होगा।

बैठक में निर्णय हुआ कि विधानसभा-लोकसभा की घटने वाली सीट के लिए आदिवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर झारखंड में आदिवासियों की 28 विधानसभा सीट व लोकसभा की पांच सीट को फ्रीज करने की मांग करेगा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि गैर आदिवासी द्वारा आदिवासी महिला को पहली, दूसरी पत्नी बनाकर जमीन, नौकरी, मुखिया, जिला परिषद का आरक्षण का लाभ आदिवासी महिला के नाम पर ले रहे हैं। वैसी आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी से शादी करने के बाद आदिवासी रीति-रिवाज, भाषा-संस्कृति-परंपरा को छोड़ देती हैं, वैसी आदिवासी महिला को एसटी के आरक्षण से बाहर करने का प्रस्ताव पारित किया जाए।

## चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की बात अफवाह सरकार गिराने की साजिश : केशव महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की चर्चाओं को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो ने अफवाह करार देते हुए रविवार को कहा कि राज्य की सरकार को गिराने की साजिश की जा रही है।

झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह अफवाह है मीडिया द्वारा फैलाई गई है। चंपाई सोरेन झारखंड सरकार के मजबूत स्तंभ हैं। हेमंत सोरेन से उनकी कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़ी जो भी बातें सामने आ रही हैं, वे निराधार हैं। वह पार्टी के वरिष्ठ नेता और संस्थापक सदस्य हैं। उनका किसी और दल में जाने का सवाल ही नहीं पैदा होता। केशव महतो ने कहा कि 2024 के लोकसभा




*2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा बेनकाब हो गई है। झारखंड सरकार को गिराने के लिए सभी ताकतें लगी हुई है*

चुनाव में भाजपा बेनकाब हो गई है। झारखंड सरकार को गिराने के लिए सभी ताकतें लगी हुई है।

दरअसल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा तेज है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इन्हीं चर्चाओं के बीच चंपई सोरेन रविवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन 2 फरवरी 2024 से 3 जुलाई 2024 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे। हालांकि, हेमंत सोरेन ने जमानत पर जेल से बाहर निकलने के बाद फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली थी। उस समय भी मुख्यमंत्री पद से विदाई के बाद चंपई सोरेन की नाराजगी की खबरें सामने आई थीं।

### झारखंड भाजपा में मुख्यमंत्रियों की भरमार : झामुमो

**रांची।** झामुमो ने रविवार को भाजपा पर तंज कसा है। पार्टी के ट्विटर हैंडल से कहा गया है कि झारखंड भाजपा में मुख्यमंत्रियों की भरमार है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और उसके ऊपर सुपर सीएम तो हैं ही हिमंता बिस्वा सरमा। अब लग रहा है कि एक-दो और पूर्व को गवर्नर बना राज्य से निकाला दिया जायेगा।

## विश्वविद्यालय व कॉलेजों में सितंबर होगा पोषण माह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उच्च शिक्षण संस्थानों को सितंबर को बतौर पोषण माह मनाने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसे पोषण माह 2.0 नाम दिया गया है। इसके तहत झारखंड के सभी विश्वविद्यालय व कॉलेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई), की ओर से 1-31 सितंबर तक पोषण माह मनाया जाएगा। यह पांच




बिंदुओं पर केंद्रित होगा, जिनमें- एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी शामिल हैं। पोषण माह एक जनांदोलन के रूप में मनाया जाएगा। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पोषण माह 2.0 के पहले चरण के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस समन्वयकों की बैठक 22 अगस्त को होगी। इसमें सभी 24 जिलों एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी व हर विश्वविद्यालय कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल होंगे। जबकि, द्वितीय चरण के लिए 23-30 अगस्त तक विश्वविद्यालय व जिला स्तरीय बैठकें होंगी।

### आंदोलनकारियों को उम्मीदवार बनाया जाएगा : देवेंद्रनाथ महतो

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें वरिष्ठ नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि राज्य के आंदोलनकारियों की पहचान कर विधानसभा में उम्मीदवार बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल में कई आंदोलन किये गये। खासकर मुख्यमंत्री आवास घेराव, जेपीएससी, झारखंड बंदी के अलावा अन्य आंदोलन किये गये।

## आदिवासी छात्र संघ ने स्थानीय नीति नहीं बनने पर जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी छात्र संघ की बैठक रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अध्यक्षता में हुई। इसमें झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई। केंद्रीय कोषाध्यक्ष और संयोजक डॉ जलेश्वर भगत ने कहा कि पिछले लगभग पांच वर्षों में राज्य सरकार न तो स्थानीय नीति बना पाई है और न ही पेसा कानून लागू कर पाई है। उन्होंने आशंका जताई कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) कांग्रेस के साथ गठबंधन में बने रहते हुए पेसा कानून और नियोजन/स्थानीय नीति को लागू करने में असमर्थ रह सकती है, भले ही वह इसे लागू करना चाहती हो। यह स्थिति आदिवासी समुदाय के हितों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। बैठक के दौरान केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस में बाहरी हस्तक्षेप बढ़ रहा है। कहा कि झारखंडी कार्यकर्ताओं को अनारक्षित सीटों पर कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस में भी झारखंडी कार्यकर्ताओं के साथ अनारक्षित सीटों पर भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा है, जिससे राज्य के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**एकजुट होकर संघ के उद्देश्यों की पूर्ति करें**

केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर संघ के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करें। बैठक में आदिवासी छात्रों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए विशेष योजनाओं पर विचार किया गया। साथ ही, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और संघ के विस्तार के लिए विभिन्न कदम उठाने पर सहमति बनी।

## झारखंड मुद्रा मोर्चा अब महज एक परिवार केंद्रित पार्टी बन कर रह गया है : बाबूलाल मरांडी




**दलालों, बिचौलियों घुसपैठियों का मुखौटा बन चुकी झामुमो में अब चंपाई सोरेन और लोबिन हेम्ब्रम जैसे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जगह नहीं रही**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा लिखे गए मार्मिक पत्र पर प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा झारखंड मुद्रा मोर्चा अब केवल एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। कहा कि कभी विनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन, चंपाई सोरेन, लोबिन हेम्ब्रम, दुर्गा सोरेन जैसे नेताओं की पार्टी रही झारखंड मुक्ति मोर्चा अब जेल से संचालित होने वाली दलालों,बिचौलियों की पार्टी बन चुकी है। कहा कि यह देखकर बहुत दुख होता है कि चंपाई सोरेन जी ने जिस पार्टी के प्रति अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया, उन्हें ही तिरस्कृत कर मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उनके अधिकारों का हनन कर जबरन कार्यक्रमों को स्थगित किया गया। कहा कि दलालों, बिचौलियों घुसपैठियों का मुखौटा बन चुकी झामुमो में अब चंपाई सोरेन और लोबिन हेम्ब्रम जैसे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जगह नहीं रही। अपने ध्येय से विमुख होकर भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रही पार्टी को जब लोबीन हेंब्रम ने सचेत करने का प्रयास किया तो दुष्प्रचार किया गया। कहा कि विचारधारा से विमुख हो चुकी झारखंड मुद्रा मोर्चा के पतन की यह महज शुरूआत है। चंपई जी और लोबिन जी से प्रेरणा लेकर झामुमो के अनेकों निष्ठावान कार्यकर्ता परिवारवाद की राजनीति का बहिष्कार करेंगे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने दुबलिया में पौधरोपण अभियान चलाया

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची की ओर से रविवार को कांके के दुबलिया में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसमें गांव के विभिन्न इलाके में संगठन की ओर से फलदार एवं छायादार पेड़ के कई पौधे लगाये। ग्रामीणों के बीच पौधे का वितरण किया गया। संगठन की ओर से दुबलिया अखड़ा मैदान में आयोजित लघु गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के महत्व एवं जनकल्याणकारी कार्य से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। बताया गया कि मानसून सीजन में संगठन की ओर से पौधरोपण का यह पांचवां अभियान है। कार्यक्रम में अजय कुजूर, ग्राम प्रधान सतीश तिग्गा, संदीप उरांव, आशुतोष नाथ शाहदेव, नवल किशोर सिंह, सुनील सिंह, उदय नारायण पांडेय, गंगाधर नाथ शाहदेव, अंजनी सिंह, द्वेद नाथ शाहदेव, सौरभ राज, उदित सिंह, नागदमनी नाथ शाहदेव, राधा मोहन मिश्रा, बद्रीनाथ शाहदेव समेत अन्य की भागीदारी रही।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस प्रदेश के सभी प्रवक्ता और सोशल मीडिया चेयरमैन पूर्व की तरह कार्यरत रहेंगे

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी,चेयरमैन सहित सभी प्रवक्ता और सोशल मीडिया चेयरमैन एवं सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर पूर्व की भांति कार्यरत रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस संबंध में निर्देश दिए है। इस संबंध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार द्वारा जनमुद्दों को लेकर किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाना है। ताकि झारखंड में कांग्रेस के सिद्धांतों के अनुसार किए गए कार्यों से जनता परिचित हो सके। महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्यों को विभिन्न संवाद माध्यमों से भाजपा द्वारा अपना बताने की कोशिश की जाती है, जिससे जनता भ्रमित होती है। इसलिए आवश्यक है की जनकल्याण के किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से लगातार जनता के समक्ष रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार के छलावे मे फंसने से बचाया जाए।

### राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के 80 वीं जयंती पर सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालयों में सद्भावना यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल के निदेर्शानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने यह निर्देश दिया है। इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उसकी गतिशीलता बरकरार रखी थी। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समरसता, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान,पंचायती राज के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के विकास के लिए अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा था। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि स्वर्गीय राजीव गांधी के आदर्शों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को जनता के बीच सद्भावना यात्रा के माध्यम से प्रचारित प्रसारित करेंगे। साथ ही सद्भावना यात्रा में सभी जिला अध्यक्ष अपने जिला अंतर्गत आने वाले सांसद, विधायक एवं संगठन के सभी स्तर के पदाधिकारी, कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### मंईयां योजना के बैनर से चंपाई सोरेन का नाम गायब: अमर बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री के स्तर से रविवार को शुरू की गई मंईयां योजना पर सवाल किया है। एक्स पर सवाल करते कहा कि मुख्यमंत्री पाकुड़ के गायबथान में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरूआत करने गए थे। पर विडंबना देखिए कि वहीं के जिस होपनी मरांडी, दांदु हेंबरम,रानी मुर्मू की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा लूट ली गई थी, उसे नहीं लौटाया। झामुमो-कांग्रेस ने गरीबों को 72,000 सालाना देने का वादा किया था। हेमंत सोरेन के झूठे वादे की थोड़ी भरपाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बहन-बेटी माई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना पर अपनी मुहर लगाई थी। अमर के अनुसार हेमंत सरकार के बैनरों व योजनाओं से चंपाई सोरेन का नाम व निशान गायब है। फिर जेल से बाहर निकले हेमंत सोरेन ने सत्ता हथियाने का खेल शुरू किया। खैर, दूसरों के किए गए कार्यों पर क्रेडिट लेना और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दिए गए नौकरियों के नियुक्ति पत्र बांटने में मुख्यमंत्री हेमंत पारंगत प्राप्त हैं।

### व्यापारियों ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की

**रांची।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की बैठक रविवार को प्रेस क्लब में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के व्यापारियों ने भाग लिया और एक स्वर से झारखंड में व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि राज्य में वर्तमान में जिस प्रकार अपराधियों द्वारा व्यापारियों को टारगेट किया जा रहा है, वह चिंता की बात है। व्यापारी समाज और देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। बावजूद उसके सरकार का फोकस इस वर्ग पर बहुत ही कम है। राज्य के विभिन्न इंडस्ट्रियल एरिया में अव्यवस्था का अंबार लगा हुआ है। सभी व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सभी जिलों में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त करें, क्योंकि आने वाला समय विभिन्न पर्व-त्यौहार का है। इस निमित्त फेडरेशन ने अपनी लॉ एंड ऑर्डर सब-कमेटी, जो चेयरमैन सत्येंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में चल रही है, उसमें को-चेयरमैन के रूप में हरीश नागपाल और शाहिद आलम को जोड़ा है। व्यापारियों से अपील की है कि उनके साथ कोई भी घटना घटित होती है, तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय थाने में देते हुए फेडरेशन को भी दें। झारखंड के विभिन्न जिलों से व्यापार संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र और फेडरेशन का आई कार्ड दिया गया। बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह एवं रेणुका तिवारी, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, शाहिद आलम, संगीता अग्रवाल, श्वेता सांवरिया, मनोज कुमार गोयल, प्रशांत कुमार प्रधान सहित स्वरूप कुमार सेठी आदि उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक

**रांची।** चेहल्लुम और कृष्ण जन्माष्टमी एक ही दिन होने की संभावना है। जिसे देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शांति समिति के साथ की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी उपद्रव किया या फिर अपने निर्धारित मार्ग छोड़कर जुलूस निकाला या बिना लाइसेंस धारी आखाड़ा लेकर सड़क पर उतरा तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने कहा कि दोनों त्योहारों को भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

## एक नजर

### जिप सदस्य के प्रयास से नयाटांड़ के ग्रामीणों को मिला नया ट्रांसफार्मर

**बरकट्ठा।** जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी के प्रयास से नयाटांड़,तुईयो के ग्रामीणों को एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि उक्त गांव के ग्रामीण विगत 8 दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। इस निमित ग्रामीणों ने कुमकुम को फोन पर इसकी सूचना दी, तो उन्होंने हजारीबाग विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। वही ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए पदाधिकारियों ने कुछ दिनों का समय मांगा। तत्पश्चात कुमकुम ने चीफ इंजीनियर रांची से बात कर तत्काल समस्या का हल कराते हुए ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस कार्य के लिए लोगों ने उन्हें धन्यवाद दिया। इसी बीच रिम्स रांची में इलाजरत चलकुशा निवासी किसुन यादव से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बात कर उन्हें मदद करने की अपील की।

### बरकट्ठा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या 45/24 धारा 21(बी)/22(बी) एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त ग्राम सलैया निवासी राजेश प्रसाद उर्फ राजेश मंडल पिता बासुदेव प्रसाद महतो को गिरफ्तार किया. जिसे रविवार को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेज दिया।

### विनोबा भावे विवि के छात्रों ने निकाला न्याय मार्च

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुए रेप और मर्डर के दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर एक व्यापक न्याय मार्च का आयोजन शनिवार को किया गया. इस मार्च में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के हजारों छात्रों ने भाग लिया और महिला सुरक्षा को लेकर अपनी आवाज बुलंद की. मार्च की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई. इस दौरान छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई यह भयावह घटना हमारी न्याय प्रणाली और समाज के मूल्यों पर सवाल खड़ा करती है. हम इस मामले में दोषियों को फांसी की सजा की मांग करते हैं ताकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों. मार्च के दौरान सभी छात्राओं ने भी अपनी बात रखी और महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। अभिषेक राज ने इस बात पर जोर दिया कि हर महिला को समाज में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और ऐसे अपराधों के दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ऐसे अपराध हमारे समाज के लिए कलंक हैं, और हमें न्याय चाहिए. रिसर्च स्कॉलर पुष्कर कुमार पुष्प ने भी महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा, आज के समाज में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध न केवल शर्मनाक हैं।

शगुन वाटिका बैंक्वेट हॉल में 'सावन महोत्सव' कार्यक्रम आयोजित

# सावन का महीना काफी पावन होता है : शेफाली गुप्ता

*महिलाएं भक्ति गीत संगीत में सरोबार होकर सावन के रंग में रंगीं तथा एकजुटता का अभूतपूर्व दिया संदेश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से चानो रोड अवस्थित शगुन वाटिका बैंक्वेट हॉल में दिन रविवार को 'सावन महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने महिलाओं को अतिथि सत्कार कर विशेष सम्मान दिया। इस दौरान नृत्य संगीत सहित कई विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने शामिल होकर सावन महोत्सव कार्यक्रम का लुप्त उठाया। महिलाओं ने नृत्य संगीत में सरोबार होकर सावन के रंग में रंगी। इस दौरान शगुन वाटिका बैंक्वेट हॉल में बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती की गीत व संगीत से भक्तिमय महौल बन गया। महिलाओं का उत्साह व उमंग चरम पर था। सामुहिक गीत-संगीत का हिस्सा बनकर एकजुटता का अभूतपूर्व संदेश दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संबोधन में कहा सावन का महिना काफी पावन होता है। मास में अनुष्ठान व धार्मिक कार्य काफी शुभ माना जाता है। सावन के पावन महिने में भक्ति गीत संगीत में झुमने व गाने पर बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती काफी प्रसंन्न होती है। श्रद्धालुओं की मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। मौके पर विशेष रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, रानी शुक्ला, इंदू गुप्ता, कंचन शर्मा, ऊषा देवी, गीता देवी, बबिता देवी, पूनम चौधरी, मीना देवी, मिक्सी सिन्हा, उमा देवी, सीता देवी, अनीता देवी, सावित्री देवी, जालो देवी, नूतन देवी, डॉली कुमारी, संजू देवी, मोहनी देवी, ममता देवी, सीमा देवी, दुलारी देवी, रीना देवी, रेणु देवी, मालती देवी, नागिना देवी एवं मीणा देवी सहित कई महिलाएं शामिल रही।

## कंप्यूटर साक्षरता अभियान में बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बाजार रोड स्थित साई कम्प्लेक्स में संचालित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान में 78 वें स्वतंत्रता दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विजेता छात्र-छात्राओं को निदेशक दिलीप कुमार नायक के द्वारा मेडल और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम में 120 छात्र छात्राओं को डीसीए कंप्यूटर कोर्स का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक ने कहा कि इस सेंटर में लगभग 300 छात्र छात्राएं है जो प्रथम बैच के डीसीए में डिप्लोमा धारी को 15 अगस्त के दिन प्रमाण पत्र दिया गया और आगे की उच्च शिक्षा के लिए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। निदेशक ने बताया कि संस्था के प्रत्येक पंचायत में फील्ड सुपरवाइजर लगे हुए हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे असहाय बच्चों के बीच कम्प्यूटर शिक्षा का अलख जगाने में काफी मदद कर रहे हैं। संस्था के प्रिंसिपल ने कहा कि आने वाले छात्राओं के लिए बहुत जल्द कंप्यूटर शिक्षा के साथ साथ ब्युटीशयन का क्लास भी शुरू किया जाएगा। मौके पर अतिथि के रूप में दिलीप कुमार हजारीबाग, संस्था के मीडिया प्रभारी ईश्वर यादव, निदेशक दिलीप कुमार नायक, प्रिंसिपल रानी कुमारी, शिक्षिका स्नेहा कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री श्री मनसा पूजा समिति कोठार ने किया मनसा पूजा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** श्री श्री मनसा पूजा समिति कोठार द्वारा सर्पो की देवी माता मनसा की पूजा धूमधाम से की गई। गांवों में माता मनसा की पूजा भक्तिभाव से किये जाने को लेकर कुछ मान्यताएं हैं। कृषि बहुल क्षेत्र होने की वजह से किसानो और ग्रामीणों का नाता सांप-विच्छुओं के खतरे वाले स्थानों तालाब, पोखर, नदी-नाले से बना रहता है। ऐसा कहा जाता है की माता मनसा की पूजा से सांप-बिच्छुओं के खतरों से सुरक्षा मिलती है। इसी कारण ग्रामीण भक्तिभाव से माता मनसा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। पूजा के क्रम में ग्रामीणों ने बकरे और बत्तख की बलि दी। मौके पर श्री श्री मनसा पूजा समिति कोठार द्वारा बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश मुंडा,जयंती देवी उपस्थित थे। मौके पर मनोज कुमार महतो ने माता मनसा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा की माता मनसा की पूजा की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। कहा की माता मनसा का आशीर्वाद मिलने से सभी तरह की परेशानी दूर होने के साथ साथ क्षेत्र में खुशहाली और सुख समृद्धि आती है। इसलिए लोगों माता मनसा की पूजा अर्चना कर उनसे खुशहाली की कामना करते हैं। पूजा के दौरान बच्चों के बीच आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष मनीष कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, जगरनाथ महतो, अविनाशी कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, अमित कुमार, नितेश कुमार, करण कुमार, गोपी कुमार, राहुल कुमार, रूपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष व सीएलपी लीडर को प्रखंड कांग्रेस इकाई ने दी बधाई

# उचित समय पर पार्टी ने लगाया है मास्टरस्ट्रोक, पार्टी को मिलेगा लाभ

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केशव महतो को प्रदेश अध्यक्ष और डॉ रामेश्वर उरांव को सीएलपी लीडर मनोनीत किया गया है।*





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आला कमान के निदेर्शानुसार प्रदेश कमिटी में बड़ा फेरबदल किया गया है. पार्टी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केशव महतो को प्रदेश अध्यक्ष और डॉ रामेश्वर उरांव को सीएलपी लीडर मनोनीत किया है। प्रदेश स्तर पर हुए इस परिवर्तन को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी नहीं बताया कि विधानसभा चुनाव के ठीक पूर्व पार्टी दे यह महत्वपूर्ण परिवर्तन कर मास्टर स्ट्रोक चलाया है। दोनों नेता काफी अनुभवी है तथा झारखंड के सियासी परिस्थितियों से पूरी तरह अवगत है। इससे पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह और उमंग है। यह नया परिवर्तन पार्टी को मजबूती देगा और विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने में लाभ मिलेगा। पार्टी के फैसले का उन्होंने स्वागत करते ही केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। मौके पर उपस्थित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी उदय केसरी,विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया सिकंदर राणा, मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, दशरथ यादव, मो तौकिर रजा, मीना देवी, , राजेन्द्र यादव, मनोज मण्डल, रामानंद यादव, छोटेलाल यादव, हरि गुप्ता, राजाराम बेसरा, मिथिलेश उपाध्याय, मनोज यादव, श्यामसुंदर यादव, तिलक भुइयां, सुरेश पाण्डेय, रामेश्वर पांडेय, प्रयाग प्रसाद आदि ने भी नव मनोनित अधिकारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस नेता मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बहेरी पंचायत भवन में आयोजित मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह समारोह बुद्धिजीवी मंच हजारीबाग (शिक्षकों) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बौद्धिक परीक्षा बहेरी, चानो, सखिया, ओरिया, सेतागाढ़ा, इत्यादि क्षेत्रों से आए बच्चों के लिए कराई गई।



मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आज के ये बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। इनकी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को सम्मानित करना न केवल इन्हें प्रेरित करेगा, बल्कि पूरे समाज को एक सकारात्मक दिशा भी देगा। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इन बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने में हर संभव सहायता प्रदान करें। शिक्षा और ज्ञान ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा हम एक उन्नत समाज की ओर बढ़ सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज, छत्री गोप, दसरथ प्रसाद, प्रेम प्रसाद राणा, विनोद कुमार पासवान, सुनील कुमार यादव, सतीश राम, दिनेश कुमार, राजु कुमार, लालवीर राणा, अजीत कुमार दास, तुलसी कुमार दास, ज्योति देवी, लिलिता देवी, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, विक्की कुमार धान, नवनीत सिंह राजपूत, इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में, मेधावी बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुन्ना सिंह नेबइस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकगण और बुद्धिजीवी मंच के सदस्यों का धन्यवाद किया गया।

## डीडीसी ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर शनिवार को उपविकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनय कुमार द्वारा उपविकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा बकरा विकास योजना के तहत 1003, सुकर विकास योजना के तहत 206, 400 बैकयार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर को कुक्कुट पालन) के तहत 113, 500 ब्रायलर कुक्कुट विकास योजना के तहत 209 व15 बत्तख चूजा वितरण योजना के तहत 826 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं गव्य विकास के क्षेत्र में दो गाय-भैंस की योजना के तहत 90, पांच गाय/भैंस की योजना के तहत 17, 10 गाय भैंस की योजना के तहत 8, हस्त चलित चैफ कटर के तहत 10, विद्युत चलित चैफ कटर के तहत 19, मिल्किंग मशीन (4 बकेट) के तहत एक, पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट के तहत एक, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के तहत 82, डीप बोरिंग के तहत 46 व काऊ मैट के तहत 3 लाभुकों तथा जोड़ा बेल योजना के तहत 31 लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के लिए भेजी गई है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर लाभुकों को लाभ देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ने जिला स्तरीय समिति से आवेदनों के अनुमोदन के उपरांत जल्द से जल्द लाभुकों का एस्क्रो खाता खोलने सहित अन्य कार्य पूर्ण करते हुए लाभुकों को योजना से लाभवांवित करने का निर्देश दिया।



## न्यूज बॉक्स

### रक्षाबंधन आज, प्रदोष काल को रक्षा बंधन के लिए बताया गया है अति शुभ मुहूर्त

**बरही ।** वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है. इस साल आज अर्थ गुरुवार को रक्षाबंधन मनाया जायेगा पर भद्रा का साया रहेगा. मान्यता है कि भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य उचित नहीं है. ऐसे में रक्षा बंधन का त्योहार इस अवधि में नहीं मनाना चाहिए. जानकारी के अनुसार 19 अगस्त अर्थात गुरुवार को राखी बांधने का शुभ समय दोपहर 2.07 बजे से रात 8.20 बजे तक उचित बताया जा रहा है. वहीं, शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 9 बजकर 10 मिनट तक को प्रदोष काल का समय देखा जा रहा है. मान्यता यह भी है की प्रदोष काल में राखी बांधना शुभ रहेगा. इस संबंध गृह रक्षा वाहिनी में कार्यरत व यज्ञाचार्य शशि पांडेय ने बताया कि अपराह्न 1.29 से रात्रि 9.10 मिनट के बीच राखी बांधना उचित रहेगा. हालांकि कुछ पंडितों ने राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रात्रि 11.55 तक भी बताए हैं. . विदित हो कि रक्षा बंधन भाई बहन का अमर प्रेम का त्योहार है. जहां भाई और बहन एक दूसरे के सुरक्षा के संकल्प लेते हैं. बहने अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वर से लंबी उम्र की कामना करती है वही भाई अपने बहन की हर विपरीत परिस्थिति में रक्षा करने का वचन देता है।




*अपराह्न 1:29 से रात्रि 9:10 बजे का समय उचित : शशि पांडेय*

### महावीर मंदिर समिति में पूर्णिमा पर अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**रामगढ़।** महावीर मंदिर पारडीह प्रबंधन समिति द्वारा पूर्णिमा को लेकर 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रौशन कुमार उपस्थित हुए। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने वैदक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा। इसके उपरांत मंदिर परिसर पहुंचकर विधि पूर्वक कलशों को स्थातिप किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की जिस क्षेत्र में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होता है वहां प्रभु निवास करते हैं । साथ ही प्रभु की कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं खुशहाली आती है। लोग निरोग रहते हैं। इसलिए अखंड हरि कीर्तन का हमारे जीवन में काफी महत्व है। कहा की इसका आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। मौके पर अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष शंकर पटेल, उपि सचिव आकाश कुमार, उप कोषाध्यक्ष मंतोष पांडें, महेंद्र चौधरी, खेमू महतो,पूरन महतो,विकास कुमार महतो, भोला महतो, ईश्वरनाथ महतो, डमरलाल महतो, सोनालाल चौधरी, मीनू महतो, राजेंद्र महतो, महेश महतो, रूपलाल महतो, चंद्रशेखर महतो, जगत महतो, चितरंजन महतो आदि उपस्थित थे।

### दो दिनों से गुमशुदा महिला का अपने ही घर के कुएं में मिला शव



**रांची।** दारूः रक्षाबंधन भाई- बहनों के पवित्र रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने का त्यौहार है। लेकिन इस रक्षाबंधन दो भाइयों के कलाई पर एक बहन राखी नहीं बांध सकेगी। पिछले दिनों हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र के कोय ग्राम निवासी अवध कुमार राणा की पत्नी सुमन शर्मा दो दिनों तक रहस्यमय तरीके से लापता होने के बाद उनके ही घर के कुंआ से शव बरामद हुआ। मृतिका महिला के पति ने इसे लेकर दारू थाना में आवेदन भी दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि मैं अपने दो बच्चों के साथ उसे स्कूल पहुंचाने गया था वापस जब घर आया तो मेरी पत्नी घर पर नहीं थी। मैंने गांव, आसपास, परिवार- रिश्तेदार में काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला और दो दिनों बाद अपने ही घर के कुंआ से गुमशुदा महिला का शव बरामद हुआ। इधर मृतिका की माता धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम बिलबेरा बस्ती निवासी उनकी माता सरिता देवी ने भी संबंधित थाना को आवेदन दिया है और घटना की जांच की मांग की है। इस मौत के रहस्य को लोग समझ नहीं पा रहें हैं। आसपास के लोगों में इस मौत को लेकर कई प्रकार की चचाएं हैं । मृतिका के दो भाई है और इस रक्षाबंधन उनके लिए बेहद मायूसी का समय है।

### शिव शक्ति धाम समिति से आयोजित वृक्षों के रक्षाबंधन मेला में हर्ष अजमेरा हुए शामिल




**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में सिवाने नदी की तट पर शिव शक्ति धाम समिति द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से प्राकृतिक वृक्षों रक्षाबंधन मेला का भव्य रूप से आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। आयोजक मंडली के द्वारा श्री अजमेरा का आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया आयोजक मंडली के सदस्यों ने माला पहनकर उनका स्वागत किया वहीं दूसरी और स्कूली बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाई गई थी जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे थे। इस बीच छात्राओं के द्वारा पेड़ बचाओ अभियान पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद हर्ष अजमेरा ने पेड़ को रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ की रक्षा करने का संकल्प लिया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, और उनका संरक्षण हमारे कर्तव्यों में शामिल है। यह मेला न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास है, बल्कि एक संदेश भी है कि हमें प्रकृति से अपने संबंधों को मजबूत करना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें एक हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण छोड़ने की जिम्मेदारी निभानी होगी। साथ ही कहा की प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सिवाने नदी के तट पर स्थित भटविघा बसोवार की पावन धरा पर पवित्र प्राकृतिक रक्षाबंधन के तहत रक्षा सूत्र बांधने का अवसर देने के लिए समिति के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, रेशम की नाजुक डोर से प्रेम और विश्वास के साथ जुड़े इस बंधन को मजबूत करते हुए प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लिया, आप सभी से अपील करता हूं कि प्रकृति की रक्षा करें और पर्यावरण को सुरक्षित रखें।

## एकल विद्यालय की शिक्षकाओं ने पुलिस व विधायक कार्यालय में बांधी राखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना के प्रभारी राजेश भोगता समेत अन्य पुलिस कर्मियों को वन बंधु के माध्यम से एकल विद्यालय के शिक्षकाओं ने संच प्रमुख प्रकाश पंडित की अगुवाई में रविवार को थाना परिसर में राखी बांधी गई। तत्पश्चात शिक्षिकाओं ने विधायक कार्यालय बरकट्ठा में उपस्थित लोगों को राखी बांधने का कार्य किया। मौके पर उपस्थित शिक्षिकाओं ने कहा कि राखी एक ऐसा रक्षा सूत्र है जो भाई को सभी संकटों से दूर रखता है। वहीं थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने कहा कि यह त्योहार भाई-बहनों के बीच स्नेह और पवित्र रिश्ते का प्रतीक है।अपनी ड्यूटी काल के दौरान मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के बहनों की हर हाल में रक्षा करूं। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस तथा विधायक कार्यालय में उपस्थित लोगों को मिठाई खिला कर उनकी लंबी उम्र व खुशहाल जीवन की कामना की। मौके पर शिक्षिका पार्वती देवी, चमेली देवी ,रीना देवी, दुलारी देवी, संजू देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ, एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने की कार्यक्रम की शुरुआत

*गीत व संगीत से दो दिन तक गूंजता रहा आईलेक्स का प्रांगण*

*निदेशक ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं*




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंचमाधव स्थित प्लस टू आईलेक्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दो दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा. कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक डॉ शैलेश कुमार के ध्वजारोहण के साथ हुआ. जहां उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी सहित विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्र गान गाया. निदेशक ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता की महत्ता को बताते हुए उसे अक्षुण्ण व सुरक्षित रखने के लिए शपथ दिलाई. झंडोतोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई. जो दो दिनों तक चलता रहा. कार्यक्रम के पहले दिन पंचमाधव स्थित मुख्य शाखा के विद्यार्थियों ने तो दूसरे दिन आईलेक्स के अन्य शाखाओं के विद्यार्थियों ने अपने जलवे दिखाए. सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज एसडीओ जोहान टुड्डू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया. जिन्हे विद्यालय के निर्देशक ने पुष्पगुच्छ के देकर स्वागत किया. अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रशसा करते हुए विद्यार्थियों को स्वतंत्रता की महत्व को बताया. देश की आजादी के स्वर्णमयी इतिहास को बताते हुए उसके रक्षा की बात दोहराई. पहले ही दिन विद्यार्थियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगो को देर संध्या तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

# पार्टी के नीति को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरुरत : जिलाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

वहीं जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के नीति सिद्धांतों एवं सोनिया गांधी व राहुल गांधी के विचारों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरुरत है। इसके लिए सबसे उचित माध्यम बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। डेविड तिर्की ने कहा कि आगामी विस चुनाव में भी कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस पार्टी जिले के दोनों विधानसभा सीट में भारी मतों से जीत दर्ज करेगी।जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सबसे मजबूत पार्टी बनाने की जिम्मेवारी सभी कार्यकर्ताओं के कंधे पर है। सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी को पुरी इमानदारी के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिले की सबसे मजबूत पार्टी है। लोग भारी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।



## संगठन की मजबूत कड़ी हैं बूथ स्तर के कार्यकर्ता : विधायक भूषण बाड़ा

सिमडेगा:-कुरडेग प्रखंड में शनिवार को कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक तेलेस्फोर टोप्पो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक भूषण बाड़ा एवं जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की मुख्य रुप से उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ को मजबूत करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही संगठन की मजबूत कड़ी है। आप सभी अंतिम व्यक्ति से जुड़े हुए हैं। आपके द्वारा किया गया मेहनत कांग्रेस पार्टी को हर चुनाव में जीत दिलाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों को जीताने के लिए मेहनत करें। आगामी विस चुनाव में हर बूथ से कांग्रेस पार्टी को जीत दर्ज कराएं। अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करें। बैठक में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,जिला उपाध्यक्ष देवनिस खलखो,सेत कुमार एक्का,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो सहित भारी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल थे।



## 23 अगस्त को युवा मोर्चा करेगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव के मद्देनजर जिला के सभी मंडलों में बैठक का आयोजन किया गया। बीरू मंडल में बीरू राजा साहब के आवास में भाजपा प्रखंड मंडल अध्यक्ष मुकेश पंडा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में युवाओं के अधिकार, रोजगार तथा झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए 23 अगस्त को भाजपा के कार्यकर्ता युवा आक्रोश रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया।सभी को अधिक से अधिक संख्या में युवा आक्रोश रैली में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। साथ हीं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस मौके पर मुकेश पंडा को सम्मानित भी किया गया।बीरू मंडल की बैठक में भाजपा संगठन के जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव, पूर्व मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरा राम, बीरू पंचायत के मुखिया सह मंडल उपाध्यक्ष गंगाधर लोहार, सुमंत बीसी, नरसिंह पेठाई, दिनेश्वर, सत्यनारायण प्रसाद, गोपाल केसरी, प्रेम कुमार दास, विकास सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राहुल मिश्रा, एंथोनी लकड़, प्यारा साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## अंतर विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल बना विजेता

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के बीआर इंटरनेशनल स्कूल में सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में अंतर विद्यालय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी स्कूल विजेता बना। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय,सेक्रेड हार्ट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किया। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कर्नल विजय कुमार शामिल हुए। उद्घाटन मुख्य अतिथि, एंकर नवीन पांडेय, सहोदया कॉम्प्लेक्स के विद्यालयों के निदेशकों, प्राचार्यो ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर किया। मुख्य अतिथि कर्नल विजय कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास होता है और बच्चों के अंदर छिपे ज्ञान को निखारा जाता है। शुरूआत बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्राओं ने गणेश वंदना नृत्य और स्वागत नृत्य के साथ किया। प्रतियोगिता में सीबीएसई के 13 विद्यालय के प्रतिभागी शामिल हुए। एंकर की भूमिका नवीन पांड्या ने निभाई। इसे सफल बनाने में बीआर इंटरनेशनल के निदेशक ओम प्रकाश राय, प्राचार्या राखी कुमारी शर्मा, उप प्राचार्य नवल किशोर आनंद, प्रशासक सुनील कुमार, शिक्षक केदार कुमार, शाहिस्ता परवीन आदि की भूमिका रही। कार्यक्रम में सहोदया कॉम्प्लेक्स के प्रेसिडेंट सह मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ,सेक्रेड हार्ट के प्राचार्य प्रमोद सिंह, इकरा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मकसूद आलम, जीएस स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, मंजुला शर्मा के एकेडमिक डायरेक्टर रामप्रवेश पांडेय, आदर्श प्लस टू हाई स्कूल के उप प्राचार्य रवि कुमार रवि, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय,प्राचार्या डॉ राखी शर्मा आदि मौजूद थे।

## महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी

**दारू।** दारू महिला दीदी के द्वारा दारू पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों एंव भाजपा के कुछ दिग्गज कार्यकर्ता को महिला दीदी दारू थाना पहुंच कर रविवार को जवानों को राखी बांधी। मौके पर महिलाएं जवानों की आरती उतारकर तिलक लगाकर परंपरागत तरीके से राखी बांध मिठाइयां खिलाई। साथ ही सभी जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन का रिश्ता का एहसास दिलाया। मौके पर जवानों ने कहा कि हम लोग पुलिस की नौकरी करने के कारण घर पर नहीं जा पाते हैं। महिला दीदी की बहनों द्वारा राखी बांधा गया। उन्हें रक्षाबंधन पर बहनों की कमी नहीं खल रही। उन्होंने कहा कि उन्हें भाई मानकर बहनों ने राखी बांधी तो वह भी भाई बनकर अपना फर्ज निभाते रहेंगे। मौके पर दारू थाना के सब इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, साथ दारू थाना के अन्य पुलिस कर्मी सहित कई अन्य जवान मौजूद थे। वहीं मौके भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा , बलदेव बाबू, रजनी देवी, सहित पुलिस के जवान एंव अन्य महिला दीदी मौजूद थे।

## हल्की बारिश में बहा वन क्षेत्र में बना चेकडैम टूटा संपर्क, गांव में हुई बाढ़ जैसी तबाही

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में जारी विकास की पोल खुल गई, जब कोडरमा प्रखंड के मेघातरी के कुशहना गांव में बना चेकडैम हल्की बारिश भी नहीं झेल पाया। नतीजा चेकडैम के बह जाने से कई गांव का सम्पर्क टूट गया। वहां बाढ़ का नजारा देखने को मिला। डैम के टूटने से सरकारी विद्यालय व कई घरों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं कई मवेशी पानी में बह गए। प्राथमिक विद्यालय कुशहना में भी भारी नुकसान पहुंचा जहां विद्यालय में रखे मध्यान भोजन बनाने वाले अनाज, बच्चों के खेलकुद का समाज व कई जरूरी दस्तावेज बर्बाद हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक चेकडैम टूटने की जोरदार आवाज के साथ गांव में पानी घुसना शुरू हुआ। जिसके बाद हम सभी समय किसी तरह सुरक्षित स्थान पर चले गए नहीं तो कई लोगों की जान भी जा सकती



थी। इधर डैम टूटने की घटना की खबर पाकर कोडरमा सीओ व वन विभाग की टीम पहुंची। यहां डैम का निर्माण किस विभाग के द्वारा किया गया था कोई बताने को तैयार नहीं था। पर बताया जाता है कि वन विभाग अंतर्गत वन्य प्राणी आश्रयणी कोडरमा प्रमंडल से उक्त चेकडैम का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि दो साल पहले भी मरम्मति करायी गयी थी और बड़ी राशि की निकासी कर ली गयी। इधर इस बाबत कोडरमा रेंजर रामबाबू ने बताया कि पता नहीं कौन विभाग से बना है। यह पूछे जाने पर कि वन विभाग में आपके बिना सहमति के कौन विभाग ओर कब बना था तो उन्होंने कहा कि बहुत पहले इसका निर्माण किया गया था, कह कर फोन कट कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक नीरा यादव के निर्देशानुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेघातरी पंचायत के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और उनके बीच चूड़ा, गुड़, सत्तू और बिस्कुट का वितरण किया।

## शांतिपूर्ण तरीके से चौकीदार बहाली लिखित परीक्षा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत रविवार को हुई लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान कुल 2483 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। गौरतलब हो कि सिमडेगा जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली परीक्षा के तहत कुल 3005 अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र भरा था जिसके तहत 2483 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया तथा 522 अभ्यर्थियों अनुपस्थित रहें।सिमडेगा जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत रविवार को सिमडेगा शहर के अलग-अलग 6 केन्द्रों पर चल रही लिखित परीक्षा को लेकर रविवार को अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा, एस०एस० +2 उच्च विद्यालय,



सिमडेगा, उर्सूलाईन कोन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, सामटोली सिमडेगा, संत अन्ना बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा संत मेरीज़ उच्च विद्यालय, सामटोली सिमडेगा एवं संत जेवियर्स कॉलेज, सामटोली, सिमडेगा का निरीक्षण कर चल रही लिखित परीक्षा का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने सभी केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे सभी संबंधित दण्डाधिकारियों, अधिकारियों आदि को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा पूर्ण कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने ने सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दारू** ।प्रखंड के दारू पंचायत के सिवाने नदी तट पर अवस्थित शिवशक्ति धाम में रविवार को वन रक्षाबंधन मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने बासोबार जंगल मे पेड़ो में रक्षा सूत्र बांध पेड़ बचाने की शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री अध्यक्ष शशिमोहन सिंह ,समिति के अध्यक्ष महेंद्र राम सचिव राजकुमार दास व भाजपा के पूर्व प्रखंड़ उपाध्यक्ष राजन सिन्हा ने पेड़ की पूजा अर्चना कर किया साथ ही साथ उपस्थित लोगों ने वृक्ष बचाने का संकल्प लिया। इस वन रक्षा महोत्सव में टाटीझरिया व दारू प्रखंड के कई विद्यालय के बच्चे भाग लिए ।इनमे छत्रपति शिवाजी +2 हाई स्कूल बड़वार, डीएवी सनफोर्ड टाटीझरिया, अरुण मेमोरियल सेकंडरी स्कूल झरपो, आर्यन डीएवी स्कूल झरपो और लिटिल चैंपियन प्ले स्कूल विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## मोबाइल छिनतई करने वाले को पुलिस ने धर दबोचा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेग।** सिमडेगा में मोबाइल की छिनतई करने वाला एक अपराधी को पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से धर दबोचा। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि 17 अगस्त को तीन अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नीला रंग के स्कुटी एवं काले रंग के बाइक में सवार होकर के दो अलग-अलग जगहों से 02 मोबाईल छिनतई किया गया था। इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड-सं०- 09/24 एवं 100/24 धारा-304/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। सिमडेगा शहर में लगे सीसीटीवी की मदद में घटना का उद्भेदन करते हुए एक अभियुक्त अभिषेक कुमार बड़ाईक उर्फ बौना को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से छिना हुआ मोबाईल, स्कुटी एवं बाइक बरामद किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी में पु०नि० सह थाना प्रभारी विनोद कुमार पासवान, पु०अ०नि० मनीष कुमार, पु.अ.नि. विवेक कुमार, पु.अ.नि. संजीत कुमार,पु.अ.नि. अनिल हॉसदा, पु.अ.नि. दीपेश कुमार एवं सश्सत्र बल का अहम योगदान रहा।

## भीतबुना में छात्र-छात्राओं के बीच हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड के बेसराजरा एवं जलडेगा प्रखण्ड के भीतबुना में हॉकी खेल का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश भारत एक फूलों का गुलदस्ता है, क्यों कि गुलदस्ते में हर प्रकार के फूलों को मिलाकर एक गुलदस्ता बनाया जाता है,ठीक उसी प्रकार हमारे भारत देश में सभी जाति सभी धर्मों के लोग आपस में मिल जुल कर रहते हैं।लोग आपसी भाईचारा को बढ़ावा दे कर आपसी सौहार्द को क़ायम करते हैं।आज उसी भाईचारा सौहार्द का एक छोटा सा हिस्सा ये खेल है। अलग-अलग गांवों अलग-अलग टोलों से आकर एक स्थान पर एकत्रित हो कर खेल में भाग ले रहे हैं। कहीं कोई विभेद नहीं है। इसलिए हमारे बेटे बेटियों से कहना चाहूंगा कि आप पढ़ाई में



भी प्रथम स्थान प्राप्त करें और खेल में भी प्रथम स्थान प्राप्त करें।

मौके पर विधायक ने बताया कि जलडेगा प्रखण्ड के भीतबुना में छात्र छात्राओं को सुरक्षा हेतु स्कूल प्रबंधन को चहारदीवारी निर्माण के लिए मद उपलब्ध कराया गया है। साथ ही साथ खेल और खिलाड़ी को उत्साह वर्धन के लिए दोनों स्थानों पर जर्सी एवं प्रथम पुरस्कार की सहायता राशि भी प्रदान किया।विधायक संग जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,बन्दरचुंआ मुखिया बिलियम समद,अमर तोपनो एवं फादर, ब्रदर्स, सिस्टर्स आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी दो दिनों में एक दर्जन लोगों के घरों को उजाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है,पिछले दो दिनों में एक दर्जन ग्रामीणों के घरों को हांथीयों ने उजाड़ दिया और घर में रखे अनाज को खा गए । घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के कुंदुरमुण्डा में राफेल खड़िया, बेलकुबा में किशोर कूल्लु, घरसा में द्रुपद माँझी, जन्मेजय माँझी, अवगा में दसरू माँझी एवं कलेश माँझी, अलिंगुड़ रंगिया डीपा में सिद्धार्थ बड़ाईक एवं फुलेश्वर लोहरा, पीडियापोंछ में जोहानी सोरेंग, जगो देवी, भिखनी देवी के घर को जंगली हाथियों ने उजाड़ दिया। साथ ही घर मे रखे धान, चावल, महुवा, गेंहू आदि सारे अनाज को खा गए । इतना ही नही घर के उपयोगी सामग्री भी तोड़-फोड़ कर बर्बाद कर दिया । ग्रामीणों ने बताया कि बोलबा प्रखण्ड में लगभग तीन सालों से जंगली हाथियों का आतंक जारी है । शाम होते ही जंगली हाथियों के झुण्ड गाँव पहुंच जाता है और सीधे कोई न कोई घर को ही निशाना बनाता है।घर को उजाड़ने के बाद घर में रखे अनाज को जबतक खाकर खत्म नही कर देते



वह वहाँ से नही भागता है, चाहे ग्रामीण जितना भी प्रयास कर ले।इससे ग्रामीणों के घर खेतों में लगे फसल को भारी नुकसान पहुँच रहा है ।जिस वजह से किसानों ने अपने खेतों में खेती तक करना छोड़ दिए हैं। ग्रामीणों ने जंगली हाथियों के नुकशान का पर्याप्त मुआवजा भुगतान करने की मांग किया है । इधर विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने हाथी प्रभावित कई इलाके बेलकुबा , कुंदुरमुण्डा, अवगा आदि गांवों का भ्रमण किया और टॉर्च एवं फटाखे का ग्रामीणों के बीच वितरण किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के आतंक से बचने के लिए स्थायी समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है ।वहीं रेंज अधिकारी शंभु शरण चौधरी ने बताया कि अभी वन विभाग के वन विभाग के कर्मी अनिश्चित हड़ताल पर चले गए है ।किंतु जंगली हाथियों से नुकसान मुआवजा प्रभावित किसान को मिलेगा ।क्षेत्र में नुकसान का जाँच के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किया गया है ।तत्काल वन विभाग द्वारा हाथी भगाने के लिए किरासन तेल, मोबिल, जुट, फटाखे, टोर्च आदि वितरण किया जा रहा है ।

# न्यूज बॉक्स

## ठेठईटांगर में रुद्राभिषेक और सावन भंडारा संपन्न

**ठेठईटाँगर।** थाना मुख्यालय शिव मंदिर में सावन के मौके पर महारुद्राभिषेक एवं सावन भंडारे का आयोजन किया गया ।महारुद्राभिषेक में यजमान की भूमिका मुकेश केसरी सहपत्नीक श्रद्धा देवी ने निभाई एवं पुरोहित की भूमिका सूर्यकांत झा ने निभाई ।महारुद्राभिषेक तत्पश्चात भक्तों ने कतारवध होकर सैकड़ो भक्तों ने महाप्रसाद प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल गुप्ता सोनू बडाईक शैलेश प्रसाद रिंटू सिन्हा परमानंद दास कि भूमिका रही।



## लोहंडा घाटी के पास कार ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**बांसजोर।** ओपी क्षेत्र के लोहंडा घाटी के पास बाइक सवार दंपती को एक कार ने सामने से टक्कर मार दी। घायलों की पहचान जलडेगा थाना क्षेत्र के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत डुमरबेड़ा गांव निवासी के रूप में की गई है। बताया गया कि दंपति बिरमित्रापूर से लौट रहे थे इस दौरान लोहंडा घाटी के समीप मोड़ में अज्ञात कार ने दोनो को सामने से टक्कर मार दिया। यही नहीं जंगल और सन्नाटा का फायदा उठाते हुए कार वाला बिरमित्रपूर की ओर भाग निकला। इस दुर्घटना में पति का पैर टूट गया और पत्नी को भी गंभीर चोट लगी साथ ही बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।



## नहाने के दौरान शंख नदी में डूबी महिला स्थानीय लोगों ने निकाला बाहर



**सिमडेगा।** सिमडेगा के गरजा में शंख नदी छठ घाट में आज एक परिवार नहाने के लिए गया था। इसी दौरान सभी तेज धार में फंस गए। किसी तरह परिवार के तीन लोग तेज धार से बाहर निकल गए। वहीं युरगी जैन नामक महिला पानी में डूबने लगी। तब वहां पर काम कर रहे मजदूरों ने महिला को बाहर निकाला। तब उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## दिव्यांग बच्चे को परिजनों ने छोड़ा सड़क किनारे पुलिस ने बच्चे को किया बाल संरक्षण के हवाले



**सिमडेगा।** सिमडेगा में आज एक बार फिर से मानवता दम तोड़ती हुई नजर आई। एक परिवार अपने एक दिव्यांग बच्चे को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गई। बताया गया कि सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के फरसाबेड़ा में रविवार सुबह एक कार से कुछ एक परिवार के लोग पहुंचे और कार के अंदर से एक दिव्यांग बच्चों को बाहर निकाल कर सड़क किनारे छोड़ दिए, और फरार हो गए। दिव्यांग बच्चा काफी देर तक सड़क किनारे पड़ा रहा जब वहां के स्थानीय लोगों ने उसे सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा। तब उसे उठाकर एक सुरक्षित जगह पर लेटा दिया। इसके बाद इसकी सूचना सदर पुलिस को दी गई। जिसके बाद सदर थाना प्रभारी खुद वहां जाकर उस बच्चों को अपने साथ लेकर थाना आए, और उन्होंने बाल संरक्षण के लोगों को वहां बुलाया और बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया।

## चार राज मिस्त्रियों के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना थाना क्षेत्र के दुमकी में कुछ अज्ञात लोगों ने मुर्शिदाबाद के बंगाली राजमिस्त्रियों के साथ मारपीट की। जिसमें चार राजमिस्त्रियों की हालत गंभीर है ।बताया गया कि सुबह जब राजमिस्त्री कम कर रहे थे तभी वहां चार चक्के गाड़ी में करीब 10 लोग वहां पहुंचे और मुर्शिदाबाद के काम कर रहे बंगाली राजमिस्त्रियों से आधार कार्ड की मांग करने लगे। इसी दौरान उनमें से कुछ लोग स्त्रियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिए जिसमें जमीर शेख,मुशर्रफ,आसिफ और मियादुल नामक राज मिस्त्री घायल हो गए। इसके बाद सभी घायलों को ठेठईटांगर अस्पताल लाया गया। जहां इनका इलाज करने के बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घायल राजमिस्त्रियों का कहना है। कि उन्हें बांग्लादेशी बोलकर अज्ञात लोगों ने मारपीट की, हालांकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।



## श्री राम चरित मानस सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने कई लोगों को मानस पुस्तक भेंट की

**दारू( हजारीबाग)।** श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, कवालु, हरली, चीरवा का भ्रमण किया। जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने गरीब महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को जय श्री राम लिखा टी शर्ट वितरण किया। भ्रमण के दौरान सभी स्थानों पर उन्होंने संस्था के बारे में बताया और कहा कि मैं सेवा करने आया हूं सेवा करना चाहता हूं हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराना,वैसे गरीब परिवार जो अपनी बेटी के विवाह के लिए दहेज उपलब्ध नहीं करा पाते वैसे बेटियों के लिए विवाह संपन्न करने की काम करती हैं,जरूरत पड़ने पर कन्यादान भी मै करता हूं। महिलाओं को स्वरोजगार बनाने के लिए सिलाई सेंटर उपलब्ध कराना, बड़े बीमारी से ग्रसित लोगों का मुफ्त में इलाज करवाना की व्यवस्था देना, बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार मुफ्त कोचिंग उपलब्ध कराना, वैसे बच्चे जो पैसे का अभाव में पढ़ नहीं पाते उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था करना, बच्चों को शिक्षित करना, वृद्ध माता-पिता के लिए उत्तम व्यवस्था देना,ब्लड कैंप लगाकर निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराना, स्वरोजगार से जोड़ना, निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा इत्यादि पर यह संस्था कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि अभी तक मैंने तीन कैंसर पीड़ित व्यक्ति को मुक्त इलाज करवाया और दारू प्रखंड से एक पीड़ित व्यक्ति मिले हैं जिनका इलाज जल्द शुरू होगा। स्वरोजगार एवं किसी रोग से पीड़ित व्यक्ति सीधा हमसे संपर्क करें इसे लेकर अपना फोन नंबर भी लोगों के बीच जारी किया। इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने बासोबार सिवाने नदी पर लगी पर्यावरण मेला में पहुंचे जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। वहां भी उन्होंने अपने विचारों को रखा।

## एक नजर

### रांची रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक

**धनबाद।** 23 अगस्त को रांची रैली की तैयारी के लिए धनबाद महानगर भाजपा की बैठक हुई। बैठक में हर बूथ से पार्टी कार्यकर्ताओं को रांची ले जाने पर विचार किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्ट हेमंत सरकार के प्रति जनता में आक्रोश है। हेमंत सरकार वायदे पर खरी नहीं उतरी। बेरोजगारी भत्ता, नौकरी सहित सभी वायदे पर सरकार विफल रही। रैली के लिए दीवार लेखन, जनसंपर्क आदि भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने की। मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रभारी राज श्रीवास्तव, महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, शेखर सिंह, विष्णु त्रिपाठी, महेश पासवान, धुर्व हरि, पंकज सिन्हा, योगेंद्र यादव, रूपेश सिन्हा, अरुण राय, विकास कंधवे, सनी रवानी, सूरज पासवान, अर्जुन निषाद, बच्चा गिरि, अवधेश साव, अजय दास आदि थे।

### डायरिया से 13 मरीज बीमार,चल रहा है इलाज

**राजमहल।** प्रखंड क्षेत्र के तीनपहाड़ पंचायत के बड़ा दुगार्पुर गांव में डायरिया फैला है। इसकी चपेट में आकर बच्चा समेत 13 लोग बीमार हैं। सभी मरीजों का अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मरामई मुर्मू (60), पानू मरांडी (60), मंदर मूली हेमरम, (60), बहालीनी सोरेन (12), सिवानी सोरेन (8), सचिन सोरेन (6),मनामय बेसरा (12), मोनीकी हांसदा (45), लखीराम सोरेन (55) सभी एक ही गांव के अगल-बगल रहने वाले हैं। बीते शुक्रवार की रात से उल्टी दस्त लगातार होने से कुछ लोगों ने गांव में ही इलाज कराया । फिर भी हालत नहीं सुधरने पर शनिवार को सभी को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। डॉक्टर हड़ताल में रहने के बावजूद इमरजेंसी सेवा में सभी मरीजों का इलाज शुरू किया गया।

### खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए नहीं है पीएचडी विभाग के पास जरूरी उपकरण

**चाईबासा / गुवा।** पीएचईडी विभाग के पास खराब चापाकलों की मरम्मती हेतु जरुरी पाईप व अन्य उपकरणों की भारी किल्लतों की वजह से गंगदा पंचायत के 14 गांवों में स्थित दर्जनों खराब चापाकलों की मरम्मति नहीं होने की वजह से शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गंगदा पंचायत के मुखिया सुखराम उर्फ राजू सांडिल ने कहा कि हमारे पंचायत के गांवों में दर्जनों चापाकल खराब है। इसकी लिखित व मौखिक शिकायत पीएचईडी विभाग से कई बार किया गया। पिछले दिनों इस समस्या को लेकर सलाई चौक पास सड़क जाम भी किया गया था जिसमें बीडीओ व पीएचईडी विभाग इसका समाधान हेतु आश्वासन दिये थे।

सावन के अंतिम रविवार को बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

## मंदिर परिसर में सुरक्षाबलों के थे बड़े इंतजाम



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
पवित्र सावन महीने में क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में जलाभिषेक के लिए दूर दराज क्षेत्रों से भक्तों का पहुंचना लगातार जारी है। इसी क्रम में श्रावण महीने के अंतिम रविवार को अवकाश के दिन अहले सुबह से ही बाबा आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलनाथ का जलार्पण और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार आधी रात से ही हजारों भक्त पहुंचने लगे थे। रविवार को पूरे दिन यहां जलार्पण और पूजा-अर्चना करनेवाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे दिन यहां हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा शनिवार की रात आयोजित परंपरागत श्रृंगार पूजन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के लोग शामिल हुए। विधि-विधान से संपन्न श्रृंगार पूजन के दौरान पवित्र शिवलिंग सहित बाबा के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। ज्ञात हो कि एक महीने तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव को लेकर उपायुक्त और एसपी के निर्देश पर मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए समुचित संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही डंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, स्नानागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन किया गया है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि दूरदराज से आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित तैयारियां की गई है। भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही प्रबंध समिति के सदस्य पूरी तरह से तत्पर हैं।

## गोड्डा कॉलेज के विद्यार्थी सुभान की सांप के काटने से हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगंगटी**
गोड्डा कॉलेज में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले सुभान हेंब्रम उम्र 16 वर्ष , पिता बाबा जी हेंब्रम का विषैला सांप के काटने से हुई मौत। जहां इस संबंध में मानिकपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक मुर्मू ने बताया कि सुभान हेंब्रम ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर पंचायत के खुटहरी गांव का रहने वाला था। वह इसी साल गोड्डा कॉलेज में एडमिशन लेकर 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। जहां वह अपना घर खुटहरी आया हुआ था। वही बुधवार को गांव के बहियार स्थित अपना खेत घूमने गया था। जहां अचानक विषैला सांप के द्वारा सुभान हेंब्रम को काट लिया गया। जिसके बाद सुभान हेम्बम भागते-भागते घर पहुंचा। और घटना की जानकारी दिया। जिसके बाद से परिजनों के द्वारा तरह-तरह का इलाज करवाया गया। लेकिन सुभान हेंब्रम को नहीं बचा सका। बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि सुभान की मौत हो गई। वहीं सुभान की मौत होने के बाद परिजनों के साथ पंचायत वासियों के बीच माध्यमिक सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर सुभान की मौत की खबर मिलते ही पंचायत के मुखिया इग्नासियस मुर्मू के साथ पंचायत वासी मृतक सुभान का अंतिम दर्शन को लेकर उनके घर पर पहुंचे। और उनके परिवारजनों को सांत्वना देते हुए सुभान का अंतिम संस्कार कराया गया। इधर अंचलाधिकारी विजय कुमार मंडल को घटना की सूचना दी गई इसके बाद अंचलाधिकारी विजय मंडल भी मृतक के घर पर पहुंचकर उनके परिवारजनों को संत्वना देते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन के तरफ से मृतक के परिजनों को सहयोग की जाएगी। गौरतलव ही पिछले दो-तीन महीना पूर्व भी इसी पंचायत में सांप के काटने से और एक युवक की मौत हो गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### पानी नहीं तो वोट नहीं के समर्थन में पदयात्रा




**जमशेदपुर।** उत्तर पूर्वी बागबेड़ा पंचायत की उप मुखिया सुरेश निषाद के नेतृत्व में पानी नहीं तो वोट नहीं के समर्थन में रविवार को बागबेड़ा वॉयरलैस मैदान से पदयात्रा निकाला गया, जो डीबी रोड, बजरंग टेकरी, आनंद नगर, गांधीनगर का भ्रमण कर गांधीनगर शाखा मैदान में सभा में तब्दील हो गई। पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव ने कहा कि पिछले नौ वर्षों से पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का काम कछुए की चाल से किया जा रहा है। 237 करोड रुपए खर्च होने के बाद भी योजना से जलापूर्ति शुरू करने का दर्जनों बार समय सीमा फेल हो चुकी है। पेयजल स्वच्छता विभाग विधानसभा चुनाव के पहले बागबेड़ा जलापूर्ति योजना से जलापूर्ति शुरू करें नही तो बागबेड़ा कीताडीह घाघीडीह कणडीह के लगभग डेढ़ लाख लोग वोट का बहिष्कार करेंगे।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में शुरू होगी संथाली और हो भाषा की पढ़ाई

**जमशेदपुर।** विमेंस यूनिवर्सिटी में संथाली और हो भाषा की पढ़ाई शुरू की जाएगी। स्नातक स्तर पर पढ़ाई शुरू करने की तैयारी विश्वविद्यालय की ओर से की गई है। यह पहला मौका होगा, जब विवि के रूप में अपग्रेड होने के बाद जमशेदपुर महिला विवि में इन क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू होगी। कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने यह जानकारी दी। अबतक संथाली व हो की पढ़ाई कोल्हान विवि के अंगीभूत कॉलेजों में ही की जाती थी, लेकिन इनमें भी स्थायी शिक्षकों की कमी होने से क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई सीमित कॉलेजों में ही की जा रही है। अब महिला विवि में इसकी पढ़ाई शुरू होने से आदिवासी छात्राओं को सुविधा होगी। विवि के प्रवक्ता सनातन दीप ने बताया कि विवि की ओर से हर उस विषय में पढ़ाई शुरू की जा रही है, जो क्षेत्रीयता के हिसाब से आवश्यक है। इससे न सिर्फ शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जा रहा है, बल्कि स्थानीय विशेषताओं को भी उचित बढ़ावा दिया जा रहा है। जल्द ही होनों भाषा की पढ़ाई शुरू करने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। कुलपति ने बताया कि जल्द ही वोकेशनल शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी।

### जगन्नाथपुर में भाजपा ने रैली निकाल किया धरना-प्रदर्शन

**जगन्नाथपुर/ गुवा।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा के नेतृत्व में नौकरी या बेरोजगारी भत्ता दो को लेकर घंटा बजाओ, सरकार जगाओ आंदोलन के तहत कार्यकर्ताओंने जगन्नाथपुर में विशाल रैली निकाल अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कोड़ा दंपत्ती के नेतृत्व में भाजपाइयों ने एसडीएम मुकेश मछुआ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि झारखण्ड व पश्चिम सिंहभूम में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है। झामुमो ने बीते विधानसभा चुनाव में गांव- गांव जाकर बेरोजगारों को रोजगार देने अन्यथा हर माह 5-7 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने बेरोजगारों ठगने का काम किया है। न्यायालय ने खदान खोलने का आदेश दिया है, फिर भी झारखंड सरकार खदान नहीं खोल रही है। चूल्हा योजना के नाम पर दो हजार रुपये महिलाओं को देने की बात हुई थी लेकिन कुछ नहीं मिला। इस आंदोलन के बाद बंद खदान को खोलने, वनाधिकार पट्टा दिलाने के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### डूरंड कप के नॉकआउट चरण के मैचों की मेजबानी कर सकता है जमशेदपुर



**जमशेदपुर।** कोलकाता में चल रहे आंदोलन के कारण जमशेदपुर को कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के शेष मुकाबले की मेजबानी मिल सकती है. फिलहाल इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है. मूल कार्यक्रम के अनुसार, कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में दो क्वार्टर फाइनल निर्धारित थे, जबकि जमशेदपुर में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और असम में साई स्टेडियम को एक-एक मैच मिले थे. सेमीफाइनल और फाइनल दोनों साल्ट लेक में होने वाले थे. अगर कोलकाता में आंदोलन नहीं थमता है, तो जमशेदपुर को डूरंड कप के नॉकआउट चरण के मुकाबले की मेजबानी मिल सकता है. डिस्क्लेमरः यह प्रभात खबर समाचार पत्र की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है. इसे प्रभात खबर डॉट कॉम की टीम ने संपादित नहीं किया है।

### धनबाद को सितंबर तक रोज झेलना होगा 10 घंटे बिजली संकट

**धनबाद।** धनबाद की पांच लाख से अधिक आबादी को सितंबर महीने तक हर दिन 10 घंटे से अधिक बिजली संकट झेलना पड़ेगा। इसकी शुरूआत हो गई है। बिजली संकट के कारण लोगों की पानी की समस्या भी परेशान करेगी। कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ाने का काम हो रहा है। इस कारण विभाग रोज 7-8 घंटे बिजली काट रहा है। सितंबर तक यह चलेगा। वहीं डीवीसी ने भी दो-तीन घंटे की लोडशेडिंग शुरू कर दी है। बिजली संकट की स्थिति यह हो गई है कि इनवर्टर की बैटरी फूल चार्ज नहीं हो पा रही है। बिजली कटने के थोड़ी देर के बाद ही बैटरी डिस्चार्ज हो रही है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि बारिश खत्म होने के बाद अक्सर उमस वाली गर्मी हो रही है। इससे घरों का लोड अचानक बढ़ रहा है। एक फेज बिजली चली जा रही है, जो काफी देर के बाद बनायी जा रही है।

बाबूलाल मरांडी ने तिसरी में बनने वाले दो अलग-अलग सड़कों का किया भूमिपूजन, कहा

## राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो पूरे प्रखंड में एक भी कच्ची सड़क नहीं रहेगी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने तिसरी में बनने वाले दो अलग-अलग सड़कों का भूमिपूजन किया। बाबूलाल गत शनिवार को रांची से अपने कोदईबांक स्थित पैतृक आवास आए थे। जिसके बाद रविवार को उन्होंने सर्वप्रथम बेलवाना मोड़ से मनसाडीह तक बनने होने वाली सड़क मरम्मती का भूमिपूजन किया। जिसके बाद उन्होंने दलपतडीह मोड़ से राणाडीह तक बनने वाली सड़क का भी भूमिपूजन किया। इस दौरान बेलवाना मोड़ और राणाडीह गांव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार से लड़कर उन्होंने इन सड़कों की स्वीकृति दिलवाई है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो पुरे प्रखंड में एक भी कच्ची सड़क नहीं रहेगी। सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मुलभुत सुविधाओं को बेहतर किया जायेगा। उन्होंने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने की अपील की।

### दशकों बाद सड़क मिलने से लोगों में हर्ष

बता दें कि ग्राम पंचायत मनसाडीह के लोगों द्वारा वर्षों से इस सड़क की मरम्मती की मांग की जा रही थी। यह सड़क इतनी जर्जर थी कि इसपर मोटरसाइकल तक चलना दुर्लभ हो चूका है। जर्जर रहने के कारण कई लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। वहीं राणाडीह गांव के लोग आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी एक अदद सड़क के लिए तरस रहे थे। स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी के प्रयास से दोनों सड़कों की स्वीकृति मिलने पर लोगों में हर्ष है। बेलवाना मोड़ से मनसाडीह तक 4 करोड़ 45 लाख रुपय की लागत से लगभग 7.5 किलोमीटर लम्बी सड़क की मरम्मती की जानी है। वहीं 1 करोड़ 65 लाख रुपय के लागत से दलपतडीह मोड़ से राणाडीह तक सड़क बननी है। बाबूलाल ने दोनों ही संवेदकों को सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने की सख्त हिदायत थी साथ ही ग्रामीणों को भी अपनी निगरानी में सड़क बनवाने की बात कही।

## खूंटी प्रेस क्लब ने दी वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी प्रेस क्लब के तत्वावधान में रविवार को खूंटी क्लब में शोकसभा का आयोजन कर खूंटी के वरिष्ठ पत्रकार और खूंटी प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यख रंजीत प्रसाद ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद जिले के सभी पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। खूंटी के लोग उन्हें उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए हमेशा याद करेंगे। पत्रकार अनिल मिश्र ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद एक बेबाक और निर्भीक पत्रकार थे। राजेंद्र प्रसाद पत्रकार के साथ ही एक सुलझे हुए टिप्पणीकार थे। डॉ नीरज मिश्रा ने राजेंद्र प्रसाद के साथ गुजारे क्षणों की याद करते हुए कहा कि सच्चाई के लिए किसी से भी लोहा लेने की कुवत राजेंद्र प्रसाद में थी। वे पत्रकार के साथ ही विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए थे। साथ ही गायत्री परिवार के तपोनिष्ठ साधक थे। पत्रकार अजीत जयसवाल और वरिष्ठ समाजसेवी ज्योतिष भगत ने कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए राजेंद्र प्रसाद ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता के लए राजेंद प्रसाद हमेशा यादि किये जायेगे। किशोर कुमार गौझू ने कहा कि वे हमेशा लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेगे। वे खूंटी में पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे।

## धार्मिक ग्रंथ घर में होने से बच्चों में आता है संस्कार : अमरीश सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा/रांची**
विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्य समिति की बैठक रविवार को हुई। तीन दिवसीय प्रांत बैठक शिव वाटिका झुमरी तलैया , कोडरमा में 16 अगस्त से 18 अगस्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ,मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं विहिप के अन्य सभी आयम के प्रान्त,ज़िला अधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। बैठक के समापन समारोह में मुख्यवक्ता के रूप में विहिप के केंद्रीय मंत्री अमरीश सिंह ने कहा कि सभी हिंदू परिवार में हिंदू संस्कार की रचना करने का कार्य विश्व हिंदू परिषद करती है। विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूरे करने जा रही है। सिंह ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ घर में होने से बच्चों में संस्कार आता हैं। विहिप के केंद्रीय टोली सदस्य डॉ रविंद्र नारायण सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद में सभी अधिकारी और कार्यकर्ता एक समान हैं और सभी को एक साथ मिल कर काम करने की आवश्कता है। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता में काम करने की ऊर्जा है और हम लोग इसका विस्तार के साथ-साथ कार्य को बढ़ा रहे है । इस तीन दिवसीय बैठक में सभी जिला में विगत छह माह में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई एवं अगामी होने वाले कार्यक्रम के सन्दर्भ में योजना बनाई गई।

## युवा आक्रोश रैली में खूंटी से चार हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे : नीलकंठ सिंह मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को खूंटी ग्रामीण और नगर मण्डल की हुई बैठक में 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में आहूत युवा आक्रोया रैलर की तैयशरियों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि 23 अगस्त को आहूत युवा आक्रोश रैली में खूंटी विधानसभा से चार हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकताओं से रैली को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि रैली के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा। हेमंत सोरेन ने जनता से झूठे वादे कर वर्ष 2019 के चुनाव में सतासीन होते ही लूट-खसोट में लग गई और झारखंड को बर्बाद का दिया। भाजपा राज्य को बबार्दी से बचाने के लिए सड़क से विधानसभा तक मुखर है। हेमंत सरकार ने ोषणा की थी कि पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे,, शिक्षित युवाओं को पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने, प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी, आंगनबाड़ी सेविकाओं की सेवा स्थायी करने, सरकारी भर्ती में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत भागीदारी दी जायेगी, पर सरकार एक भी वादा पूरा कर नहीं सकी। उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन को गद्दी से उखाड़ने के लिए युवा संकल्पबद्ध हैं।

समस्याएं | नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं परसुडीह कोचाकुल्ही बस्ती के लोग

## जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण हो, नहीं तो करेंगे आंदोलन : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के परसुडीह क्षेत्र में छोटा हनुमान मंदिर से बाघाडेरा, कोचाकुल्ही होते हुए सरजामदा छोलागोड़ा तक की सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है. बारिश के मौसम में यह सड़क नाले में बदल जाती है, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो जाता है. जर्जर सड़क व नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से बस्तीवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं. कोचाकुल्ही के पास सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर उभर आए हैं, जिससे यह चलने योग्य नहीं रह गई है. कोचाकुल्ही नीचे टोला क्षेत्र में बारिश के कारण सड़क का आधा हिस्सा कटकर खाई में तब्दील हो गया है. यहां से गुजरने वाले लोग हर दिन गिरकर घायल हो रहे हैं. बस्तीवासियों ने इस सड़क के मरम्मतीकरण की मांग को लेकर कई बार मुखिया से लेकर सांसद तक गुहार लगाई है. जिला प्रशासन को भी पत्राचार किया गया है, लेकिन कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है. प्रशासनिक उपेक्षा के कारण सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है. सड़क की मरम्मत न होने से स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है. जर्जर सड़क की वजह से हम सभी का जीवन नारकीय हो गया है. सांसद, विधायक व जिला प्रशासन को लिखित रूप में समस्या से अवगत करा चुके हैं. वे आश्वासन देकर भूल जाते हैं. आक्रोशत ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन या जनप्रतिनिधि अविलंब सड़क बनाये अन्यथा प्रखंड में धरना प्रदर्शन करेंगे. जर्जर सड़क को अविलंब दुरस्त किया जाये. तीन-चार साल से सांसद-विधायक से सड़क मरम्मतीकरण की गुहार लगाकर थक गये हैं. जनप्रतिनिधियों को जनता से कोई लेना देना नहीं रह गया है. सड़क को मरम्मतीकरण की दिशा में अविलंब पहल हो, अन्यथा इसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा. पंचायत व्यवस्था के बाद भी गांव की ऐसी दुर्दशा समझ से परे है. बस्ती में आने-जाने के लिए एक अदद सड़क तक नहीं है. सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर निकल आये हैं. सड़क चलने-फिरने लायक नहीं रह गया है. जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बाद उनमें तत्परता नहीं है. जिसका खामियाजा बस्तीवासी झेल रहे हैं. मुखिया, विधायक, सांसद की अनदेखी का खामियाजा बस्तीवासी झेल रहे हैं।

*सड़क की मरम्मत न होने से स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है*

*सांसद, विधायक व जिला प्रशासन को लिखित रूप में समस्या से अवगत करा चुके हैं, वे आश्वासन देकर भूल जाते हैं*

## भारत बंद को सफल बनाने को लेकर अनु. जाति जागृति संघ हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह/ गावां**
अंबेडकर भवन में अनुसूचित जाति जागृति संघ की और से रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश रविदास एवं संचालन टिंकू अंबेडकर ने किया। कार्यक्रम के बाद 21 अगस्त को आहूत भारत बंद को सफल बनाने के लिए बैठक की गई। जिसमें गांव-गांव जाकर प्रचार अभियान एंव पंचायत कमिटी गठन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने कहा कि 21 अगस्त को आहूत भारत बंद को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर सामने आना होगा। कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को जो अधिकार दिया है उसको केंद्र सरकार और भाजपा के इशारे पर सुप्रीम कोर्ट क्रीमिलेयर के जरिए छीनने का काम कर रही है। जिसके खिलाफ देशभर में एससी-एसटी और बहुजन समाज एकजुट हो रहे हैं और 21 अगस्त को पूरे भारत के साथ-साथ गावां प्रखंड में भी अनुसूचित जाति जागृति संघ पुरजोर तरीके से भारत बंद का समर्थन करेगी। इस दौरान दुकान और होटल आदि को भी बंद कराया जाएगा। बैठक में संघ के अध्यक्ष सुरेश रविदास, कोषाध्यक्ष लालो भुइयां, राजेन्द्र रविदास, मुखिया गुरुसहाय रविदास, पंसस सुनील दास, उपमुखिया बबलू दास, संजय दास, संजय पासवान, डोमन रविदास, सुदामा रविदास, उदय मुसहर, उमेश रविदास, मोहन रविदास, उपेंद्र चौधरी, अजय तुरी, जयनारायण दास, मुकेश दास व जितेंद्र चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

किसी मनुष्य का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी संपत्ति। - अरस्तु



संपादकीय

# आधुनिक राखी से आभासी होते रिश्ते

रक्षाबंधन को हम सभी भाई-बहन बड़े प्रेम और स्नेह के साथ हर साल मनाते हैं। बहनें थाल सजाकर भाई की आरती करती हैं और भगवान से प्रार्थना करती हैं कि उनका स्वस्थ और दीघार्यु हो। रक्षाबंधन की शुरूआज कलियुग नहीं बल्कि सबसे पहले सतयुग में हुई थी जब माता लक्ष्मी ने राजा बलि को रक्षासूत्र बांधकर इस परंपरा का शुभारंभ किया। रक्षाबंधन के इतिहास को लेकर ऐसी ही कुछ और कहानियां भी प्रचलित हैं। भविष्य पुराण की एक कथा में बताया गया है कि इंद्र देवता की पत्नी शुचि ने उन्हें राखी बांधी थी। एक बार देवराज इंद्र और दानवों के बीच में भीषण युद्ध हुआ था जब दैत्य हारने लगे तो देवराज की पत्नी शुचि ने गुरु बृहस्पति के कहने पर देवराज इंद्र की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा था। तब इंद्र ने इस रक्षासूत्र की शक्ति से स्वयं अपने और अपनी सेना के प्राण बचाए थे। भगवान विष्णु वामनावतार लेकर आए और दानवीर राजा बलि से तीन पग भूमि मांग ली। बलि ने हां कह दिया तो वामनावतार ने 2 पग में ही सारी धरती और आकाश नाप लिया। राजा बलि समझ गए कि भगवान विष्णु स्वयं उनकी परीक्षा ले रहे हैं। तीसरा पग रखने के लिए उन्होंने भगवान के सामने अपना सिर आगे कर दिया। फिर उन्होंने भगवान से याचना की कि अब तो मेरा सबकुछ चला ही गया है, प्रभु आप मेरी विनती स्वीकारें और मेरे साथ पाताल में चलकर रहें। भगवान को भी भक्त की बात माननी पड़ी और विष्णुजी बैकुंठ छोड़कर पाताल चले गए। जब देवी लक्ष्मी को यह पता चला तो वह गरीब महिला का रूप धरकर बलि के पास पहुंची और राजा बलि को राखी बांध दी। बलि ने कहा कि मेरे पास तो आपको देने के लिए कुछ भी नहीं हैं, इस पर देवी लक्ष्मी अपने रूप में आ गईं और बोलीं कि आपके पास तो साक्षात श्रीहरि हैं और मुझे वही चाहिए। इस पर बलि ने भगवान विष्णु से माता लक्ष्मी के साथ जाने की विनती की। तब जाते वक्त भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया कि वह हर साल चार महीने पाताल में ही निवास करेंगे। यह चार महीने चतुर्मास के रूप में जाने जाते हैं। ऐसे प्रसंगों से सजा यह त्योहार अब कूरियर से राखी और मोबाइल से मैसेज भेजकर आभासी होता जा रहा है। महानगरों या विदेशों में रह रहे अनेक पारंपरिक सनातनी परिवारों के बच्चे अब करियर बनाने की दौड़ में राखी बंधवाने से बचने लगे हैं। कभी रेडियो टीवी कैसेट रिकॉर्डर पर महीनों बजने वाले दिलों को छूने वाले भावुक राखी गीत अब इतिहास बन गए हैं। कभी हिट कराने के लिए अनिवार्य लगते राखी गीत किसी भी हिंदी फिल्म में अब नहीं होते न उनकी मांग होती है। भारत की पुरानी पीढ़ी यूट्यूब से या नेट से गाने बजाकर आज भी भावुक हो जाती है जबकि पब्लिक स्कूल से पढ़ी नई पीढ़ी जिस दिन अभिभावक की भूमिका में होगी उस दिन राखी का यह पर्व संभवतः इतिहास बन चुका होगा। यह पर्व संभवतः बचा हुआ इसलिए भी है कि मीडिया और बाजार ने अरबों के राखी के व्यापार को बचा रखा है पर पर्व भावनाओं से चलते हैं बाजार से नहीं।

> रक्षाबंधन का त्योहार अब कूरियर से राखी और मोबाइल से मैसेज भेजकर आभासी होता जा रहा है।

# असुरक्षा की भावना से बाहर निकालता है रक्षाबंधन का पर्व

रक्षाबंधन - 19 अगस्त, 2024 पर विशेष



रक्षाबंधन की पूर्णमासी सिद्ध-महापुरुषों और ऋषियों को समर्पित है। बंधन का अर्थ है- अधीनता और रक्षा का अर्थ है सुरक्षा। जो बंधन आपकी रक्षा करता है, वही रक्षाबंधन है। एक रस्सी को आपको बचाने के लिए या फिर आपका गला घोंटने के लिए भी बाँधा जा सकता है। छोटा मन और सांसारिक विषय-वस्तु आपमें घुटन ला सकते हैं। विराट मन और ज्ञान आपकी रक्षा करता है। रक्षा-बंधन वह बंधन है जो आपकी सुरक्षा करता है। सत्संग के प्रति, गुरु के प्रति, सत्य के प्रति और ऋषियों के प्राचीन ज्ञान के प्रति आपका बंधन आपका उद्धार करता है।

## खिलने से रोकती है असुरक्षा की भावना

जो संबंध किसी इच्छा के कारण बनते हैं, वे अपने साथ दुःख लाते हैं। ऐसे संबंध जो प्रेम के कारण बनते हैं, वे सुरक्षा लाते हैं। इच्छा और प्रेम में यही एक अंतर है। जब हमारे भीतर कोई इच्छा होती है, तो हम सही और गलत में भेद नहीं कर पाते और स्वार्थी हो जाते हैं। जब हम प्रेम में होते हैं, तो हमारी सजगता बढ़ जाती है। इस संसार में पर्याप्त प्रेम है इसलिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस धरती पर बहुत से अच्छे लोग हैं और वे आपकी सुरक्षा कर रहे हैं। असुरक्षा की भावना आपको खिलने से रोकती है। जब आप असुरक्षित अनुभव करते हैं तब आपकी बुद्धि मंद हो जाती है और आपका दृष्टिकोण धुंधला हो जाता है। आपके शरीर में बहुत से हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। आपका शरीर बहुत अधिक मात्रा में एड्रिनल पैदा करता है और आप कमजोर अनुभव करने लगते हैं। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। असुरक्षा की भावना भावनात्मक और मानसिक स्तर पर आपकी दृष्टि को धुंधला कर देती है और जो जैसा है चीजों को वैसा ही देखने की आपकी क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है और उससे आपका सामाजिक व्यवहार भी प्रभावित होता है।

## असुरक्षा की भावना का तोड़ है विश्वास

असुरक्षा आपको किसी के ऊपर विश्वास करने से रोकती है लेकिन असुरक्षा का तोड़ है विश्वास! जो व्यक्ति असुरक्षित अनुभव करता है उसे यह नहीं पता होता कि मित्रवत कैसे रहें, विश्वासपात्र कैसे बने रहें और समाज में लोगों पर विश्वास कैसे करें। तो आप असुरक्षा, डिप्रेशन, क्रोध और बुरे व्यवहार के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। आपको इस बात का अहसास भी नहीं होता कि आपका व्यवहार अच्छा नहीं है। असुक्षा की भावना से आप जीवन में बहुत सारे अच्छे अवसर और कोई भी नई पहल करने का उत्साह खो देते हैं। असुरक्षा की भावना आपकी प्रगति, सुख और आनंदमय जीवन का अंत है।

## रक्षा बंधन का क्या संदेश है?

एक पुरुष चाहे कितना भी मजबूत क्यों न हो, कहीं न कहीं उसे कुछ सुरक्षा की आवश्यकता हो सकती है और यह एक महिला की दृढ़ इच्छाशक्ति और मनोभाव से आता है। इसलिए बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और कहती हैं, 'मैं तुम्हारी रक्षा के लिए हूँ।' यह मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है! इस रक्षा बंधन का संदेश है - अपनी असुरक्षाएं छोड़ दें, बहुत सारी राखियाँ आपका इंतजार कर रही हैं। संसार आपको सुरक्षा दे रहा है। संसार की अच्छाई आपके साथ है। असुरक्षित होने की आवश्यकता नहीं, जागिये आप सुरक्षित हैं।

हम समझते हैं सिर्फ पुरुष ही सशक्त है महिला दुर्बल है, उनमें शक्ति नहीं है; इसी गलत धारणा को दूर करने के लिए लोगों ने कहा कि महिलाओं के पास भी शक्ति है। वैसे देखेंगे तो महिला ही शक्ति है। पुरुष बाहुबल से संरक्षण देता है और महिला मनोबल से संरक्षण देती है। महिलायें भावनात्मक रूप से, वैचारिक रूप से और आत्मबल देकर संरक्षण करती हैं। महिलाओं की संकल्प शक्ति बहुत मजबूत होती है। वे अपनी संकल्प शक्ति से अपने भाइयों और पुरुषों को संरक्षण देती है। महिलायें ऐसा न मानें कि आप कमजोर हैं, आपके भीतर भी दैवीय शक्ति है। आपके भीतर भी रक्षा करने की क्षमता है। इसलिए यहाँ स्त्री और पुरुष दोनों बराबर है। न तो कोई कम है और न ही कोई ज्यादा है। रक्षा बंधन इसी बात को दर्शाता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आज की बात



गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

आपकी बात

# भारतीय शेयर मार्केट में एक संघर्ष व द्वंद का वातावरण



शशांक भारद्वाज

पिछले कुछ दिनों से भारतीय शेयर मार्केट में कुछ नकारात्मक समाचारों तथा भविष्य की श्रेष्ठ आर्थिक संभावनाओं के मध्य एक संघर्ष, द्वंद चल रहा है। इसका मुख्य प्रारंभ भाजपा को लोकसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिलने से हुआ। फिर अमेरिका में मंदी की आशंका, बजट में शेयर लाभ पर कर वृद्धि, बांग्ला देश में हिंसक सत्ता परिवर्तन आदि घटनाक्रम हुए। पिछले सप्ताह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट भी आई जिसने सेबी प्रमुख पर पक्षपात जैसे कुछ आरोप लगाए गए। यद्यपि ये आरोप आधारविहीन थे। खिसयानी बिल्ली खंबा नोचे से थे, षड्यंत्र से अधिक थे। इसलिए भारतीय शेयर मार्केट ने आरोप के बाद के पहले व्यापारिक सत्र में सोमवार को स्थिरता दिखा हिंडेनबुर्गी कचरे को कूड़े डब्बे में फेक दिया। वो तो सोमवार को अमेरिका ईरान के तनाव का समाचार आ गया नहीं तो निफ्टी 100 अंकों से अधिक ऊपर बंद होता। जिस प्रकार से भारतीय शेयर मार्केट ने इस प्रकरण पर परिपक्वता, शक्ति दिखाई, यह एक अत्यंत शुभ संकेत है तथा यह एक बड़ा लाभ प्राप्त हुआ है। अमेरिका में जुलाई माह के जीविका के दुर्बल आंकड़े , जीविकाविहीनता बढ़कर 4.3 प्रतिशत तथा जीडीपी में कमी आने से वहां मंदी की संभावना जताई जाने लगी थी। इसने भी वैश्विक शेयर मार्केट में उथल पुथल मचाई। परंतु इस अमेरिकी मंदी के लक्षण से वहां अब शीघ्र ही ब्याज दरों के कटौती की संभावना भी प्रबल हो उठी। फिर खुदरा बिक्री तथा सीपीआई के डेटा आए जिसमें खुदरा बिक्री बढ़ी तथा सीपीआई में कमी आई। इससे कुछ प्रमुख विश्विक वित्तीय संस्थानों गोल्डमैन साक्स ने मंदी की संभावना को नकारा तथा शेयर मार्केट का मनोभाव भी ठीक हुआ। यूएस मार्केट में पिछले सप्ताह पांचों व्यापारिक सत्रों में बढ़त रही, डाउ 1162 अंक चढ़ा। अंतिम दो दिनों में तो सबसे अधिक 651 अंकों की तेजी आई। बांग्ला देश में भी स्थिति कुछ सुधरी जिससे वहां को लेकर भी भारतीय शेयर मार्केट की चिंता कुछ कम हुई। अतः नकारात्मक कारकों की तीव्रता कम होने से भारतीय शेयर मार्केट भी संभलें। विगत सप्ताह निफ्टी 24099 का निचला स्तर छूने के बाद सप्ताह अंत में 24541 पर बंद हुआ, शुक्रवार को तो 398 अंकों की तेजी रही। निफ्टी ने 24050 के महत्वपूर्ण स्तर का बचाव किया तथा जिस प्रकार से शुक्रवार को तेजी दिखी, लगता है मार्केट पुनः तेजी की ओर बढ़ सकता है। इसका एक संकेत यह भी है कि लगातार बिकवाली कर रहे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 16 अगस्त की नकद तथा फ्यूचर में कुल मिलाकर 9408 करोड़ रूपए का क्रय किया। यद्यपि साप्ताहिक आधार पर पिछले सप्ताह भी विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल रहे। नकद संभाग में उन्होंने 8617 करोड़ रूपए के अगस्त में एफआईआई अभी तक 29876 करोड़ रूपए के शेयर बेच चुके हैं जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक लगातार तथा बड़े क्रेता बने हुए हैं तथा उन्होंने 34060 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**


देश की बात

# रक्षाबंधन के त्योहार पर मिलावटी मिठाइयों का बोलबाला



सुभाष आनंद

हमारे देश में मिठाइयों के बिना किसी त्यौहार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। त्यौहारी सीजन आते ही बाजार में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है और साथ ही मिलावटखोर भी अपना रंग दिखाना शुरू कर देते है। मिलावटी मिठाइयों से अनजान लोग उनके लालच की हद को समझे बिना ही मिठाइयां खरीद लेते हैं। मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर दुकानदार केमिकल से बनी नकली रंग-बिरंगी मिठाइयां बेच रहे हैं। जिनके सेवन से पेट में संक्रमण के साथ-साथ गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं, साथ ही मिलावटी मिठाइयां लीवर, किडनी और हार्ट के लिए भी खतरनाक हैं। मिलावटी मिठाइयों की बिक्री के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। पंजाब के फिरोजपुर में तो जिस खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिलावटखोरों पर कार्रवाई करने की कोशिश की तो कारोबारियों की सिफारिश पर फिरोजपुर जिले के विधायकों ने उसका तबादला करवा दिया और अब कारोबारी इन विधायकों की छत्रछाया में खुलेआम मिलावटी पदार्थों का कारोबार करेंगे। यह स्थिति सिर्फ फिरोजपुर तक ही सीमित नहीं सारे देश भर में यही हाल है। फिरोजपुर में दूध का उत्पादन बहुत कम है लेकिन इसके बावजूद यहां दूध से बनी मिठाइयां, पनीर, दही बहुत अधिक बिकता हैं, जो मिलावट होने का स्पष्ट प्रमाण देता है, क्योंकि ज्यादातर मिठाइयों के लिए दूध, खोया और घी की आवश्यकता होती है और त्यौहार के मौसम में मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है और इसे पूरा करने के लिए मिलावटखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, रिफाइंड ऑयल आदि मिलाते है, इससे खोया, पनीर बनाया जाता है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। विशेषज्ञों के मुताबिक नकली घी बनाने में पाम ऑयल, एनिमल फैट और हाइड्रोजेनेट तेल समेत कई रसायन मिलाए जाते हैं। इसके अलावा मिठाइयों को चमकीला और आकर्षक बनाने के लिए चांदी के वर्क का इस्तेमाल होता है। लेकिन मिलावटी मिठाइयों में एल्युमीनियम केमिकल वर्क का इस्तेमाल किया जाता है जो सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> मैं परिस्थितियों को दोष नहीं देता और न ही किसी अन्य व्यक्ति को सुधारने का प्रयास करता हूं। सर्वप्रथम मैं अपने भीतर में जाता हूं।

# विपत्ति के समय में शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

जो लोग भीतर से पराजित नहीं होते, वे लोग सही मायनों में जीवन में सफल हैं। जीवन के संग्राम में प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक परिस्थिति का, एक वीर जैसे साहस तथा एक विजेता की मुस्कान के साथ सामना करें। जब मेरे परीक्षण अति गम्भीर हो जाते हैं, तो सर्वप्रथम मैं उनको स्वयं अपने भीतर समझने का प्रयास करता हूँ। मैं परिस्थितियों को दोष नहीं देता और न ही किसी अन्य व्यक्ति को सुधारने का प्रयास करता हूँ। सर्वप्रथम मैं अपने भीतर में जाता हूँ। मैं अपनी आत्मा के किले की सफाई करने का प्रयास करता हूँ ताकि किसी भी ऐसी वस्तु को हटा सकूँ जो आत्मा की सर्वशक्तिमान, सर्वबुद्धिमान अभिव्यक्ति में बाधा डालती हो। जीने का सफल मार्ग यही है। संकट और रोग के पास हमारे लिए शिक्षा है। हमारे कष्टदायक अनुभव हमारा विनाश करने के लिए नहीं होते, बल्कि हमारे पाप कर्मों का मैल धोकर, हमें शीघ्रता से वापस परमधाम ले जाने के लिए हैं। हमारी मुक्ति के लिए ईश्वर से अधिक उत्सुक और कोई नहीं है। हमारे और ईश्वर के बीच माया का धुँधला पर्दा आ गया है। और 'उन्हें' खेद है कि हमने 'उन्हें' अपनी दृष्टि से ओझल कर दिया है। गिरते हुए बमों से, भयानक रोगों में, और जीने की गलत आदतों के कारण होती मृत्यु से, अपने बच्चों को दुःखी देखकर वे प्रसन्न नहीं हैं। उन्हें इसका अफसोस है, क्योंकि वे हमें प्रेम करते हैं तथा हमारी वापसी चाहते हैं। आपको रात्रि में ध्यान करने और उनके साथ एकात्म होने का प्रयास अवश्य करना चाहिए! **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# डूबती दिल्ली, मरते लोग, दोषी कौन?



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

राजधानी दिल्ली में इस बार मानसून के मौसम में हो रही भारी बारिश से हाहाकर मचा हुआ है। बारिश के पानी के कारण हो रहे जलभराव में लोग डूब रहे हैं या फिर उनकी पानी में खुली बिजली की तारों से करंट लगने के कारण जानें जा रही हैं। ये हादसे दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार की काहिली और नकारापन की चीख-चीख कर पुष्टि कर रहे हैं। यूं तो हरेक बारिश के मौसम में दिल्ली में जलभराव के कारण लगने वाले लंबे जाम के कारण लाखों लोगों की जिंदगी दूभर हो ही जाती है। पर इस बार बारिश के कारण यहां वहां जमा पानी में लोगों की डूबने के कारण अनेकों जानें भी जा रही हैं। साफ है कि जिन सरकारी एजेंसियों, अफसरों और कर्मियों पर देश की राजधानी को ठीक-ठाक रखने की जिम्मेदारी है, वह अपने दायित्वों को लेकर कतई गंभीर नहीं हैं। इन सरकारी महकमों में कसकर व्याप्त करप्शन भी इस कर्तव्यहीनता का मुख्य कारण है। कुछ दिन पहले देश की संसद भवन से पांचेक किलोमीटर दूर ओल्ड राजेन्द्र नगर में तीन नौजवान तब डूब कर मर गए थे, क्योंकि; वे जिस बेसमेंट में बैठकर पढ़ रहे थे, वहां पानी भर गया था। दिल्ली की मेयर शैली आनंद के क्षेत्र से ओल्ड राजेन्द्र नगर की एक किलोमीटर भी नहीं है। इसके बावजूद वहां इतना बड़ा हादसा हुआ। आम आदमी पार्टी के सांसद ओल्ड राजेन्द्र नगर से दो मिनट की दूरी पर स्थित न्यू राजेन्द्र नगर में रहते हैं। पर उनकी पार्टी ने उनकी भी कोई क्लास नहीं ली। हादसे के लिए मात्र दो-तीन निगम के निम्न वर्गीय कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। सवाल यह है कि इस हादसे के लिए दिल्ली की मेयर ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया? हाल ही में बेल मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी अपनी दिल्ली सरकार के कामकाज की उपलब्धियां गिनवा रहे हैं। पर वे यहां जलभराव के कारण हुई मौतों पर चुप हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

ज्ञान विज्ञान

# ध्वनि तंरगों से रोगों का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपचार होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्रि में सूर्य की पराबैगनी किरणों के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है।

पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका वैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

काव्य कोना

## एक नई महाभारत

शुरू हुई एक नई महाभारत
बदला है सिर्फ कुरुक्षेत्र
चलेगा फिर कहीं एक लक्ष्य बाण
फिर कोई दानवीर छला जायगा
माधव की तरह कोई कहलवायेगा
स्पष्ट शब्दों में अश्वत्थामा हतो,
फुसफुसायेगा फिर
नरो वा कुंजरो वा
कूटनीति की पराकाष्ठा
स्वार्थ भी कहीं-कहीं
न जाने कितने अभिमन्यु देंगे आहुति।
शुरू हुई एक नई महाभारत
शुरूआत जिसकी पासा फेंकने से
ध्येय था सिर्फ बर्बादी
जल रहा था अनबुझी ज्वाला में
धुरंधर वह पासा फेंकने वाला
चेहरा छुपा रखा था
स्नेह के मुखौटे में किसी के
जलाना भी उसे ही था बदले की आग में
कहानी है यह हजारों-लाखों साल पुरानी
हाय पर कहाँ यह दृश्य पुराना
लगता घटित हो रहा है अभी
शुरू हुई एक नई महाभारत।

-नाग मणि

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है। संस्कृत दिवस मनाना एक तरह से संस्कृत भाषा के प्रति सम्मान प्रकट करना है। साथ ही, संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार करना भी है। वर्ष 2024 में विश्व संस्कृत दिवस 19 अगस्त को मनाया जाएगा, क्योंकि इसी दिन श्रावणी या श्रावण पूर्णिमा है। वैदिक काल में श्रावण मास की पूर्णिमा से ही गुरुकुल में अध्ययन प्रारंभ होता था। गुरुकुल में पढ़ाई करने वाले छात्रों को इस दिन यज्ञोपवीत धारण करवाया जाता था। ऋषि वैदिक ज्ञान के आदिस्रोत माने जाते हैं, इसलिए श्रावण पूर्णिमा को ऋषि पर्व और संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिस सप्ताह में संस्कृत दिवस पड़ता है, उस सप्ताह को संस्कृत सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। पहली बार वर्ष 1969 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय और राज्य स्तर पर श्रावण पूर्णिमा को संस्कृत दिवस मनाने का आदेश जारी किया था। इसके बाद पहला विश्व संस्कृत दिवस 1969 में मनाया गया। जब हम विश्व संस्कृत दिवस मनाते हैं, तो वैयाकरण पाणिनी को श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हैं।

# संस्कार और संस्कृति है विश्व की प्राचीनतम भाषा 'संस्कृत'

*संस्कृत मात्र एक मात्र भाषा नहीं है, यह भारत की संस्कृति है। यह हर भारतीय का संस्कार है। संस्कृत भाषा में **वसुधैव कुटुंबकम** की भावना निहित है।*

संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। संस्कृत इंडो-ग्रीक या इंडो-यूरोपियन (भारोपीय) भाषा परिवार की एक शाखा हिंद-आर्य भाषा का सदस्य है। यह भारत की भाषा है और बहुत समृद्ध है। संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी है। पाणिनि काल से प्रचलित संस्कृत वर्णमाला को ध्वनिमाला और ध्वनिक्रम की दृष्टि से विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय वर्णमाला कहा जा सकता है।

भारतीय आर्ष ग्रंथ का ज्ञान संस्कृत भाषा में ही लिपिबद्ध है। वैदिक धर्म से संबंधित सभी ग्रंथ संस्कृत में ही लिखे गए हैं। आज भी सनातन या हिंदू धर्म के यज्ञ और पूजा में संस्कृत के श्लोक बोले जाते हैं। बौद्ध एवं जैन धर्म के भी कई महत्वपूर्ण ग्रंथ संस्कृत में लिखे हुए हैं। आधुनिक भारत की हिंदी, मराठी, बांग्ला, पंजाबी, नेपाली, सिंधी आदि भाषाएं संस्कृत से ही उत्पन्न हुई हैं। यूरोप के बंजारों की रोमानी भाषा भी संस्कृत से उत्पन्न है।


कहा जाता है कि संस्कृत या ऐसी जो भी भाषा पहले थी, वह अव्याकृत थी। यानी, संस्कृत भाषा की प्रकृति एवं प्रत्ययादि का विवेचन नहीं हुआ था। पौराणिक कथा के अनुसार, जब देवों ने देवराज इंद्र से प्रार्थना की, तो उन्होंने संस्कृत भाषा की प्रकृति, प्रत्यय आदि का विवेचन प्रस्तुत किया। भाषा के इसी 'संस्कार' के कारण भारत की इस प्राचीनतम आर्यभाषा का नाम 'संस्कृत' पड़ा। ऋक्संहिता कालीन 'ब्राह्मण' 'आरण्यक' आदि ग्रंथों की वैदिक भाषा धीरे-धीरे परिष्कृत होती चली गई और इसका विकसित रूप ही 'पाणिनीय संस्कृत' कहलाया। 'पाणिनीय संस्कृत' ही आधुनिक संस्कृत है और आज इसे ही 'संस्कृत' या 'संस्कृत भाषा' के नाम से जाना जाता है।

पाणिनी के समय देश में कई प्राच्य भाषाएं और संस्कृत की विभाषाएं (बोलियां) थीं। पाणिनी के सूत्रों में भी इसका उल्लेख मिलता है। पाणिनी ने व्याकरण द्वारा इन्हें परिष्कृत करते हुए एक सभी के प्रयोग में आने वाला स्वरूप प्रदान किया। धीरे-धीरे इस भाषा का प्रयोग बढ़ने लगा और इसका विकसित रूप स्थायित्व ग्रहण करने लगा। पाणिनी के बाद पतंजलि के समय तक संस्कृत भाषा एक परिष्कृत स्वरूप ग्रहण कर चुका था और शिक्षित या शिष्ट लोगों के बीच संस्कृत आम बोलचाल की भाषा बन गई थी। और, आज भी पढ़े-लिखे और शिष्टाचार युक्त लोगों को 'सुसंस्कृत' कहा जाता है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि पाणिनि से लेकर पतंजलि तक सभी ने संस्कृत को लोक की भाषा कहा है। ऐसे सैकड़ों प्रमाण हैं, जो सिद्ध करते हैं कि वैदिक और वैदिक काल के बाद 'संस्कृत' व्यवहार भाषा (आम बोलचाल की भाषा) थी। यह पाणिनि के व्याकरणबद्ध संस्कृत के काल तक रहा। संस्कृत लोक भाषा थी। वैसे, कई आधुनिक भाषाविद मानते हैं कि संस्कृत कभी भी आम बोलचाल की भाषा नहीं थी। उस समय की आम बोलचाल की भाषा को 'प्राकृत' कहा जा सकता है। संस्कृत ब्राह्मण या पंडितों की भाषा थी। यह लोक भाषा नहीं थी।

## संस्कृत भाषा की विशेषताएं

- **संस्कृत को भाषा के रूप में पूर्ण रूप से विकसित विश्व की प्रथम भाषा कहा जा सकता है। क्योंकि, यह पृथ्वी की सबसे पुरानी पुस्तक 'वेद' की भाषा है।**
- **संस्कृत की वर्णमाला वैज्ञानिक है। कंप्युटर के लिए भी संस्कृत भाषा को अच्छा माना गया है। इसके व्याकरण सुस्पष्ट हैं।**
- **साहित्य रचना की दृष्टि से यह संस्कृत भाषा श्रेष्ठ है।**



## पाणिनी के व्याकरणबद्ध संस्कृत का काल

पाणिनी के व्याकरणबद्ध संस्कृत भाषा के विकास को सामान्यतया तीन काल में विभाजित किया जाता है।

**1. आदिकाल :** सामान्य रूप से यह समय 450 ईसा पूर्व से 10 ईसा पूर्व (ईपू) तक है। यह वेद संहिताओं और वांगमय का काल है। यह पाणिनी के व्याकरणबद्ध संस्कृत का काल है। इससे पहले वैदिक संस्कृत का काल था।

**2. मध्यकाल :** यह समय सामान्य रूप से 10 ईपू से 450 ईस्वी (ई) तक है। इस काल में शास्त्रों, दर्शन सूत्रों, वेदांग ग्रंथों, काव्यों तथा कुछ प्रमुख साहित्य एवं शास्त्रीय ग्रंथों की रचना हुई।

**3. परवतीर्काल :** यह समय मुख्य रूप से 450 ई से लेकर 1400 ई तक है। लेकिन, अब तक के आधुनिक काल को भी इसमें रख सकते हैं। इस काल में काव्य, नाटक, साहित्य शास्त्र, तंत्र शास्त्र, शिल्प शास्त्र आदि के ग्रंथों की रचना हुई। साथ ही, मूल ग्रंथों की व्याख्या की गई। धर्मिक ग्रंथें से अलग कुछ महत्वपूर्ण कृतियों की रचना भी इस काल में हुई।

### वैदिक और आधुनिक संस्कृत

**संस्कृत को दो भागों में बांट सकते हैं :** वैदिक और आधुनिक संस्कृत या पाणिनीय संस्कृत। यह वर्गीकरण इस आधार पर है कि कुछ विद्वान प्राचीन वैदिक संस्कृत को पाणिनीय संस्कृत से अलग मानते हैं। वहीं, कुछ भाषा विद्वान इस वर्गीकरण को भ्रमपूर्ण मानते हैं।
**वैदिक संस्कृत :** ऋक्संहिता की भाषा संस्कृत की आद्यतम उपलब्ध रूप है। साथ ही, ऋक्संहिता के प्रथम और दशम मंडलों की भाषा को प्राचीनतर माना जाता है।
**आधुनिक संस्कृत :** पाणिनी के व्याकरणबद्ध संस्कृत को आधुनिक संस्कृत कह सकते हैं। पाणिनि ने ही संस्कृत भाषा का व्याकरण 'अष्टाध्यायी' में लिखा है। बाद में आचार्य पतंजलि ने 'महाभाष्य' में इसकी विस्तृत व्याख्या की है।

**संस्कृत का यह है अर्थ**

- **जिसका संस्कार किया गया हो।**
- **जिसे शुद्ध किया गया हो।**
- **जो परिष्कृत और परिमार्जित हो।**
- **जिसे निखारा गया हो।**

**राज्यों से**

### कोलकता रेप हत्याकांड का असर

# हड़ताल से बिहार में 800 सर्जरी कैंसिल बिना इलाज के रहे 60 हजार मरीज

एजेंसी

**पटना।** कोलकाता रेप मर्डर कांड को लेकर देशभर में चिकित्सक आक्रोशित हैं। बिहार में पिछले चार दिनों से सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल जारी है। ओपीडी सेवाएं और प्लांड सर्जरी ठप पड़ी है। ऐसे में प्रदेश के जिन सरकारी अस्पतालों में जल्दी मरीजों को बेड नहीं मिलता था, वहां बेड खाली पड़ी है। इलाज के अभाव में मरीज के परिजन अपने मरीज को डिस्चार्ज करा कर घर ले जाने को विवश हैं।

**प्रदेश में 800 से अधिक सर्जरी कैंसिल:** राज्य के किसी अस्पतालों में चार दिनों से तो किसी में 5 दिनों से हड़ताल है। ऐसे में पूरे प्रदेश भर में 800 से अधिक सर्जरी कैंसिल हो चुकी है। चार दिनों में अगर पटना की बात करें तो 350 से अधिक तय सर्जरी पोस्टपोंड हुई है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों की पीड़ा बढ़ती जा रही है। परिजन का कहना है कि वे लोग गरीब हैं, इसलिए सरकारी अस्पताल में आए हैं। प्राइवेट में सक्षम नहीं हैं, लेकिन सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। 60000 से अधिक मरीजों को नहीं मिली ओपीडी सेवाः हेल्थ में पटना उत्तर भारत का एक प्रमुख केंद्र है। यहां चार-चार सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल है। इसके अलावा कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भी हैं। हड़ताल के कारण ओपीडी सेवा पूरी तरह बंद है। ऐसे में बिहार के सुदूर इलाके से प्रतिदिन पटना में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को पटना से वापस लौटना पड़ रहा है। पटना के अस्पतालों में 60000 से अधिक मरीजों को बीते 4 दिनों में ओपीडी सेवा नहीं मिली है।

**किन अस्पतालों से कितने मरीज लौट रहे:** पीएमसीएच में प्रतिदिन 2500-2700 मरीज बिना इलाज लौट रहे हैं। आईजीआई एमएस में 5500-5800, एनएमसीएच में 3000 और एम्स में 3000 से 3500 मरीज लौट रहे हैं। ऐसे में समय को चिकित्सीय सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीजों की बीमारी बढ़ते जा रही है। अस्पताल में डॉक्टर जनरल वार्ड में भी राउंड नहीं ले रहे हैं। ऐसे में पूर्व से जो एडमिट मरीज बिना ट्रीटमेंट के डिस्चार्ज लेकर घर लौटने को मजबूर हैं।

**पीएमसीएच के जनरल वार्ड में सन्नाटा:** पीएमसीएच प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। गरीब मरीजों के समुचित ट्रीटमेंट के लिए जाना जाता है। सामान्य दिनों में मरीज इतनी भीड़ होती है कि जमीन पर लेटाकर मरीज का इलाज किया जाता है, क्योंकि यहां बेड फुल होने के बावजूद मरीज को लौट आया नहीं जाता, लेकिन चार दिनों से सैकड़ों बेड खाली नजर आ रहे हैं। गुजरी वार्ड और हथुआ वार्ड में सन्नाटा पसरा हुआ है।

**लाज नहीं कर रहे डॉक्टर :** अस्पताल के हथुआ वार्ड में अपनी बीमार मां को खाना खिला रही साइबू निशा ने बताया कि वह बेतिया से आई हुई है। उसकी मां की किडनी खराब है और डायलिसिस होता है। वार्ड में चार दिन से कोई डॉक्टर आ नहीं रहे हैं। यहां से लोग कह रहे हैं कि प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाइए लेकिन वह इतना सक्षम नहीं है कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करा सकें।

**5 दिनों से नहीं हुआ इलाज:** मनेर से आए हुए मनीष कुमार ने बताया कि उनके पेट में समस्या है। पांच दिनों से पीएमसीएच में एडमिट हैं। पूरा पेट फुला हुआ है और बेचैनी महसूस हो रही है। लेकिन अस्पताल में डॉक्टर नहीं आ रहे हैं। प्राइवेट में जाने की क्षमता नहीं है इसीलिए वार्ड से डिस्चार्ज नहीं लिए हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं की स्ट्राइक जल्द खत्म होगी और उनका इलाज शुरू होगा।



**हड़ताल खत्म होने का इंतजार:** यह तो पटना के बड़े बड़े अस्पतालों का हाल है। पूरे बिहार में स्वासथ्य का हाल खराब है। मरीज बिना इलाज के लिए अस्पताल से घर लौट रहे हैं। जिसे प्राइवेट में जाने के लिए पैसा है वे वहां इलाज करा रहे हैं। जो प्राइवेट में नहीं जा सकते वे हड़ताल खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में धारा 163 लागू, प्रदर्शन और सभाओं पर रोक

**कोलकाता।** कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद देशभर में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच कोलकाता पुलिस ने आर.जी. कर अस्पताल के आसपास धारा 163 लागू कर दी है। कोलकाता पुलिस ने एक बयान में कहा, 18 अगस्त से अगले 7 दिनों के लिए आरजी कर अस्पताल के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत धारा 163 लागू की है। इस अवधि के दौरान वहां कोई सभा, धरना या रैली की अनुमति नहीं होगी। इससे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को सलाह दी थी कि वे महिला डॉक्टरों की रात की ड्यूटी लगाने से परहेज करें। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अलपन बंदोपाध्याय ने महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रातिरेर साथी नामक पहल की घोषणा की।

# पूर्व प्राचार्य की कॉल डिटेल चाहती है सीबीआई, तीसरे दिन भी पूछताछ जारी

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी एक महिला चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या मामले की जांच के संबंध में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की 'कॉल डिटेल' और 'चैट' की जानकारियां जुटा रहे हैं। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के समक्ष पेश हुए घोष को अस्पताल में घटना से पहले और उसके बाद किए फोन कॉल की जानकारियां देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी घोष की 'कॉल डिटेल' और डेटा उपयोग की जानकारियां प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदाता से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं। सीबीआई ने शनिवार देर रात तक करीब 13 घंटे तक घोष से पूछताछ की थी। घोष रविवार सुबह 11 बजे सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई कार्यालय फिर से पहुंचे।

सीबीआई अधिकारी ने कहा, हमारे पास उनसे पूछने के लिए सवालों की एक फेहरिस्त है।उन्होंने बताया कि घोष को चिकित्सक की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी भूमिका स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि उन्होंने किससे संपर्क किया और (पीड़िता के) माता-पिता को करीब तीन घंटे तक का इंतजार क्यों कराया। अधिकारी के अनुसार, पूर्व प्राचार्य से यह भी पूछा गया कि घटना के बाद अस्पताल की आपातकालीन इमारत के संगोष्ठी कक्ष के पास कमरों की मरम्मत का आदेश किसने दिया था। उन्होंने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या अपराध के पीछे कोई साजिश थी या पहले से इसकी योजना बनाई गई थी। प्राचार्य क्या कर रहे थे और क्या वह किसी भी तरीके से घटना में शामिल हैं। सीबीआई अधिकारी के मुताबिक, घोष के जवाबों का मिलान वारदात की रात को चेस्ट मेडिसिन विभाग में ड्यूटी पर मौजूद अन्य चिकित्सकों और प्रशिक्षुओं के बयानों से किया जाएगा। के संबंध में कोलकाता पुलिस के कई अधिकारियों समेत 20 से अधिक लोगों से अभी तक पूछताछ की है।




## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। मूलरूप से बिहार के रहने वाला सतीश सोनी लखनऊ में रहकर मौरंग का कारोबार करते थे। उन्होंने दो शादियां की है। पहली पत्नी बिहार में तो दूसरी पत्नी लखनऊ के अवधपुरी में रहती थी।

# दो वाहनों के बीच टक्कर में छह लोगों की हुई मौत

एजेंसी

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गौर रेलवे स्टेशन के निकट एक वाहन (एसयूवी) के ट्रक से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार आधी रात को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उस समय हुई जब वाहन जिले के कालियाचक से मालदा शहर आ रहा था। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारियों और पुलिस ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से शवों को निकाला तथा दो अन्य घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि ये सभी लोग मालदा जिले के कालियाचक ब्लॉक के अलीपुर से थे।

## अपराधियों ने मां बेटी को चाकुओं से किया छलनी

**सहरसा ।** सहरसा के सदर थाना क्षेत्र में फूल तोड़ने निकली मां-बेटी की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गयी। घटना सदर थाना क्षेत्र के नरियार गांव की। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। नरियार के उचितनगर विद्यालय से पुलिस ने शव बरामद कर लिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। एक साथ डबल मर्डर की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गयी। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मृतका की पहचान रिंकू देवी एवं उसकी पुत्री नैना कुमारी के रूप में हुई है। महिला के पति का नाम विकास पोद्दार है।

# प्रयागराज में गंगा-यमुना फिर उफान पर, 24 घंटे में बढ़ा 51 सेंटीमीटर जलस्तर

एजेंसी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की संगमनगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी में जलस्तर फिर से बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा सताने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान गंगा और यमुना जलस्तर क्रमशः 29 और 21 सेंटीमीटर बढ़ गया है। सिंचाई बाढ़ खंड के नियंत्रण कक्ष के अनुसार शुक्रवार को शाम चार बजे गंगा का जलस्तर 78.94 मीटर दर्ज किया गया था, जबकि शनिवार को 29 सेंटीमीटर बढ़कर 79.23 मीटर दर्ज किया गया है। नैनी में यमुना का जलस्तर इसी प्रकार शुक्रवार को 79.60 मीटर दर्ज किया गया था जो शनिवार चार बजे 21 सेंटीमीटर बढ़कर 79.61 सेंटीमीटर दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक वर्षा के बाद और मध्य प्रदेश की नदियों में उफान और हरिद्वार से 97022 क्यूसेक, नरोरा से 1,15,180 क्यूसेक और कानपुर बैराज से 2,55, 908 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे दोनों नदियों में जलस्तर बढ़ रहा है।

**एक सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं गंगा-यमुना**

लोगों का कहना है कि यही रफ्तार रही तो देर शाम या कल सुबह तक गंगा मंदिर में फिर प्रवेश कर सकती हैं। सिंचाई बाढ़ खंड के कंट्रोल रूम की ओर से रात आठ बजे जारी बुलेटिन के मुताबिक गंगा-यमुना एक-एक सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं। इस दिन गंगा में हरिद्वार से 97022 क्यूसेक, नरोरा से 1,15,180 क्यूसेक और कानपुर बैराज से 2,55, 908 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शनिवार को भी गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ता रहा है।

## बरेली में मंत्री के चालक का शव फंदे पर लटका मिला

**बरेली।** जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अतिथि गृह में राज्य सरकार के पशुधन मंत्री के कथित वाहन चालक का शव रविवार को फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के वाहन चालक राजवीर (46) ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने बताया कि राजवीर का शव फंदे पर लटका था और उसके कान में हेडफोन लगा हुआ था। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**शामली में पिटबुल कुत्ते का आतंक**

# खेल रहे 2 मासूम बच्चों को किया घायल परिजनों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

एजेंसी

**शामली।** उत्तरप्रदेश के जनपद शामली में पिटबुल कुत्ते का आतंक देखने को मिला है। जहां पर एक पिटबुल कुत्ते ने दो बच्चों पर जानलेवा हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चों के परिजनों ने डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद कुत्ते के मालिक के विरुद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला शामली जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ी माता मंदिर के निकट का है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंधित नस्ल के पिटबुल कुत्ते ने खेल रहे दो बच्चों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**पिटबुल कुत्ते लोगों के लिए बना मुसीबत**

आपको बता दें कि पूर्व में भी शामली जनपद में पिटबुल कुत्ते के हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। प्रशासन की चेतावनी के बाद भी कुछ लोग पिटबुल कुत्तों को पाल रहे हैं और पिटबुल कुत्ते नागरिकों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। वहीं घायल हुए दोनों बच्चों के परिजनों ने सदर कोतवाली पर पहुंचकर कुत्ते के मालिक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल हुए बच्चे के परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है और पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

## 'विराट युग' के 16 साल पूरे, जय शाह ने 'किंग कोहली' को दी बधाई




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पूरे करने पर बधाई दी। 2008 में इसी दिन, विराट कोहली ने वनडे सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ दांबुला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके कुछ महीने बाद वे कुआलालंपुर में अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान भी बने थे। जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा, "आज से 16 साल पहले, 19 वर्षीय विराट कोहली ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रखा था, जो एक ऐसे करियर की शुरुआत थी जो वाकई शानदार बन गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पूरे करने पर किंग को बधाई!" अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में कोहली ने मौजूदा भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ ओपनिंग की और सिर्फ 12 रन बनाए। उन्होंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज में पांच मैचों में 31.80 की औसत से 159 रन चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पूरे करने पर बल्लेबाज को बधाई देने के लिए 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। आरसीबी ने लिखा, "किंग के 16 साल, और उनका एक जादुई साम्राज्य। किंग कोहली की जय हो। डेब्यू से लेकर सर्टिफाइड लीजेंड का दर्जा पाने तक। 16 साल के जुनून के साथ, विराट ने न केवल खेल खेला, बल्कि उन्होंने क्रिकेट के एक नए परफेक्ट ब्रांड की रूपरेखा तैयार की!" तब से, कोहली भारत के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय बल्लेबाज रहे हैं।

### अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप

# 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत करेगा अपने सफर का आगाज



**टीमों को चार समूहों में विभाजित किया जाएगा**

**ग्रुप ए :** भारत (ए1), वेस्टइंडीज (ए2), श्रीलंका (ए3) और मलेशिया (ए4), सेलंगोर के ब्यूमास ओवल में खेलेंगे।
**ग्रुप बी :** इंग्लैंड (बी1), पाकिस्तान (बी2), आयरलैंड (बी3) और यूएसए (बी4) जोहोर के दातो डॉ. हरजीत सिंह जोहोर क्रिकेट अकादमी (जेसीए ओवल) में खेलेंगे।
**ग्रुप सी :** न्यूजीलैंड (सी1), दक्षिण अफ्रीका (सी2), अफ्रीका के क्वालीफायर (सी3) और समोआ (सी4) और बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड, सरवाक में खेलेंगे।
**ग्रुप डी :** ऑस्ट्रेलिया (डी1), बांग्लादेश (डी2), एशिया के क्वालीफायर (डी3) और स्कॉटलैंड (डी4) और सेलंगोर के यूकेएम वाईएसडी ओवल में खेलेंगे।

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 के मैचों के कार्यक्रम की रविवार को घोषणा की। मौजूदा चैंपियन भारत टूर्नामेंट शुरू होने के एक दिन बाद 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

प्रतियोगिता की शुरुआत 18 जनवरी 2025 को होगी और फाइनल मुकाबला 2 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों के बीच 41 मुक़ाबले खेले जाएंगे। मौजूदा चैंपियन भारत के ग्रुप में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया रहेंगे। मलेशिया के चार शहरों में ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। इन रोमांचक मैचों के अलावा मुख्य कार्यक्रम की तैयारी के लिए 13 से 16 जनवरी तक 16 अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। इस रोमांचक टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 2023 में दक्षिण अफ्रीका में एक सफल टूर्नामेंट के बाद होने वाला है, जहां भारत ने रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर पहली बार विजेता का खिताब जीता था। रोमांच की शुरुआत 18 जनवरी को ट्रिपल हेडर से होगी। जोहोर में, इंग्लैंड का मुकाबला आयरलैंड से होगा और ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से होगा। समोआ का सामना अफ्रीका के क्वालीफायर से होगा, जबकि न्यूजीलैंड का सामना सारावाक में ग्रुप सी में दक्षिण अफ्रीका से होगा। ऑस्ट्रेलिया का सामना स्कॉटलैंड से होगा और सेलंगोर में यूकेएम वाईएसडी ओवल में ग्रुप डी के मुकाबलों में बांग्लादेश का सामना एशिया के क्वालीफायर से होगा। आईसीसी के सीईओ ज्यॉफ़ एलार्डिस ने कहा, "यह आईसीसी के लिए एक विशेष कार्यक्रम है और महिला क्रिकेट के प्रोफ़ाइल को बढ़ाने और दुनिया भर में खेल को आगे बढ़ाने की हमारी वैश्विक विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे वैश्विक दर्शकों को भविष्य के सितारों से परिचित कराने का भी एक अनूठा अवसर है।" उन्होंने आगे कहा, "हम 2023 में साउथ अफ़्रीका में उद्घाटन टूर्नामेंट में रखी गई नींव की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। हम सभी टीमों को उनकी तैयारी के लिए और मलेशियाई क्रिकेट एसोसिएशन को कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में की गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार (एसडीएस) और पुरानी दिल्ली 6 (पीडीएल) के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में गेंदबाजी करते हुए देखा गया। पुरानी दिल्ली 6 की कप्तानी कर रहे पंत मैच का आखिरी ओवर करने आए जिसमें एसडीएस को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। कलाई के स्पिनर ने लो फुल टॉस फेंकी जिसे लॉन्ग ऑन की तरफ ड्राइव करके सिंगल लिया गया और एसडीएस ने 19.1 ओवर में 198 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए मैच सात विकेट से जीत लिया।

### पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाले लक्ष्य सेन ने सीएम धामी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने सीएम आवास पर युवा भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन से मुलाकात की। इस दौरान लक्ष्य सेन के माता निर्मला सेन, पिता के.डी सेन और उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री बी.एस मनकोटी भी मौजूद रहे। सीएम धामी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहे बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का सम्मान किया।










## पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ शृंखला को देखते हुए लिया लंबा ब्रेक



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। कमिंस ने कहा, 'ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं।

### जसपाल राणा ने चयन नीति के लिए एनआरएआई की आलोचना की, कहा

# निशानेबाजों को नुकसान हो रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। राणा ने संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे। राणा ने कहा, '(महासंघ की) चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें... वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे।' तोक्यो ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए, जबकि वे सबसे प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक थे। राणा ने कहा, 'सौरभ चौधरी कहां हैं, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम (10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज) अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है।' एनआरएआई ने रियो ओलंपिक के बाद तोक्यो ओलंपिक में भी पदक नहीं जीतने के बाद 2021 में अपने चयन मानदंडों में संशोधन किया। उसने कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को मिलने वाले बोनस अंकों में भारी कटौती की और लंबे अंतराल के बाद टीम के चयन के लिए ट्रायल्स की शुरुआत की।



▸ इससे अतीत में कुछ होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया, तो आगे भी ऐसा होता रहेगा।

## हमें अपने घर पर जीतनी होगी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : जोश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बीते कुछ महीने और साल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए यादगार रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप हो या वनडे वर्ल्ड कप, उन्होंने हर बार बाजी मारी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज पर बात की है। हेजलवुड ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया अपने घर में ये सीरीज जीतना चाहती है, क्योंकि उनके पास केवल यही एक लक्ष्य बचा है, जिसे उन्हें हर हाल में हासिल करना है। 2014/15 की सीरीज में भारत को 2-0 से हराने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर लगातार इस सीरीज में भारत के खिलाफ हार झेली है। बॉल टैंपरिंग बैन के कारण स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर की गैर मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया 2018/19 सीरीज में भारत के खिलाफ 2-1 से हारा था। इसके बाद 2020/21 की सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। हेजलवुड ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, "ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने कभी भी भारत को टेस्ट सीरीज में नहीं हराया है। यह कहना काफी आश्चर्यजनक है। यह एक ऐसी चीज है जिसे हमें निश्चित रूप से बदलना होगा, खास तौर पर हमें यहां घरेलू मैदान पर लगभग हर सीरीज जीतनी चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "पिछली सीरीज में हमने भारतीय टीम को एडिलेड में 36 रन पर आउट कर दिया था। इससे हमें आत्मविश्वास मिला। लोग कहते हैं कि हमने उस सीरीज के आखिरी टेस्ट में इंडिया की 'बी' टीम के साथ खेला, लेकिन वे कभी-कभी सर्वश्रेष्ठ टीम से भी मजबूत हो सकते हैं। उनके पास सभी प्रारूपों में अविश्वसनीय गहराई है।" हेजलवुड जून में लॉर्ड्स में 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की भी महत्वाकांक्षा रखते हैं। पिछले साल वह इस चैंपियनशिप का फाइनल नहीं खेल पाए थे, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ओवल में भारत को हराकर खिताब जीता था।

## हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत होगी : विनेश फोगाट

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था।










### व्यापार/ लाइफ व सांइस

# देश में बढ़ रही हैं लग्जरी कारों की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




युवा पीढ़ी के सोचने के तरीके में आये पीढ़ीगत अंतर के कारण देश में लग्जरी सामानों की खपत बढ़ रही है, और सुपर-लग्जरी कारें इसका अपवाद नहीं हैं। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, मैकलारेन और एस्टन मार्टिन जैसे ब्रांडों की लग्जरी कारों की घरेलू बाजार में मजबूत मांग देखी जा रही है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल भारतीय बाजार में 1,200-1,300 लग्जरी कारें बिकने की संभावना है। पिछले साल टॉप-एंड कार सेगमेंट में बिक्री दोगुनी से अधिक होकर 1,000 इकाई पर पहुंच गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इटली स्थित उसके मुख्यालय से भारतीय बाजार के लिए आवंटित लेम्बोर्गिनी की सभी कारें बिक चुकी हैं। हुराकैन, उरुस और रेवुएल्टो जैसी इसकी कारों की कीमत पांच करोड़ से 10 करोड़ रुपये के बीच है। फेरारी, मैकलारेन और एस्टन मार्टिन जैसे अन्य लग्जरी ब्रांडों की बिक्री में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। मर्सिडीज-बेंज और ऑडी के लग्जरी मॉडल पर अब एक साल का वेटिंग टाइम है। इन कारों की कीमत 2.5 करोड़ से 4.5 करोड़ रुपये तक है। एस्टन मार्टिन ने हाल ही में भारत में 3.99 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) की नई स्पोर्ट्स कार 'वेंटेज' लॉन्च की है। कंपनी के अनुसार, इसका ढांचा काफी मस्क्यूलर है और इसकी ओर अनायस सबका ध्यान खिंच जाता है। इसका डिजाइन एस्टन मार्टिन की प्रसिद्ध वन-77 सुपरकार से प्रेरित है। बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने जनवरी-जून की अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स एक्टिविटी वाहनों, लग्जरी क्लास और इलेक्ट्रिक कारों की उच्च मांग से भारतीय बाजार में कंपनी की बिक्री 21 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। बीएमडब्लू लग्जरी क्लास कारों की बिक्री 17 प्रतिशत से अधिक बढ़ी और कुल बिक्री में इनका योगदान 18 प्रतिशत रहा। बीएमडब्ल्यू एक्स7 सबसे अधिक बिकने वाला लग्जरी क्लास मॉडल था। बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, "हमारे वाहनों की मजबूत मांग, हमारी विशेष गतिशीलता में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के साथ-साथ ड्राइविंग का बेजोड़ आनंद और अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ नवाचारों से प्रेरित है।

## Oneplus के नए ईयरबड्स लेदर फिनिश के साथ होंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** वनप्लस यूजर्स के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, कुछ ही दिन बाद कंपनी के नए ईयरबड्स लॉन्च होने वाली हैं। हम बात कर रहे हैं, OnePlus Buds Pro 3 की। कंपनी ने हाल ही में इसकी लॉन्च डेट की घोषणा की है। इन नेक्स्ट जनरेशन फ्लैगशिप ईयरबड्स को 20 अगस्त 2024 को लॉन्च किया जाएगा। लेकिन इसके रिलीज से ठीक पहले, नए नया टीजर शेयर किया गया है, जिसमें इसके प्रीमियम डिजाइन और ऑडियो पावर का खुलासा किया गया है। पहले केवल अफवाह थी कि वनप्लस के अपकमिंग ईयरबड्स लेदर जैसे मटेरियल के साथ आएंगे। लेकिन अब टीजर ने ये कंपर्म कर दिया है कि अपकमिंग ईयरबड्स को एक नए डिजाइन के साथ लॉन्च किया जाएगा। जिसमें एक प्रीमियम बिल्ड, फॉक्स लेदर मटेरियम और एक नया गोल एर्गोनोमिक डिजाइन मिलेगा। वनप्लस बड्स प्रो 3 को दो कलर ऑप्शन में डुअल टोन फिनिश के साथ देखा जा सकता है, जिसका नाम मिडनाइट ओपस और लूनर रेडिएंस है।













# पिछले 10 सालों में मेट्रो वाले शहरों की संख्या 5 से बढ़कर 21 हुई : मनोहर लाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि पिछले 10 सालों में देश के 21 शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का विस्तार किया गया है। 2014 में यह संख्या सिर्फ पांच थी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से पिछले एक दशक में 700 किलोमीटर नई मेट्रो लाइन को शुरू किया गया है। इसी के साथ देश में मेट्रो के कुल ट्रैक की लंबाई 945 किलोमीटर हो गई है। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को तीन नए जन-परिवहन प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें ठाणे की इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना कॉरिडोर, पुणे और बेंगलुरु में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार शामिल है। इसकी लंबाई 78 किलोमीटर है, जिसे 2029 में चालू किया जाना है। इन परियोजनाओं से देश के विस्तारित मेट्रो नेटवर्क में इजाफा होगा, जो पहले से ही अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता से हम जल्द ही मेट्रो रेल नेटवर्क के मामले में अमेरिका को पीछे छोड़कर चीन के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। गुरुग्राम, मानेसर और धारूहेड़ा, सोनीपत और पानीपत को जोड़ने वाले शेष दो प्राथमिकता वाले कॉरिडोर को भी जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने विकास के मुद्दे पर जोर देकर कहा, "2014 से पहले हर महीने मेट्रो लाइन के केवल 600 मीटर का निर्माण किया जा रहा था।






## एक नजर

### युवा आक्रोश रैली में भाग लेने को लेकर भाजपा की हुई बैठक



**हरिहरगंज।** भाजपा पिपरा मंडल की बैठक रविवार को पिपरा में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अनिल प्रजापति की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में बताया गया कि आगामी 23 अगस्त को रांची में आयोजित होने वाली भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा आक्रोश रैली में भाग लेना हैं। मौके पर बैठक के प्रभारी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक इस युवा आक्रोश रैली में भाग लें। ताकि जनविरोधी हेमंत सोरेन की सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंका जा सके। साथ ही कहा कि इस युवा आक्रोश रैली में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह, संतोष गुप्ता, विजय प्रजापति, कृष्ण कुमार, मंजू देवी, प्रमिला देवी, अनीता देवी, सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**पाटन।** पाटन प्रखंड परिसर में शनिवार को प्रखंड कॉलोनी स्कूल में बीडीओ अमित कुमार झा के निर्देशानुसार कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्रोंओ के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल मिलते ही छात्र छात्राओं में खुशी की लहर उमड़ पड़ी। कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सभी स्कूल के छात्र-छात्राओ को करीब 200 साइकिल का वितरण किया गया। वितरण के मोके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

### फुटबॉल का खेल शारीरिक स्वास्थ्य का प्रतीक : विधायक

**पांकी।** पांकी के हाईस्कूल मैदान में पांकी फुटबॉल सुपर लीग मैच का उद्घाटन किया गया। पांकी विधायक डा० शशिभूषण मेहता ने दोनों टीमों को प्रोत्साहित करते हुए टास किया। विधायक डा० मेहता ने आयोजक कमिटी को 15हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की। कहा आज के इस साईबर युग में शारीरिक स्वस्थता के लिए खेल का आयोजन काफी सराहनीय है। फुटबॉल मैच खेलने से अधिक देखना रोमांचकारी होता है। मोबाईल और कंप्यूटर से व्यस्त रहकर भी खेल के लिए हमें समय निकालने की जरूरत है। उद्घाटन मैच रतनपुर व तेतराई फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, अजित गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, निरंजन सिंह, प्रेम सिंह, संगुत सिंह, अनिल सिंह आदि थे।

### लाधुप में हाथियों के झुंड ने किसान के घर को किया क्षतिग्रस्त

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधूप पंचायत के दूधिमाटी गांव में शनिवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने धुधिमाटी निवासी किसान फूलचंद गंझू के घर को ध्वस्त कर दिया और घर मे रखे धान, चावल और गैंहू को चट कर गये। हाथियों ने घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई है। भुक्तभोगी ने बताया कि हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे तभी अचानक आधी रात को हाथियों का झुंड आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की संख्या 17 से 18 थी। उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुंड कुडू क्षेत्र में भी प्रवेश कर नुकसान पहुंचाने की सूचना है।

# हुसैनाबाद में 800 में 200 स्ट्रीट लाइट खराब, लोग अंधेरे में रहने को विवश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों में करीब 800 स्ट्रीट लाइट लगाया गया हैं। इसमें 200 से अधिक लाइट खराब होने से लोग परेशान व अंधेरे में रहने को विवश हैं। कई कॉलोनियों में तो एक माह से स्ट्रीट लाइट नहीं सुधारी गई। लोगों की शिकायत है कि नगर पंचायत कार्यालय में कई बार सूचना देने के बाद भी लाइट नहीं सुधारी जा रही है। शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी है, जिसे लेकर लोगों में भय व्याप्त है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचक रहे हैं। नगर पंचायत के मोहम्मदाबाद, मिजार्पुर, बगीचा, लंबी गली, सैदाबाद, अनुमंडल रोड, आईटीआई रोड, कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। इस कारण सड़क पर अंधेरा पसरा रहता है। लाइट लगाने के बाद कंपनी के द्वारा एक बार भी मरम्मत नहीं कराया गया। ऐसे में लाइट नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही हैं। शहर के गणेश पुरी कॉलोनी ,जपला हैदरनगर रोड, मधुशाला रोड में भी अंधेरा रहता हैं। नगर पंचायत के वार्ड तीन के पार्षद राजेंद्र पाल ने बताया उनके मोहल्ले व वार्ड दो और तीन में भी कई विद्युत खंभे पर लगाया गया एलेडी लाइट बंद है। लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे हैं,लेकिन अबतक समाधान नहीं हुआ है। जपला अंबेडकर चौक के निवासियों ने भी हाई मास्ट लाइट खराब होने की समस्या के बारे में बताया।



**शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी हैं, जिसे लेकर लोगों में भय व्याप्त है।**

**लाइट लगाने के बाद कंपनी द्वारा एक बार भी मरम्मत नहीं कराया गया।**

## सड़क पर जमा पानी से ग्रामीण परेशान

# कीचड़ में तब्दील उंटारीरोड

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** बारिश से जहां किसान खुश होकर खेतों में धनरोपनी करने में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सड़कों का हाल बदहाल हो गया है। आवागमन पूरी तरह से बाधित है। इसे सरकार को दिखाने के लिए रविवार को पांडू प्रखंड अन्तर्गत बूढ़ीखाड़ गांव में बसपा पार्टी द्वारा पांडू प्रखंडवासियों को विश्रामपुर पांडू मार्ग से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बूढ़ीखाड़,कोइरियाडीह गांव के समीप धनरोपनी किया गया। धनरोपनी का नेतृत्व कर रहे बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि 20 वर्ष बीत जानें के बाद भी इस रोड के लिए विधायक को कोई चिंता नहीं है, विधायक द्वारा आरोप लगाया जाता है कि बूढ़ीखाड़ के ग्रामीण हीं रोड नहीं बनने देते हैं। बारिश के कारण कजरु, बूढ़ीखाड़, बरवाही, विश्रामपुर ब्लॉक मोड़ सहित कई जगहों पर सड़कों का हाल बदहाल है। सरकार सिर्फ योजनाओं की घोषणा कर रही है, पर धरातल की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। नई सड़कें बनाई जा रही हैं, लेकिन जर्जर सड़कों की मरम्मत की ओर किसी का ध्यान नहीं है। जिससे ग्रामीण नर्क की जिंदगी जी रहे हैं उन्होंने कहा कि जल्द विभाग द्वारा जर्जर सड़कों को दुरुस्त नहीं किया जाता है तो बसपा पार्टी आंदोलन करेगा। विश्रामपुर होते हुए पांडू प्रखंड मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क भी बारिश के कारण काफी बदहाल है। बूढ़ीखाड़ कोइरियाडीह गांव के समीप बारिश से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। रोजाना यहां से गुजरने वाले वाहन सवार लोग गिर रहे हैं। वहीं पैदल चलने वाले लोग भी इस रास्ते से गुजरने से परहेज करते नजर रहे हैं। मौके पर गीता मेहता, विजय मंडेला पांडू प्रखंड अध्यक्ष, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सिवपुकार राम, श्री मेहता, रामेश्वर महतो, नईमुदिन अंसारी, वीरेंद्र मेहता, पप्पू ठाकुर, सल्लिम अंसारी, अमेश राम, सुरेश यादव, रामपूजन पसवान, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



*आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने पांडू मुख्य सड़क पर की धनरोपनी।*

### पूर्व विधायक ने बज्रपात से हुई योगेंद्र की परिजनों से की मुलाकात

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के पिपरा गांव निवासी योगेंद्र यादव का शनिवार को बज्रपात से हुई आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया।पूर्व विधायक ने बताया की योगेंद्र की असामयिक मौत अत्यंत पीड़ादायक है। निधन का समाचार प्राप्त होने के उपरांत घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात किया और सभी को ढांढस बढ़ाया।मेरी शोक संवेदनाएं पीड़ित परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवगंत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## 15 घंटे से लापता दो भाइयों के शव अर्धनिर्मित कुएं से मिले



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह के एक अर्धनिर्मित कुएं से दो चचेरे भाइयों के शव मिले। दोनों 15 घंटे से लापता थे। उनकी पहचान नावाडीह पंचायत के बरवाही टोला के रहने वाले गौतम कुमार (7) और अंशु कुमार (6) के रूप में हुई है। घर वाले इनकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन नहीं मिल रहे थे। रविवार सुबह बच्चों को खोजते हुए ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे तो दोनों बच्चों का शव देखा। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। बच्चों के शव निकाले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचीं और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा। जिस कुएं से बच्चों के शव मिले, वह नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानंद प्रसाद का है। बच्चों के घर से कुआं की दूरी महज डेढ़ सौ फीट है। बताया गया है कि घर का कबाड़ा लेकर गांव में ही कबाड़ी कारोबारी विश्वनाथ दास को देने के लिए घर वालों ने शनिवार शाम चार बजे के करीब बच्चों को भेजा था। बच्चों के घर वालों ने कबाड़ी कारोबारी विश्वनाथ दास पर बच्चों की हत्या का आरोप लगाया है। घर वालों के मुताबिक मृत बच्चे के पिता के रिश्तेदार चनारिक राम के साथ विश्वनाथ दास का जमीन विवाद था। आशंका जताई गई है कि बच्चों को मारने के बाद शव को कुएं में डाला गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों का बयान लिया जा रहा है। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर मौत का कारण स्पष्ट किया जाएगा। फिलहाल कुएं में डूबने से मौत मानकर छानबीन की जा रही है।

# हुसैनाबाद में सहायक शिक्षक से जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट

## चार आरोपियों के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा विद्यालय में सहायक शिक्षक उमेश कुमार (40 ) के साथ गांव के चार लोगों द्वारा मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। शिक्षक उमेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचा है। घटना 16 अगस्त को पूर्वाह्न लगभग 11:20 बजे की है, जब उमेश कुमार अपने विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य कर रहे थे। उसी समय गांव का एक लड़का स्कूल प्रांगण में आया और उमेश कुमार से अपने बच्चे का फार्म नवोदय विद्यालय में भरवाने की बात कही। उमेश कुमार ने यह स्पष्ट किया कि उक्त बच्चा उनके विद्यालय में नामांकित नहीं है, इसलिए वह यह कार्य नहीं कर सकते। इस बात से नाराज होकर, लड़के ने स्कूल छोड़ दिया और कुछ देर बाद लगभग चार-पांच व्यक्तियों को लेकर वापस आया। इनमें रुनजय यादव, चंदन यादव, जितेन्द्र यादव और महेशी यादव शामिल थे। इन चारों ने विद्यालय में घुसकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और उमेश कुमार को 'चमार' जैसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक, मिता राम प्रजापति, बीच-बचाव करने पहुंचे। लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



### चारों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग

शिक्षक उमेश कुमार ने रविवार को हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर इन चारों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने जानमाल की सुरक्षा और सरकारी अभिलेखों के बचाव की भी गुहार लगाई है। पुलिस ने घटना की जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन आज, बाजार में रौनक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भाई बहन के बीच प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर जिला सहित सभी प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं राखी पर भारतीय परंपराओं का रंग चढ़ेगा। कल भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा। रक्षाबंधन को लेकर जिला मुख्यालय के बाजार में एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां सज चुकी हैं। एक समय था जब भारी भरकम राखियां चलन में थी, लेकिन ऐसी राखियां इस बार बाजार से गायब नजर आ रही है।

दुकानों पर उपहार के गिफ्ट पैक भी आ गए हैं। वहीं बहने अपने छोटे भाइयों के लिए जड़ी राखी, कार्टून पात्रों के फोटो वाली राखी, टेडी राखी, और बड़ों के लिए रेशम के धागों की आकर्षक राखियां खरीद रही हैं। इस बार बाजार में जय श्री राम नाम की राखियां भी लोगों को लुभा रही है। इस बार लगभग सभी जगह स्वदेशी निर्मित राखियों से बाजार पटा है। लातेहार के दर्जनों राखी की दुकानें सज चुकी है। कोलकता के कारीगरों द्वारा तैयार राखियाँ भी बाजार में आई है।

### 10 से 300 सौ रुपये तक की राखियां बाजारों में उपलब्ध

दुकानों में दस रुपये से लेकर तीन सौ तक की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों का मानें ग्राहकों द्वारा देखने में सुंदर व हल्की राखियों को खरीदने पर ज्यादा तरजीह दी जा रही है। रंगोली स्टोर के दुकानदार दीपू ने बताया उनके दुकान में 10 से लेकर 300 रुपया तक की राखियां है। लाइट वाली राखी भी बच्चों को खूब आकर्षित कर रही है। दूकान में डोरी राखी से लेकर लुंबा राखी, जड़ी राखी, स्टोन राखी, टेडी राखी और जय श्री राम तक की राखी से पटा है। बच्चो के लिए टैडी राखी 10 रुपया से 20 रुपया और लाइट वाली राखी 20 से पचास रुपया तक में उपलब्ध है।

# डायरिया का प्रकोप, एक बच्ची की मौत, दर्जन भर आक्रांत

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत राणाडीह गांव में डायरिया का प्रकोप है। इससे एक बच्ची की मौत हो गई दर्जन भर लोग आक्रांत है। हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रानाडीह गांव में कैंप कर रही है। डायरिया से जिस बच्ची की मौत हुई है, उसका नाम नितू कुमारी (10) है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विनेश कुमार ने रविवार को बताया कि जिन चार लोगों को ज्यादा दिक्कत है, उन्हें एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया है। उनका उपचार किया जा रहा है। डायरिया से पीड़ितों में पूनम कुमारी, राजकुमार राम, सोनी कुमारी, तिलेश्वरी देवी , सरस्वती देवी, विकास पासवान, सुषमा कुमारी, संजू देवी, उषा देवी चनारिक राम समेत अन्य शामिल हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि मुखिया विकास सिंह, समाजसेवी शुभम सिंह व राणाडीह की सहिया बबीता देवी की उपस्थिति में लोगों की स्थिति को देखते हुए उन्हें दवा व बचाव की जानकारी दी दी जा रही है। चिकित्सक के साथ स्वास्थ्य कर्मी नीरज कुमार सिंह व सुनील कुमार



यादव एंबुलेंस के साथ एक टीम लगातार लोगों को जानकारी दे रही है। ग्रामीणों को आपात स्थिति के लिए कुछ जरूरी दावा भी दी गई। हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा ने बताया कि उल्टी दस्त की शिकायत बरसात के दिनो मे बासी भोजन, गंदा पानी आदि के सेवन से होता है। उन्होंने आम लोगों को इस मौसम में हल्का व ताजा भोजन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नल या कूप का पानी उबाल कर पीना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी तरह की परेशानी आती है तो नजदीक के अस्पताल आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य सहिया से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों पर उनकी नजर है। उन्हें कहीं से कोई जानकारी मिलेगी तो वह तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजने का काम करेंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश कुमार ने कहा कि अस्पताल में सलाईन या दवा की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

## पेज एक का शेष

### पाकुड़ से मुख्यमंत्री ...

आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी बहन-बेटियों को रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक बधाई दी।

**राज्य की बहन-बेटियों के सम्मान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन त्योहार पूरे देश में उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन हमारी बहन-बेटियों को अनेक उपहार मिलते हैं। रक्षाबंधन के दिन भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। आज हमारी सरकार भी राज्य की बहन-बेटियों के सम्मान, रक्षा एवं उनके विश्वास पर खरा उतरने संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआत से ही हमारी सोच रही है कि राज्य की आधी आबादी जो हमेशा अनेक चुनौतियों से गुजरते हैं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए विशेष काम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रारंभ करने से पहले कई प्रकार की चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए कई बाधाओं को निपटाया गया। इस योजना के संचालन की एक-एक पहलुओं को ध्यान में रखकर अंततः आज नारी शक्ति से जुड़ी इस महत्वाकांक्षी योजना की विधिवत शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार शुरूआती दिनों से ही हेड क्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव से चल रही है। जब गांव मजबूत होगा तभी सरकार मजबूत होगी, इसी उद्देश्य के साथ कार्य किए गए हैं।

**इन महत्वपूर्ण योजनाओं की भी दी सौगात :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर 105.8015 करोड़ रुपये की 215 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 32.877 करोड़ रुपये की 14 योजनाओं का उद्घाटन और 72.9244 करोड़ रुपये की 201 योजनाओं की आधारशिला रखी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कुल 65948 लाभुकों के बीच 126.1593 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

### सीएम रहते हुए मेरा ...

निर्णय लिए, उसका मूल्यांकन राज्य की जनता करेगी। जब सत्ता मिली तब बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू जैसे वीरों को नमन कर राज्य की सेवा करने का संकल्प लिया था। झारखंड का बच्चा-बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान मैंने कभी भी किसी के साथ ना गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच हूल दिवस के अगले दिन मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। पूछने पर पता चला कि गठबंधन द्वारा तीन जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलाई गई है, तब तक आप सीएम के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि क्या लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? अपमान का यह कड़वा घूंट पीने के बावजूद मैंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण सुबह है, जबकि दोपहर में विधायक दल की बैठक होगी, तो वहां से होते हुए मैं उसमें शामिल हो जाऊंगा, लेकिन उधर से साफ इंकार कर दिया गया। जब वर्षों से पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो रही है और एकतरफा आदेश पारित किए जाते हैं, तो फिर किसके पास जाकर अपनी तकलीफ बताता? इस पार्टी में मेरी गिनती वरिष्ठ सदस्यों में होती है। बाकी लोग जूनियर हैं और मुझ से सीनियर सुप्रीमो जो हैं, वे अब स्वास्थ्य की वजह से राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, फिर मेरे पास क्या विकल्प था? यदि वे सक्रिय होते, तो शायद अलग हालात होते। कहने को तो विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार मुख्यमंत्री का होता है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा तक नहीं बताया गया था। बैठक के दौरान मुझ से इस्तीफा मांगा गया। मैं आश्चर्यचकित था, लेकिन मुझे सत्ता का मोह नहीं था। इसलिए मैंने तुरंत इस्तीफा दे दिया, लेकिन आत्मसम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था। पिछले तीन दिनों से हो रहे अपमानजनक व्यवहार से भावुक होकर मैं आंसुओं को संभालने में लगा था, लेकिन उन्हें सिर्फ कुर्सी से मतलब था। मुझे ऐसा लगा मानो उस पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं है। कोई अस्तित्व ही नहीं है, जिस पार्टी के लिए हम ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस बीच कई ऐसी अपमानजनक घटनाएं हुईं, जिसका जिक्र फिलहाल नहीं करना चाहता। इतने अपमान एवं तिरस्कार के बाद मैं वैकल्पिक राह तलाशने को मजबूर हो गया। मैंने भारी मन से विधायक दल की उसी बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।

### झामुमो के संस्थापक ...

का विवाह मानको सोरेन से हुआ था। वर्ष 1991 में सरायकेला सीट से तत्कालीन विधायक कृष्णा मार्डी ने इस्तीफा दे दिया था। 1991 में हुए उपचुनाव में चंपाई सोरेन ने जीत हासिल की थी। ये जीत चंपाई सोरेन की पहली जीत थी। वर्ष 1995 में उन्होंने फिर से एक बार सरायकेला सीट से चुनाव जीता। वर्ष 2000 में हुए विधानसभा चुनाम में इनको हार का सामना करना पड़ा था। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद वर्ष 2005 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने फिर से जीत हासिल की। वर्ष 2005 से अब तक वे कोई चुनाव नहीं हारे हैं। उन्होंने 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी, श्रम और आवास विभाग का मंत्री पद संभाला। 13 जुलाई 2013 से 28 दिसंबर 2014 तक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन कैबिनेट मंत्री का पदभार संभाला। वर्ष 2019 में जीतने के बाद परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण में कैबिनेट मंत्री का पद संभाला। 02 फरवरी 2024 को वे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री बने थे। 03 जुलाई 2024 को उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### चंपाई के पोस्ट से...

बल पर उनकी पार्टी और परिवार तोड़ने का आरोप लगाया था। देर रात तक अफवाहों का बाजार गरम रहा, पर पुष्टि किसी की नहीं हुई।

**चंपाई अगर करेंगे विद्रोह, तो जेएमएम को लगेगा झटका :** कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन झारखंड के कोल्हान इलाके से आते हैं, जहां विधानसभा की 14 और लोकसभा की 2 सीटें आती हैं। यदि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा मे शामिल होते हैं, तो विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में सत्तारूढ़ जेएमएम को बड़ा झटका लग सकता है। हालांकि, कुछ लोगों का कहना कि धरती नहीं हिलेगी, बस भाजपा को एक विधानसभा सीट का फायदा जरूर होगा। सूत्रों का कहना है कि उन्हें राजनीतिक चाल में फंसाया गया है और कोई भी विधायक उनके साथ नहीं हैं। मंत्री दीपक बिरुआ भी नहीं, जिन्हें उनका करीबी बताया जाता था। अब दीपक बिरुआ गुरुजी का चरण स्पर्श करते फोटो पोस्ट शेयर करते रहे हैं। सीएम हाउस से भी करीबी बने हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम का भाजपा में शामिल होना तय माना जा रहा है, पर जिस कोल्हान में दशकों से भाजपा का विरोध कर उसे रोकते रहे चंपाई यदि अब भाजपा में शामिल होंगे, तो अपने वोटरों को किस प्रकार समझाएंगे? हालांकि, उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से उनका छलका दर्द झारखंड में बिजली की तरह वायरल हो चुका है, पर विद्रोह के बाद उनका परिणाम भी कोल्हान की ही गीता कोड़ा की तरह न हो, यह भी संभावना बताई जा रही है। हालांकि, कोल्हान के लोगों का यह भी कहना है कि झामुमो का एक बड़ा वर्ग चंपाई के साथ है। चंपाई ने अपने पोस्ट में लिखा था कि अचानक हूल दिवस के दिन उन्हें सभी सरकारी कार्यक्रमों से अलग रहने को कहा गया। टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति पत्र बांटने की पूरी तैयारी हो चुकी थी, उससे रोक दिया गया। इससे बड़ा अपमान और क्या होगा? जो भी हो, कथित ऑपरेशन लोटस है भी या नहीं, आज स्पष्ट हो जाएगा।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## पैतोंगतार्न शिनावात्रा बनीं थाईलैंड की प्रधानमंत्री, मोदी ने दी बधाई



**बैंकॉक ।** थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गईं। थाइलैंड की संसद ने थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा को शुक्रवार को देश की नयी प्रधानमंत्री चुना था। पूर्ववती प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को इससे दो दिन पहले संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। पैतोंगतार्न अब थाविसिन की जगह फेउ थाई पार्टी की नयी नेता होंगी और उस गठबंधन का नेतृत्व करेंगी, जिसमें पार्टी की पिछली सरकार को अपदस्थ करने वाले तख्तापलट से जुड़े सैन्य दल शामिल हैं।

## यूक्रेन की राजधानी पर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल से हमला

**कीव।** रूस ने रविवार तड़के यूक्रेन की राजधानी पर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागी, जिसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है। कीव सिटी सैन्य प्रशासन ने बयान जारी करते हुए यह जानकारी साझा की। समाचार एजेंसी के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 5 बजे कीव में बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई, लेकिन उन्हें शहर के बाहरी इलाके में ही रोक दिया गया। बयान में कहा गया, यह अगस्त में राजधानी पर तीसरा बैलिस्टिक हमला है, वहीं खास बात यह है कि प्रत्येक हमले के बीच छह दिनों का अंतराल है।

### अहमदाबाद में 188 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता का प्रमाणपत्र सौंपा गया

# नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता मिली : शाह

एजेंसी



### सीएए संसद से पारित होने के बाद यह संभव हो सका

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में 188 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता का प्रमाणपत्र सौंपा। इस मौके पर शाह ने कहा कि अब ये सभी लोग भारत के नागरिक कहलाएंगे, गर्व के साथ जीवन जी सकेंगे। यह 188 नागरिक अन्य शरणार्थियों के लिए एक उदाहरण होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नागरिकता प्राप्त करने वाले इन लोगों की संतानें आगामी समय में उद्योगपति, जनप्रतिनिधि जैसे पद प्राप्त कर देश सेवा करेंगे।

अहमदाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नागरिकता प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि, मेरे गृह राज्य गुजरात में इन परिवारों को नागरिकता प्रमाणपत्र प्रदान करने पर के लिए गुजरात सरकार एवं जनगणना विभाग को विशेष धन्यवाद देता हूं। अतीत में हुए अन्याय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 से 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान आदि देशों से प्रताड़ित होकर भारत आने वाले नागरिकों को अब तक नागरिकता न देकर देश में भी प्रताड़ित किया गया, परंतु नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के पद संभालने के बाद शरणार्थी नागरिकों को न्याय व नागरिकता, दोनों मिले हैं। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हुआ और पड़ोसी देश के अल्पसंख्यक समुदायों पर अनेक प्रकार के अत्याचार किए गए। कुछ ने परिवार खोए, तो कुछ ने जीवनभर की मेहनत से बनाई संपत्ति खोई, परंतु उन्हें न्याय नहीं मिला। अंततः दशकों से अधूरा रहा कार्य नरेंद्रभाई ने पूर्ण किया।

### गरीबों, युवाओं, किसानों तथा महिलाओं के विकास को लक्ष्य बना कर किया जा रहा कार्य

शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) संसद से पारित होने के बाद कानून बना। इस कानून के तहत आज 188 नागरिकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जा रहे हैं। अन्य शरणार्थियों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने उनसे नागरिकता के लिए तेजी से आवेदन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश के गरीबों, युवाओं, किसानों तथा महिलाओं के विकास को लक्ष्य बना कर कार्य कर रही है। दूसरी ओर, भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं शक्तिपीठ पावागढ़ की कायापलट कर सरकार ने विरासत का संरक्षण भी किया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री का जो कहना, वो करना का संकल्प रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्णायक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि आतंकवाद व नक्सलवाद का मजबूती से खात्मा कर देश को सुरक्षित किया है। इस अवसर पर राज्य की जनगणना निदेशक आद्रा अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में नागरिकता संशोधन अधिनियम को भारतीय संस्कृति की करुणा एवं उदारता के प्रतीक के समान बताया।

### राहुल गांधी का मोदी सरकार पर बड़ा आरोप, कहा

## 'आरएसएस के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर रही सरकार'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने हाल में वढरउ की ओर से कुछ पदों पर भर्ती के लिए निकाले गए आवेदन पर सवाल उठाते हुए सरकार पर यह आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार वढरउ के स्थान पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) के जरिए महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार संघ लोक सेवा आयोग की बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्तियां कर रउ, रळ और डइउ वर्ग के आरक्षण को खुलेआम चुनौती दी जा रही है।

## व्यक्तिगत, राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्र हित की अनदेखी उचित नहीं : जगदीप

एजेंसी

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि राजनीतिक विचारों में अंतर लोकतंत्र की खूबी है, लेकिन इसके लिए राष्ट्र हित की अनदेखी नहीं की जा सकती। जयपुर में जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान के देहदानी परिवार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में देखा जा रहा है कि



व्यक्तिगत हित और राजनीतिक स्वार्थ को राष्ट्र हित से ऊपर रखा जा रहा है। अच्छे और बड़े पद पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा दिखाते हैं कि देश में कुछ भी हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, "हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम किसी भी हाल में राष्ट्रीयता को तिलांजलि नहीं देंगे। अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है। राजनीतिक मतांतर प्रजातंत्र की खूबी है, पर यह तब तक ही है जब तक राष्ट्र हित को तिलांजलि न दी जाए।

## तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण से बचना लगभग असंभव

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत में 26/11 मुंबई हमले में शामिल तहव्वुर हुसैन राणा को बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने भारत को सौंपने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि है और इसके तहत तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। इसके बाद राणा का प्रत्यर्पण लगभग तय है। हालांकि



उसके पास सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प है, लेकिन वहां सुनवाई की उम्मीद भी बेहद कम है। न्याय विभाग के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में जितनी अपीलें दायर होती हैं, वह उनमें से एक प्रतिशत से भी कम की सुनवाई करती है। मामले की सुनवाई करने वाली अपीलीय अदालत ने अपने फैसले में कहा, "भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को प्रत्यर्पित किए जाने की अनुमति है।" तहव्वुर हुसैन राणा (63) ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अमेरिका के अपीलीय अदालत में याचिका की थी। अदालत ने तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका खारिज कर दी। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि आतंकवादी हमलों में उसकी कथित भागीदारी को लेकर उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। पैनल ने माना कि तहव्वुर हुसैन राणा का कथित अपराध अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आता है। इस फैसले के बाद तहव्वुर राणा के जल्द भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तहव्वुर राणा साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले में वांछित है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** एमई नेटवर्क इंजीनियरिंग दो वर्ष की अवधि वाला पोस्टग्रेजुएट् डिग्री कोर्स है। यह कोर्स कंप्यूटर विज्ञान और उसकी एप्लीकेशन से सम्बन्धित है। मैथमेटिक्स, फिजिक्स और कंप्यूटर साइंस आपके मुख्य विषय होने चाहिए। नेटवर्क इंजीनियरिंग में इंजीनियर्स प्रोजेक्ट्स बनाने और आगे के डेवलपमेंट के साथ-साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क इंजीनियर के एक एफिशिएंट मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इस कोर्स को करने के बाद में आपकी जॉब के विकल्प और कार्य की संभावना दोनों बढ़ जाते हैं।

# नेटवर्क इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना भविष्य



### एमई नेटवर्क इंजीनियरिंग क्यों चुनें

- यदि आपकी हमेशा से इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी में रुचि रही है और उसी में करियर बनाने का लक्ष्य रखते हैं।
- जैसा कि आपको पता है टेक्नोलॉजी लगातार आगे बढ़ रही है, आप लगातार इंट्रेस्टिंग और नई चीजें सीखेंगे जिनसे आपकी टेक्नोलॉजी को समझने में वृद्धि होगी तथा अन्य लोगों से पहले आप उस एनवायरमेंट में काम करने के लायक हो जायेंगे। और यदि आप एक टेक्नोलॉजी लवर हैं तो आप इस काम से कभी उबेंगे नहीं।
- एक नेटवर्क इंजीनियर की भूमिका रिपेटिटिव हो सकती है, लेकिन इसके साथ ही इस काम में आपको कई बार चैलेंजिंग सिचुएशंस को सॉल्व करने के लिए "आउट-द-बॉक्स" सोचने की आवश्यक पड़ती है। यदि आप ऐसे चैलेंजेज के लिए तैयार रहते हैं तो यह आपके लिए सबसे बेस्ट विकल्प है।
- नेटवर्क इंजीनियरिंग की भूमिका में आपके पास कई सारे बेनिफिट्स और विकल्प होते हैं, यह एक वैल्युएबल पोजीशन है जिसमें आपके पास डिपार्टमेंट्स और एम्प्लॉयज के डाइवर्स ग्रुप के साथ काम करने का मौका मिलता है। इसके साथ साथ आपके पास इस जॉब में हमेशा लर्निंग और इवोल्विंग के मौके रहते हैं

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग बेंगलुरू
- अटल बिहारी वाजपई इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर
- सिद्धागंगा इंस्टीट्यूट ऑफ तुमकुर
- रमैया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बेंगलुरू
- आरवी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग बेंगलुरू
- मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी भोपाल
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चंडीगढ़
- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग विशाखापट्टनम
- मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मणिपाल

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

1. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
2. स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
3. हार्वर्ड विश्वविद्यालय
4. कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी - Caltech
5. मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
6. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
7. यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले
8. येल विश्वविद्यालय
9. प्रिंसटन विश्वविद्यालय
10. शिकागो विश्वविद्यालय
11. इंपीरियल कॉलेज लंदन
12. जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय
13. पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी
14. ईटीएच ज्यूरिख - स्विस फेडरल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
15. कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए)
16. कोलम्बिया विश्वविद्यालय
17. टोरंटो विश्वविद्यालय
18. ड्यूक विश्वविद्यालय
19. कॉर्नेल विश्वविद्यालय
20. मिशिगन यूनिवर्सिटी

*करियर विकल्प डिग्री हांसिल करने के बाद कई टॉप इंडस्ट्रीज में काम कर सकते हैं। कुछ टॉप इंडस्ट्रीज और टॉप रिक्रूटर्स की लिस्ट नीचे दी गई है:*

- कॉलेज/यूनिवर्सिटीज
- हेल्थ केयर इंडस्ट्री
- मैन्युफैक्चरिंग
- आईटी सेक्टर
- गवर्मेंट ऑफिसेज